# THE BENGALI DRAMA

## and

# THEATRE*

by Dr. Amar Mukerji

THERE were only two important books on the Bengali stage—the late Brajendranath Banerji's classic Bengali book "Bangiya Natya-Shalar Itihash" a storehouse of basic information culled from contemporary records and Hemendranath Das Gupta's "Indian stage" of which a major portion is devoted to Bengali Drama. Mr. Dasgupta has also a handlist of the important Bengali plays staged with details about the theatre, producer, actors etc. There are several other histories of Bengali drama with occasional references to the theatre including one in English by Dr. Guhathakurta.

The present book "Banglar Natak o Natya-shala" written in Bengali by one of the greatest living dramatists in that language who is also intimately associated with various theatre movements in the region, combines in it the unique quality, first of correlating the study of the Bengali drama with the theatre in which it grew; secondly, of viewing this movement in the light of Indian social conditions, and finally, of relating these to world dramatic movements.

Divided into twenty sections, the book starts with a restatement of the Indian dramatic tradition in the light of social conditions, and soon comes to the beginnings of the Bengali drama brought about, not as much by the impact of the western influence, as by the growth of a new aristocratic society priding itself partly in glamour, partly in nationalism. The native yatra tradition was not neglected as it is sometimes mistakenly understood as the burden of keeping the drama alive fell on the middle-class youth of the country intent on preserving the traditional Indian art. The urge for a national theatre was felt as much as the desire to open its portals to the common man and it was in the hands of Girish that Bengali drama became both Bengali and drama.

The 1876 Act indirectly symbolised the high measure of correlation that Bengali drama has established with the people by seeking to bring about an awareness of a social order which must seek its fulfilment in native genius. Girish's efforts at nationalising drama was therefore in its true sense a real national effort backed by his own understanding and interpretation of Bengal's social pattern as much by a relative evaluation of eastern and western techniques in regard to this.

The Girish-Kshirodprasad-Dwijendralal Age of Bengali drama may therefore be taken to symbolise the upsurge of the various movements that not only swept Bengal but the European continent as well. India was in the throes of a severe ideological conflict, the rise of the new middle class, the urge for freedom, the search for one's own guiding principles, and for India in particular, the desire for evaluating the traditional view of life against the western forces. The issues more or less weighed with the dramatists as much as the audience—weighed, I should say, with the dramatist in the

*A Review of Banglar Natak O Natyashala (in Bengali) by Mr. Sachin Sengupta.

audience, and groups of dramas like Chhatrapati Shivaji and Mirkasim, Gairik Pataka and Karagar, Shahjahan and Sirajuddaula, as Mr. Sengupta says, maintain the emphasis on the constructive aspect of drama. The problem of the individual was more effectively sought to be interspersed with that of the society (p. 36) and the gradual infusion of realism in romance brought about, again as Mr. Sengupta rightly emphasises, the growth of naturalism which was wavering in the theatre between symbolism and realism.

The clear emphasis was on the western idea of choreography, whether in production or in technique, and here the Bengali drama went farther away from the Bengali novel in intensifying the conflict between the individual and the society. This had its influence on the Bengali audience which, as Mr. Sengupta excellently indicates, gradually trained itself to respond to new impulses. By a careful analysis of the success and failure of several plays, often with similar themes, Mr. Gupta indicates the trend of the Bengali audience.

Here in Bengal, as elsewhere, could be seen, working precisely the forces which had made the western audience with the difference that in Bengal the process had been a bit slow. In keeping with this demand Bengal's effort to discover and evolve its own dramatic form involved a constant adoption and rejection of western styles, with the final emergence of the all-powerful director in whose hands the threads of the play were ultimately left. The private theatre of Tagore, however, emphasised the joint effort, symbolic further of a great community participation. In a way the Tagore plays staged irregularly in the public theatres, acted as correctives to many of the latter's evils, drawing attention to the mysteries of the spiritual world against those of the material.

The impact of this on the nature and form of Bengali tragedy has very aptly been analysed by Mr. Sengupta whose focus on the Indian tradition of tragic renunciation makes, I think, the most significant point in the book. It is here, that we must search for, as Mr. Falk has anticipated in his book, the dramatic style in a world where neither murder and rape, nor loot and pillage would ultimately matter.

In his assessment of the plays of Tagore Mr. Sengupta reveals an amount of wisdom and theatrical shrewdness not found in many Bengali critics. He does not accept that the glory of a country's dramatic tradition depends merely on plot, theme and characterization but on its native tragic outlook integrated into its thought process. Such a view alone, partly accepting the Christian view of tragedy and partly rejecting it, could embody the true Indian spirit where the growing consciousness of the infinite in the finite self through a series of conflicts was more valuable than the western ideas of tragic waste. This notion of tragic waste, the Indian view of life does not encourage. The tragic outlook, as Raja O Rani, Bisarjan or Raktakaravi indicate, lies in the struggle not with any destiny but with the very nature of man's inner being, which lends itself to tragic experience. The sacrifice of the infinite to the finite belongs in Tagore to the realm of tragic experience where the sense of suffering consequently ends with moral triumph. This might slightly ameliorate the intensity of conflict but therein, precisely, lies, as Mr. Sengupta says, the glory of Kalidasa's art.

It is here that Tagore has made his contribution to world drama, a fact which has not yet been fully realised in India. But the movement in the public theatre had perforce to go into different channels to which Sisirkumar's emergence gave a new fillip. The success and failure of his various plays make interesting studies in public response to the novelty of stagecraft as well as to too liberal exploitation of well known themes. The rising dramatists of that period including Mr. Sengupta (the author of the present book) could hardly escape from Bhaduri's efforts at making the theatre realistic in consonance with a high standard of intellectually qualified and interpretative acting supported by the designs of Charu and Jamini Roy and light effects of Mr. Satu Sen. Dramatists like Mr. M. Roy, Mr. B. Bhattacharya, Mr. Jaladhar Chatterji and others responded to the new theatre mechanism by constructing their plays to suit its emergencies; first, by a fast action brought about by a readjustment of the earlier scenic division; secondly, by shortening speeches and deleting soliloquies; thirdly, by utilising full pictorial effects almost four dimensional in their intensity; and finally by adhering to a certain repertory.

The method had its advantages and disadvantages, and from the latter it was particularly difficult to escape. Mr. Sengupta describes in detail the efforts he had to make to achieve this with varying degrees of success though he, along with others, did succeed in fostering in

the theatre a sense of revolt by creating new dramatic situations (c. f. Raktakamal), by substituting inner conflict for outer conflict, by extending the range of human consciousness made so convenient by the new psychology, and finally, by asserting in the most unexpected manner the indigenous values against the western ones. This paved the ground for Navanna, Chendra Tar, Natun Ihudi and others which pointed the way to the new drama that was neither sheer naturalism nor so much sentimental tragedy.

Against this background Mr. Sengupta's study of the acting method of the greatest actor of today, Mr. Ahindra Choudhury, completes the picture of corresponding efforts at modernising stagecraft. When the Bengali theatre fulfils the other ten points suggested by Mr. Sengupta, it will certainly be ranked with the greatest in the world.

# ORDEAL 1857*

A historical play, though ostensibly a simple proposition, is always a challenge to the playwright's genius, his imaginative control, his technical skill. A historical play creates the multifariousness of life through the palpable brevity of the drama form. The playwright must have the capacity to absorb the spaciousness of the historical pattern into the immediacy of the drama. On the one hand, the abundance of the historical material has to be made tractable to the cogency of the drama; and on the other, it has to be saved from being too servile to the drama form lest it becomes irrelevant. Undoubtedly, historical events do tempt playwrights particularly when those events have a significant place in the history of a nation. But the temptation is not so much for the historical pattern imaged in the events as for potency of those patterns to recreate the texture of implicit human experiences. The historical provides a stimulus, because it enfolds within itself significant moral issues of fidelity, power, intrigue, ambition and loyalty. The historical event is a colourful, fascinating image for the clash of moral motives behind the pattern of history. As such, the drama form has to preserve not only the complicated expansiveness of the historical material but, also, the palpable immediacy of the drama. The emergent ideas in history explode through the dramatic development of characters, their speech structures, and the magic of metaphors and images. Through the organic fusion of various sets of characteristics arises the composite, distinctive form called a 'historical play'.

I am forced to make this long preface to a short review of 'Ordeal-1857' not merely because this particular play is a failure in its genre, but because there have been too many historical plays of an indifferent quality written or produced in recent years. Most of our playwrights fail to recognise that a historical play is not so much a narrative of history communicated through the natural conversation of characters dressed in historical costumes, but an imaginative recapturing of concrete human experience in clearly controlled organisation of words. We do not ask how authentic the historical characters and episodes are. We only ask whether they embody aspects of a significant dramatic experience.

There are three major, inter-related flaws in this play. It has no dramatic centre to reveal the "deep moral significance" of the episode of 1857, and we, in no way, feel that it really was a "peoples' struggle", with which the claims of the rajas, nawabs, ranis and parasitical landlords were confused. There does not seem to be a central dramatic experience, and, if it is there, it is blurred by the absence of realised characters. Out of a large number of twenty-one characters, excluding women-soldiers in burqah, the Kahars, the soldiers in the British uniform, soldiers, men and women servants, messengers and musicians, no one appears to have any living dramatic quality. This undifferentiated crowd, at times loses itself into the lifeless furniture on the stage, producing suffocation. Most of the characters are immobile statues who borrow their words from the playwright and suffer to utter them. Neither Bakht Khan nor Mohd. Yusuf has any articulated vitality. Consequently, Professor Mujeeb injects significance by irrelevant artifice of morally-infected people jerked on

* *M. Mujeeb : Ordeal-1857* a historical play, Asia Publishing House, Bomhay Rs. 4.75.

the stage to utter their pious resolutions. Then the language becomes an embarrassing, if not exasperating, medium of dramatic communication.

This brings me to the question of dramatic linguistic structures in this play. Despite the fact that 'Ordeal-1857' is a translation from Urdu, and even despite the difficulties of transferring from one language to another, I think, the play does not create the linguistic equivalent of the experience. Drama produces its magic through words and the characters who utter them. In this play the diction is flat, the tones monotonous and the constructions irritating. When Sidhari Singh enters with ten or fifteen soldiers in the Dewan Khana of Mirza Mughal, Mirza Mughal says in a naive way, "Hallo! Hallo! What's this?" Even the disconcertedness of Mirza Mughal is communicated in an awkward manner: "I say! I say! What are you doing?"

However, the play opens with an unbearably slow tempo in the Dewan Khana of Mirza Mughal's palace, with Mirza Mughal seated on a masnad, surrounded by a crowd of suffocating human furniture, leaving no elbow-room whatsoever. The trivial conversation cannot communicate the complexity of certain moral issues that are claimed to be involved in the events of 1857. With Munni's song, the play becomes static. Only, when Ahsanullah enters the scene, that there is a semblance of the dramatic which, I am afraid, is allowed to degenerate into the melodramatic stuff of Sidhari Singh and his soldiers. The crowd of people, collected on the stage for spectacular effects, yawns when the conversation centres round Munni, the sentimental courtesan, Mirza Mughal, Raja Sahib, Ahsanullah and Sidhari Singh. Through this confusion we can feel some semblance of a possible dramatic pattern, but, unfortunately, we are shifted to the Lady's quarter of Ahsanullah's house where the virtuous, patriotic Mohd. Yusuf stealthily enters the bedroom of Salma to inform her of his pious resolution to serve the country rather than spend all his life in married luxury. This scene has the usual sentimental sob-stuff, the usual misunderstanding and the usual paraphernalia of quick magical conversions of attitudes. At any rate, one thing becomes clear: the people of the country were prepared to risk everything to free themselves from foreign rule. Act III takes us to the big dalan of Bakht Khan in order to reveal to us the variety of appeal that the movement for freedom had for the various cross-sections of society. Though manipulated with discursive artifice, it, at least, jerks the play forward. Act IV is divided into three quick-succeeding scenes to show the complicated expansiveness of the events of 1857, and the final defeat of the people epitomised in the death of Munni. The last act sucks the last few drops of sentimental piety that might be left in a few representatives of this struggle of the people for freedom.

'Ordeal-1857' is, undoubtedly, a heroic attempt to prove the events of 1857 as the peoples' struggle, but, I doubt, if the drama in the country is any the richer for that heroism. A play is more than a thesis, a drama more than discursive conversation, and a character more than a mouthpiece.

M.M. Bhalla

# १८५७ की दिल्ली

महेश्वर दयाल



(परदा उठने से पहले)

भाट—यह दिल्ली वो दिल्ली है, जिसका सुहाग बार-बार लुटा फिर भी सदा सुहागन ही कहाई। सल्तनतें ग्राबाद हुईं, बरबाद हुईं पर इसका चमन यूंही हरा-भरा रहा। इसकी ज़मीन में वो कशिश है कि जो यहां ग्राया बस यहीं का हो रहा। दिल ले लेती है हर किसी का। जभी तो इसका नाम दिल्ली है। ग्राइये। ग्राज ग्रापको भी १८५७ की उस दिल्ली में लिए चलते हैं जिसकी बोली ठोली का लुत्फ़ ही कुछ ग्रौर था।

यह दिल्ली ग्रौर दिल्ली वालों की कहानी है। कहानी नहीं हकीकत है। ग्राप इस ड्रामे में न बादशाह सलामत देखेंगे न बेगमात ग्रौर शहज़ादे, न ग्रंग्रेज़ ग्रौर न देसी सिपाही। बस सिर्फ़ दिल्ली के चन्द शहरी। शरीफ़ ग्रौर भलेमानस गुण्डे ग्रौर बदमाश कमज़ोर ग्रौर डरपोक, बहादुर ग्रौर जवां मर्द।

हां, तो फागुन का समां है ग्रौर मुंशी जी का मकान।

(परदा उठता है)

मुग़लिया ज़माने का एक दुमंज़िला मकान। बीचों बीच एक सहन है सहन में एक फ़ुव्वारा है। स्टेज के बाईं तरफ़ दीवानख़ाना है ग्रौर दाहिनी तरफ़ ज़नानख़ाना है। सहन के सामने महराब दार ड्योड़ी है। ड्योढ़ी में ऊपर की मंज़िल में जाने की सीढ़ियां हैं। ड्योढी का दरवाज़ा गली में खुलता है।

(नत्थू ऊपर की मंजिल से नीचे ग्राता है। कंधे पर झाड़न पड़ा है, हाथ में झाड़ू है। मसनद पर बिछे फ़र्श की सिलवटें निकालता है। सब चीजें करीने से रखता है। काम करता जाता है। गुनगुनाता जाता है। गली का चौकीदार दाख़िल होता है। एक हाथ में लठ ग्रौर दूसरे में लालटेन है।)

चौकीदार – नत्थू भैया! होली गा रहे हो क्या?

नत्थू – (मुड़कर) ग्रो! चौकीदार जी? तुम? राम-राम।

चौकीदार – जै राम जी की। (तम्बाकू फांकते हुए) कहो, क्या इरादा है? छनेगी क्या?

नत्थू – ग्ररे भैया कैसी भंग ग्रौर कैसी दारु! नत्थू-राम तो यूंही मस्त है। मुन्शी जी के बच्चे भले ग्रौर हम भले। हमें कहां फ़ुर्सत इन बातों की . . . ग्रौर फिर ग्राज तो होली का दिन है। ग्राज तो वैसे ही ऊधम मचेगा महमानों का ग्राना-जाना रहेगा।

चौकीदार – शहर में ग्राज बड़ी हलचल है। जिधर देखो ग्रादमी ही ग्रादमी।

नत्थू – होली का दिन जो हुग्रा। लोग रगंरलियां मना रहे हैं।

चौकीदार – नहीं भाई! यह बात नहीं, मामला कुछ ग्रौर ही है।

नत्थू – तो फिर क्या बात है?

चौकीदार – लोग बहुत बेचैन दिखाई देते हैं।

नत्थू – क्यूं?

चौकीदार – किसी ने कल रात जामा मस्जिद की दीवार पर एक इश्तहार चिपका दिया। बस, भड़क उठे हैं सब लोग।

नत्थू – कैसा इश्तहार?

चौकीदार – एक क़ागज़ का पुर्ज़ा सा कहते हैं कोई लगा गया . . . . ग्रौर पता नहीं कहां ग़ायब हो गया?

नत्थू – यह तो सुन लिया ! पर लिखा क्या था उसमें ?

चौकीदार – कहते हैं, थोड़े दिनों में जंग होने वाली है। बाहर से बादशाह ग्रा रहे हैं।

नत्थू – ऐसे ही किसी ने उड़ा दी होगी . . . यह दिल्ली है दिल्ली ! होगा कोई मस्त कलंदर ।

चौकीदार – मस्त क़लंदर नहीं। एक फ़रिश्ता । रात को ग्रासमान से उतरा ग्रौर इश्तहार लगा कर उड़ गया ।

नत्थू – तू चौकीदारी करे है, या सोवे है ? फ़रिश्तों के सुपने ग्रा रहे हैं इसे ।

चौकीदार – तू तो कभी मेरी बात मानता ही नहीं। हर वक़्त हंसी उड़ाता है। बाहर जायेगा तो खुद ही पता चल जायेगा ।
(चौकीदार डयोढ़ी की तरफ जाता है)

नत्थू – (ग्रावाज़ लगाकर) ए भय्या ! चौकीदार । ये लालटेन ग्राज ड्योढ़ी में मत रखना । होली खेलने वाले ग्राते होंगे। कोई ऐसी ठोकर मारेगा कि लालटेन की किरचें भी नहीं मिलेंगी ।

चौकीदार – तो कहां रक्खूं फिर ?

नत्थू – ऊपर ले जा, कुठरिया में मेरी ।

(चौकीदार ऊपर जाता है, गुलशन ग्राती है)

गुलशन – ग्रय हय, फिरते-फिरते कमर टूट गयी ! ग्रय नत्थू ! ग्रो नत्थू !! ज़रा टोकरा तो उतरवाइयो !

नत्थू – ग्रो, हो। ग्रा गई बी नखरीली हुकुम चलाती। सबेरा हो गया बी गुलशन का ।

गुलशन – बोझ-तले दम निकला जा रहा है। ले ग्रब उतरवा भी दे।

नत्थू – जरा सब्र करो बी। कमरा तो साफ़ कर लूं।

गुलशन – (परेशान होकर) खुदा की क़सम । देखो तो सही। कैसा इन्सान है ? ज़रा हाथ लगवा दे ना ।

नत्थू – नज़ाकत तो देखो ।

गुलशन – तुझे दिल्लगी सूझ रही है, यहां जान पर बनी है ।

नत्थू – चार चूड़ियां टोकरे में हैं ग्रौर कहती हैं जान पर बनी है।

गुलशन – हाय ग्रल्ला ! इतना झूठ? तौबा-तौबा इतने लच्छे चूड़ियों के सिर पर धरे हैं। इस दीदे फूटे को चार ही नज़र ग्रा रहे हैं।

नत्थू – ग्रच्छा, ना करने दे काम । चल पहले तेरा टोकरा ही उतरवा दूं ।

(नत्थू टोकरा पकड़ता है।)

गुलशन – (टोकरा उतरवाने से पहले) ग्रल्ला तेरी उमर में बरकत दे, साहिबे इक़बाल बनाए !

नत्थू – फिर वो ही बात ? ख़बरदार जो मुझे कोसा ।

गुलशन – ग्रय, तुझ पर खुदा की मार । कैसा जुल्मी है। मैं तो दुग्राएं दे रही हूं ग्रौर यह उल्टा मुझे बुरा भला कह रहा है ।

नत्थू – न मुंह में दांत, न पेट में ग्रांत। बद दुग्राएं दे देकर मुझे मारने का इरादा है क्या ? में कौए खाकर थोड़े ही ग्राया हूं। ग्रब कब तक जिऊंगा ।

गुलशन – अच्छा, अब उतरवा भी दे। बोझ, सहा नहीं जाता।

(नत्थू टोकरा उतरवाता है। गुलशन फसक्कडा मार कर बैठ जाती है।)

(चौकीदार नीचे आता है। गुलशन के पास आकर खड़ा हो जाता है।)

चौकीदार – बी सलाम।

गुलशन – सलाम भाई सलाम ! अच्छे हो ?

चौकीदार – क्यूं नत्थू ! गुलशन से पूछूं शायद इसे मालूम हो।

नत्थू – तुझे तो एक बात की धुन लग जाती है। इस बेचारी को क्या मालूम !

गुलशन – क्या हुआ ?

नत्थू – अरी भागवान, अपने सर से इंडवी तो उतार ले।

गुलशन – हाय ! मैं तो भूल ही गई ! (इंडवी उतार कर) हां, अब सुना ?

चौकीदार – तूने सुना। यह सब लोग इश्तहार की बात........!

गुलशन – (चौंककर) इश्तहार, कैसा इश्तहार ?

चौकीदार – जामामस्जिद पर रात बड़ी भीड़ थी।

गुलशन – जामामस्जिद पर भीड़ न होगी तो क्या तेरे घर पर होगी ?

चौकीदार – ऐसी भीड़ तो न ईद पर देखी न बकराईद पर।

गुलशन – अय में भी कहूं क्या कह रहा है। वो जामामस्जिद वाले इश्तहार की बात ! ईरान का बादशाह आ रहा है। हुजूर। जहांपनाह नें बुलाया है, अपनी मदद को।

नत्थू – (चौकीदार की तरफ इशारा करके) इसने फ़रिश्ता देखा।

(गुलशन की तरफ़ इशारा करते हुए) और इसने ईरान का बादशाह ! (अपनी तरफ इशारा करते हुए) हम कोरे के कोरे रह गये।

चौकीदार – हैं ! गुलशन ईरान का बादशाह ? और क्या लिखा था इश्तहार में ?

गुलशन – अय ! में क्या जानूं, मेरे लिए तो काला अच्छर भैंस बराबर।

चौकीदार – बी, कुछ सुना तो होगा।

गुलशन – हां ! हां !! यही कि, रूस की फौजें आ रही हैं, इन मुए फिरंगियों को मारणे।

नत्थू – सुन लिया चौकीदार—फ़ौजों की सरदार है यह ! जा ! भई जा !! अपना काम कर। इसकी बातों में कहां आ गया यह सब चण्डूखाने की ख़बरें हैं—आ जायगा जिसे आना होगा। हमें क्या ?

(नत्थू चलता है।)

गुलशन – अरे हां तेरा क्या जाय कोई भी आए तू तो बस पड़ा पड़ा ऐंडा कर। (चौकीदार से) क्यूं जी। चौकीदार जी अब तुम ही बताओ हमारा मुल्क, हमारा बादशाह हमारा रुपया पैसा, सब छीन लिया, इन मुए फरंगियों ने—गुस्सा न आए ?

नत्थू – (पलटकर) हथौड़ा दे मार इनके सर में........जैसे यह ही कुछ कर लेगी।

गुलशन – तू मत बोल । तू तो चूड़ियां पहन ले चूड़ियां । हां ! हां !! हमारे बस का जो कुछ होगा, करेंगे । औरतों को समझा क्या है तूने ।

(नत्थू अन्दर चला जाता है)

चौकीदार – लेकिन गुलशन इन फ़िरंगियों से कौन लड़ेगा किस की ताक़त है ?

गुलशन – जिसे दुख होगा, जिसे तकलीफ़ पहुंचेगी । आज दिल्ली में कौन ऐसा है जो खुश हो । सब तंग आ चुके हैं । क्या बादशाह, क्या रय्यत, सब को तबाह कर डाला इन फ़िरंगियों ने । ग़ुलाम हो कर रह गए हैं ।

चौकीदार – तू ठीक कहती है गुलशन ? इस ग़ुलामी की ज़िंदगी से तो आज़ादी की मौत अच्छी ।

गुलशन – और तो और ये कमबख्त हमारा दीनों ईमान बिगाड़ने पर तुले हैं । मज़हब बदलने की कोशिश . . . . . .

चौकीदार – क्या कहा गुलशन ! हमारे धर्म पर हमला ।

गुलशन – हां ! हां !! चाहते हैं सब ईसाई हो जाएं । ये मन्दिर और मस्जिद गिरजाघर बन जाएं ।

चौकीदार – क्रिस्तान बनाना चाहते हैं हमको ।

गुलशन – ग़रीब गुरबा क्या करें बेचारे, जबान खोल नहीं सकते, उनके पंजे में आ जाते हैं ।

चौकीदार – (कड़क कर) अगर इन फ़िरंगियों ने हमारे धर्म का नास किया तो हम उनका सर कुचल देंगे ।

(गामी खां डयोढ़ी से झांकता है ।)

गुलशन – (चौंक कर) हैं, यह कौन ?

चौकीदार – (पलटकर) क्या हुआ गुलशन ?

गुलशन – अभी अभी डयोढ़ी से कोई झाँक रहा था ।

चौकीदार – (ऊंची आवाज़ में) कौन है बाहर ?

(गामी खां अन्दर आता है ।)

गामी खाँ – माधो है, ज़रा बुलादो उसे—कहना गामी खाँ आया है, होली मिलने (आवाज़ देता है) माधो !

गुलशन – होली मिलने तू ? माधो से, तू उसका कब से दोस्त हुआ ?

गामी खाँ – तू कौन है बीच में दखल देने वाली...... मनहारन कहीं की !

गुलशन – अय खबरदार जो ज्यादा चीं चपड़ की गुद्दी से खींच लूंगी ज़बान । समझा क्या है तूने । हाँ नहीं तो...मैं तेरी सब बातें जानू हूं ।

गामी खाँ – जा जा ! किसी और पर धौंस जमा । जानती नहीं मैं कौन हूं ?

चौकीदार – (लठ उठाकर और गामी खां के क़रीब जाकर) कौन हो जी तुम शर्म नहीं आती, औरतों से लड़ते और घर में घुसते—जाओ बाहर जाओ—(गामी खां बाहर–जाता है माधो आंखें मलता हुआ आता है रात का बासी हार सूंघ रहा है)

माधो – यह सबेरे सबेरे हमें किसने पुकारा । जानते नहीं हम आराम फ़रमा रहे हैं । शर्म नहीं आती हमें जगाते ! हाय ! हाय ! कैसा हसीन ख्वाब था मज़ा किर-किरा हो गया ।

गामी खां – (बाहर से) माधो माधो ।

माधो – यह कौन कम्बख़्त चिला रहा है गला फाड़ रहा है ।

चौकीदार – अपना नाम गामी खां बताता है । कहता है मैं हज़ूर का दोस्त हूं ।

माधो – कौन ? गामी खाँ भई कमाल कर दिया । पहले से क्यूं न बताया । दोस्त कहते हैं मियां ! वो तो मेरा ज़िगरी है ज़िगरी... आया ! प्यारे आया ।

(माधो गुनगुनाता है मारे नैनवा के बान....! )

(माधो गाता हुआ बाहर जाता है ।)

गुलशन – ख़ुदा ख़ैर करे । मुझे तो लच्छन अच्छे नजर नहीं आते ! माधो की इससे दोस्ती अच्छी नहीं ।

चौकीदार – कौन था ये गुलशन ?

गुलशन – (चौकीदार को क़रीब बुलाकर समझाती है) बस ध्यान रखियो, मैंने जतला दिया है तुझे ।

चौकीदार – तू फ़िक्र न कर गुलशन ! ऐसे ऐसे मैंने कितने ही देखे हैं !

(नत्थू आता है. हाथ में दो पीढ़े हैं ।)

नत्थू – क्या बात है चौकीदार ! अभी तक यहां डटे हो ? उलझ गये गुलशन की बातों में ।

गुलशन – (चौकीदार से) तू बड़ा बहादुर मालूम होता है । तेरे जैसे ही तो बेड़ा पार करेंगे ।

(चौकीदार मूछों पर ताव देता है)

चौकीदार – एक दफ़ा मेरे हत्थे चढ़ जाएं ये फिरंगी फिर देखियो । मार मार कर कचूंमर निकाल दूंगा । (नत्थू हंसता है) नत्थू भय्या ! तुम्हारे बस का कुछ नहीं तुम तो इमली के पत्ते पर डण्ड पेलो ।

गुलशन – क्यूं रे नत्थू ! बहूजी से कह दिया । मनहारन बैठी है ।

नत्थू – हाँ ! हाँ !! कह दिया । अभी आ रही हैं । (चौकीदार जाता है गुलशन चूड़ियाँ खोलती हैं लच्छे ज़मीन पर रखती है, नत्थू पीढ़े बिछाकर जनानखाने की तरफ़ जाता है, बहूजी आती हैं ।)

बहूजी – (जनानख़ाने की ड्योढ़ी से) अय गुलशन तुमने तो ग़ज़ब कर दिया । इतना दिन चढ़ आया । (पास आकर) त्योहार के दिन तो जल्दी आना था ! अभी सब लोग आते होंगे, हम तो......

गुलशन – अय क्या बताऊं बहू जी । एक घर जाना हो तो कहूं, कहां जाऊं, कहां न जाऊं, लाला जी के, दीवान जी के, पंडित जी के, घर से निकली सीधी दरीबे गई, मोती बाज़ार रुकी, माली बाड़े अटकी और अब......

बहूजी – अच्छा गुलशन । सारे घरों में झांकती फिरो हो । कोई लड़का बन्नो के लिये भी तो बताओ । स्यानी हो गई अब कब तक घर में बैठी रहे ।

गुलशन – अय बहू जी ! तुम्हें शादी व्याह की सूझ रही है, कुछ ख़बर भी है दिल्ली में क्या होने वाला है ?

बहूजी – मुझे क्या मालूम क्या होने वाला है ? तू ही बता ख़बरों की पिटारा है तू तो ।

गुलशन – लो और सुनो ! अन्दर घुसी बैठी रहो, सारी दुनिया तो बातें कर रही है इन्हें पता ही नहीं ।

बहूजी – अरे बता भी चुक ।

गुलशन – अल्ला ने चाहा थोड़े दिनों में सब तरफ़ सुख ही सुख होगा, चैन की बंसी बजेगी, हमारे दुख दिलद्दर दूर होंगे, हमारा राज होगा । क़िले की आन दिल्ली की शान दुगुनी हो जायेगी ।

बहूजी – ये कैसी बहकी बहकी बातें कर रही हो गुलशन ? हमारा राज होगा, क़िले की आन दिल्ली की शान...यह मुए फ़िरंगी जा रहे हैं कहीं ?

गुलशन – एक भारी तूफ़ान आएगा, आँधियाँ चलेंगी, बड़े-बड़े पेड़ उखड कर हवा में उड़ेंगे, धरती हिलेगी, और फिर और फिर यह सितारे, यह चाँद, यह सूरज यह आसमान सब नाच उठेंगे ।

बहूजी – सुपना देखा है क्या ?

गुलशन – अल्ला करे मेरा सपना सच्चा हो, मैंने मन्नत मानी है मन्नत ! मैं तभी चैन से बैठूंगी जब इन फ़िरगियों का देश से निकाला होगा ।

बहूजी – तुम्हारा इन फिरंगियों ने क्या बिगाड़ा !

गुलशन – तुम भूल गई बहूजी, उन्होंने मेरा क्या नहीं बिगाड़ा ! मुख़बरी की झूठी शिकायत पर मेरे मियां को सरे बाज़ार बन्दूक के कुन्दों से ऐसा मारा कि लोहू लुहान कर दिया, कमबख्तों ने जान लेकर ही छोड़ी, मेरा भाई उन्हें बचाने गया तो उसको भी जेल में ठूंस दिया, मैं इन लाल मुंह वालों से बदला लेकर ही छोड़ूंगी ।

बहूजी – आहिस्ता बोलो गुलशन आहिस्ता । कहीं किसी ने सुन लिया तो ? दीवार के भी कान होते हैं । दिल्ली में कम्पनी का राज है ।

गुलशन – भाड़ में जाय ऐसा राज जहां न चैन न आराम ! मुए कहते हैं खलक़त ख़ुदा की, मुल्क बादशाह का और हुक्म कम्पनी बहादुर का ! (नाक भों चढ़ाकर) हूं हुक्म भी बाद शाह का क्यों नहीं ।

बहूजी – हाँ गुलशन सच कहती हो । अपना राज अपना ही होता है, इन फिरंगियों को हमसे क्या हमदर्दी...लेकिन हम औरतें बिचारी करें तो करें क्या ।

गुलशन – औरतें बहुत कुछ कर सकती हैं बहूजी । चांद बीबी भी औरत थीं, नूरजहाँ भी औरत थी... अहिल्या बाई, पद्मनी, सीता, सावित्री, ने क्या कुछ नहीं किया ।

बहूजी – (बात काट कर) तो क्या सचमुच हमारा राज होगा । वो दिन कितने अच्छे होंगे । मेरे तो ये माधो कन्हैया हज़ूर जहांपनाह के पास ही रहेंगे फिर ।

गुलशन – क़िला है तो सब कुछ हज़ारों की रोटी रोज़ी, हज़ारों की जिन्दगी इसी मे है, अल्ला करे हमारे दिन फिर जायें । और क़िले की शान दिल्ली की रौनक़ दुगनी हो जाए ।

बहूजी – आज होली का जश्न है । ये (मुंशी जी) आज लाल हवेली गए हैं, बस आएँगे तो हज़ूर जहांपनाह की करामात का हाल सुनाएंगे, क़िले में ये हुआ, क़िले में वो हुआ ।

गुलशन – जी चाहता है क़िले की बातें होती रहें और मैं सुनती रहूं ।

बहूजी – क़िले में गई हो कभी ?

गुलशन – अय ! मेरी क्या औक़ात ! पर एक मुंह बोली बहन है मेरी डंका बेगम की डयोढ़ी पर ।

बहूजी – हँसकर-डंका बेगम ?

गुलशन – अय ! तुमने सुना नहीं, नवाब ज़ीनत महल, मलकाए आलिया को अब तो सभी डंका बेगम कहते हैं, क़िले से लाल कुंएं जब अपने महल को जाती हैं तो डंका बजता है ।

बहूजी – बादशाह सलामत की चहेती बेगम और क़िले से दूर । यह क्यूं ?

गुलशन – (आहिस्ता से) कहियो नहीं किसी से! हज़ूर वाला से रूठ गई हैं शायद । अपने बेटे जवा बख़्त को वाली अहद बनाना चाहती हैं ।

बहूजी – अरी गुलशन ! यह तो बता यह सब के सब शहज़ादे तख़्त पर बैठेंगे क्या ?

गुलशन – हज़ूर वाला तंग आ गए हैं, पर जानते हैं यह सब काम फ़िरंगी का है बेचारे क्या करें, इसके सिवाय कि अपने दुख दर्द को रो लेते हैं । उनके आंसू शेर बनकर निकलते हैं । तुमने तो सुना ही होगा । (गुलशन ज़फ़र का शेर मरसिये के अन्दाज़ में पढ़ती है)

अए ज़फ़र, अब है तुझी तक इन्तज़ामे सल्तनत !
बाद तेरे न वाली अहदी न नामें सल्तनत !!

(गुलशन ज़ब्त नहीं कर पाती, आंसू निकल आते हैं, आंसू पोछती है । बहूजी चूड़ियां पहनाने को हाथ बढ़ा देती हैं । गुलशन चूड़ियां पहनाने लगती है ।)

कन्हैया बेटा कहाँ है आज, देखा नहीं चांद को, बहुत जी भटक रहा है ।

बहूजी – होली खेलने में मस्त होंगे ।

गुलशन – बस यूं कहूं थी, ध्यान रखना बच्चे का, पता नहीं ज़रा-सी देर में क्या से क्या हो जाए ।

बहूजी – क्यूं क्या बात है ? बताओ तो सही ।

गुलशन – इस फ़िरंगी को क्या समझा है तुमने ? रोज़ छोटे-छोटे बच्चों को पकड़ कर ले जाते हैं, और ईसाई बना लेते हैं ।

बहूजी – हैं ! क्या कहा गुलशन ! ऐसे बुरे हैं ये कम्बख़्त ? धर्म नष्ट कर रहे हैं । (कन्हैया आता है, बहू जी चलती हैं ।)

गुलशन – छोटी बड़ी बन्नों चूड़ियां नहीं पहनेंगीं ?

बहूजी – अभी भेजती हूं (कन्हैया को देखकर) बेटे कन्हैया ! मेरे चाँद कहाँ था तू ? ज़रा यहां तो आना ।

कन्हैया – अच्छा गुलशन तुम ! ठहर जाओ मैं गत बनाऊंगा तुम्हारी । अभी लाता हूं पिचकारी ।

(कन्हैया अन्दर जाता है छोटी बड़ी बन्नो भागती हुई आती हैं ।)

छोटी बन्नो – बी गुलशन ! आ गई तुम ! फ़ुरसत मिल गई ? अगली होली पर आ जाती तो क्या बिगड़ जाता । (पास आकर) कहां है मेरी गंगा-जमनी चूड़ियां कहती थी तेरे लिये नौगरियां, दस्तबन्द, कड़े, कंगन, झूमके जौशन लाऊंगी । अब ला ! ला !! (गर्दन मटकाती है)

(छोटी बन्नो एक गुच्छा चूड़ियों का उठा लेती है, गुलशन हाथ झटक देती है)

गुलशन – सब्र कर लड़की सब्र ! एक ही सांस में सब कुछ कह गई, मैं चूड़ीवाली हूं या जौहरन । जब आएगी, धौंस जमाती, (बड़ी बन्नों की तरफ़ इशारा करके) एक यह बहन भी तो है तेरी, कैसी सीधी है ? मेरी लाडो, चांद सा बन्ना आएगा इसका और तेरा तो किसी नकटे से ब्याह होगा ।

छोटी बन्नो – तुझ से तो अच्छी ही रहूंगी, तेरा तो बड़े नवाब गुलदुम से ब्याह हुआ था न ।

बहूजी – ख़बरदार ! अए बन्नो । न बड़ों का लिहाज न छोटों की शर्म ।

गुलशन – अए हां देखो तो सही लड़की को कैसी पटर पटर ज़बान चले हैं इसकी ।

बहूजी – चलो ! चलो ! ज़्यादा बातें न बनाओ, पहनों चूड़ियां जल्दी से ।

(गुलशन चूड़ियां पहनाना चाहती है लेकिन कभी छोटी बन्नों और कभी बड़ी बन्नों हाथ बढ़ा देती हैं)

गुलशन – अए पहनना है पहनो ! नहीं तो मेरी जान बख़्शो ! में चली ।

(गुलशन कुछ चूडियां दोनों लड़कियों के लिए निकाल कर रख देती है और अपनी पोटली बांधती है । बहूजी बटुआ खोल कर पैसे देती हैं )

बहूजी – लो गुलशन अपना हिसाब कर लो ।

गुलशन – जुग-जुग जीओ । दूधो नहाओ पूतों फलो ।

(बहूजी अन्दर जाती है गुलशन टोकरा उठाकर चलना चाहती है कि छोटी बन्नों सर से इंडवी उतार लेती है)

छोटी बन्नो – हम नहीं जाने देंगे । पहिले एक बात बताओ ।

गुलशन – अरे छोड़ो भी ।

बड़ी बन्नो – अय गुलशन । कल यहां एक बुढ़िया आई थी, लाल लाल आखें थी उसकी गुस्से में भरी थी, कहती थी में फ़िरंगी का ख़ून पिऊंगी ।

गुलशन – अच्छा ।

छोटी बन्नो – शायद एक बनजारन थी, बोली (नकल बनाकर) बच्चियों ! ज्वाला जाग उठी है, धरती फटेगी, और उन फ़िरंगियों को भस्म कर देगी ।

बड़ी बन्नों – कौन थी वह बुढ़िया ?

गुलशन – बात की पक्की कौल की सच्ची, उसकी बात झूठ नहीं होती ।

छोटी बन्नों – कहती थी सौ बरस हुए इन फ़िरंगियों के राज को अब इनका खात्मा समझो ।

बड़ी बन्नो – जिस दिन इनका राज ख़त्म होगा । में मिठाई बांटूगी, अपनी गुड़िया का ब्याह रचाऊंगी ।

(दूर गली में शोर सुनाई देता है, होली खेलनेवाले होली के नारे लगाते हैं । )

छोटी बन्नो – भाग जाओ, बड़ी बी भाग जाओ ! आ गए होली वाले ।

गुलशन – (बोखला कर) हाय अल्ला । ख़ैर ! उई अल्ला ख़ैर ।

(टोकरा उठाना चाहती है, उठता नहीं) नत्थू अय नत्थू, अरे मूंडी काटे तेरा सत्यानास जाए ।

(मुंशी जी आते हैं)

मुंशी जी – (गुलशन से) इतनी घबराहट, तोबा ! (गुलशन दुपट्टा नीचा कर लेती है) (छोटी बड़ी बन्नों मुंशी जी से लिपट जातीं हैं) बी गुलशन ! मिज़ाज़ बख़ैर ?

गुलशन – अल्ला का फ़ज़ल है जीती हूं सरकार !

मुंशी जी – ख़ास बाज़ार और ख़ानम के बाज़ार में सब अच्छे हैं ? काम-काज का क्या हाल है ?

गुलशन – अय हज़ूर ! अच्छे विच्छे क्या ? सब का काम मंदा है, अलबत्ता लुहारों की चांदी है आजकल । तलवार, बरछी, भाले का व्योपार अच्छा है । अब तो लाहौरी सर्राफ़ भी ये ही काम कर रहे हैं ।

छोटी बन्नो – पिता जी ! गुलशन कहती है थोड़े दिन में हमारा राज होगा । सच बात है ?

बड़ी बन्नो – बुढ़िया बंजारन भी यही कहती थी कि प्लासी की लड़ाई को सौ बरस हो गए अब फ़िरंगी का नाम मिट जाएगा ।

छोटी बन्नो – लड़ाई होगी क्या ?

बड़ी बन्नो – या यूं ही आंधी तूफ़ान में मर जाएंगे फ़िरंगी ?

छोटी बन्नो – अपने आप चले जाएं तो अच्छा है ।

मुंशी जी – कौन जाता है इस तरह बेटी । हिन्दुस्तान सोने की चिड़िया है । पिंजरे में क़ैद कर रक्खा है । गुलामी के बन्धन तोड़ने के लिए बड़ी कुर्बानी की ज़रूरत होती है बेटी ।
(गली में फिर शोर सुनाई देता है, छोटी बन्नो, बड़ी बन्नों अन्दर जाती हैं)

छोटी बन्नो – भाग आ ! जीजी भाग आ !! होली खेलने वाले ड्योढ़ी पर खड़े हैं ।
(दोनों लड़कियां अन्दर भाग जाती हैं गुलशन टोकरा उठाना चाहती है, मुन्शी जी क़रीब आते हैं)

मुंशी जी – काम ठीक हो रहा है गुलशन । हमें मौलवी साहब ने सब कुछ बता दिया है । तुम बहुत बहादुर हो, निडर हो । जामामस्जिद की दीवार पर इश्तहार का लगाना खेल नहीं ।

गुलशन – ये क्या फ़रमा रहे हैं आप ?

मुंशी जी – इश्तहार लग गया और किसी को कानों कान ख़बर ना हुई । अभी तो तुम्हारे ज़िम्में बहुत काम हैं ।

गुलशन – मेरे जिम्मे ?

मुन्शी जी – काम बहुत टेढ़ा है, लेकिन हम जानते हैं कि इन्कलाब की आग फैलाने में जो काम तुम कर सकती हो, कोई नहीं कर सकता ! मुन्शी जी गुलशन के टोकरे को हाथ लगवाते हैं, टोकरे में एक ख़ंजर नज़र आता है, मुन्शी जी ख़ंजर निकाल लेते हैं)

मुन्शी जी – (खंजर का मुलाहिज़ा करते हुए) मुहम्मद यूसुफ को ज़ानती हो ? वो जो ख़ानम के बाज़ार में रहते हैं ।

गुलशन – जी ! हां ख़ूब अच्छी तरह ।

मुन्शी जी – ग्राज रात उनका यहां ग्राना ज़रूरी है, बग़ैर उस नौ जवान की मदद के काम नहीं चल सकता ।

गुलशन – किसी न किसी बहाने ग्रापके पास भेज दूंगी ।

मुन्शी जी – यह ख़ंजर किस लिए है, गुलशन ?

गुलशन – शायद ग्रड़े भिड़े में काम ग्रा जाए, दिल्ली शहर में जासूसों की कोई कमी नहीं ।

(मुशी जी हंस कर ख़ंजर फिर टोकरे में रख देते हैं, नत्थू ग्राता है ग्रबीर गुलाल की थालियां रखता है, मुन्शी जी दीवानखाने में जाते हैं, कन्हैया भागा भागा ग्राता है ।)

कन्हैया – क्यूं बी गुलशन, भागती कहां हो । छोडूं बन्दूक ?

गुलशन – ख़बरदार कन्हैया ! जो––जो मुझे भिगोया, बन्दूक छोड़नी है तो किसी फ़िरंगी को मार मुझ गरीब ने तेरा क्या बिगाड़ा । ऐसा ही बहादुर है तो जा बादशाह की बछैरा पलटन में भरती हो जा ।

(गुलशन तेज़ी से बाहर निकल जाती है, मुन्शी जी ग्रंगरखा उतार कर दीवान खाने से बाहर ग्राते हैं । )

नत्थू – हजूर ! मुहल्लेवाले होली खेलने ग्राए हैं ।

मुन्शी जी – बुला लाग्रो भाई . . . . . . (नत्थू जाता है)

कन्हैया – पिता जी ! ग्राज ग्राप क़िले गए । होली के जश्न में हमें क्यूं न ले गए ?

मुन्शी जी – ग्रभी छोटे बहुत हो बेटा ।

कन्हैया – मैं एक बन्दूक लाऊंगा ग्रौर बछेरा पल्टन में भरती हो जाऊंगा । फिर रोज़ क़िले में जाया करूंगा ।

मुन्शी जी – हुज़ूर जहांपनाह बहुत खुश होंगे ।

कन्हैया – एक एक फिरंगी का निशाना बनाऊंगा । ताक ताक कर गोली मारूंगा ।

मुंशी जी – (कन्हैया को सीने से लगाकर) ग्रपने वतन पर मर मिटने वालों की ज़रूरत है बेटा ।

(चंद शहरी ग्राते हैं, मुंह पर गुलाला लगा है, किसी के गले में ढोल है, ग्रौर किसी के हाथ में मंजीरें हैं । होली है बे, होली है बे के नारे बुलंद होते हैं, मुंशी जी से होली मिलते हैं, गुलाल लगाते हैं ग्रौर ग्रबीर हवा में उछालते हैं । एक ग्रौर शहरी ग्रन्दर ग्राता है)

एक शहरी – क्यों भाई चुन्नी, कहां रह गए थे ?

दूसरा – ग्ररे साहब, क्या ग्रर्ज़ करूं, गुलशन की ज़बान है कि तलवार । ख़ूब ताने कसती हुई गई है हम सब को । मैं तो हैरान था यह क्या कह रही है ?

मुंशी जी – गुलशन ने कुछ कह दिया ।

चुन्नी – जी हां । कहने लगी, ग्राज तो ख़ूब टेसू की होली खेल रहे हो, थोड़े दिन में ख़ून की होली खेलनी पड़ेगी ।

(सब हंस पड़ते हैं, मुंशी जी ख़ामोश रहते हैं)

मुंशी जी – इसमें हंसने की क्या बात है ? गुलशन ठीक कहती है, ग्राज़ादी की देवी को एक न एक दिन ख़ून से नहलाना ही होगा ।

दूसरा – जी ! क्या फ़रमाया ?

मुंशी जी – आपको क्या मालूम मुल्क में क्या हो रहा है, यह कम्पनी वाले क्या कर रहे हैं ।

एक शहरी – कौन यह फ़िरंगी ?

मुंशी जी – आप तो ऐसे पूछते हैं जैसे कुछ दीन दुनियां की ख़बर ही ना हो, लूट मार कत्ल और ख़ून, क़ैद, जलावतनी, कम्पनी के राज में आम हो गई है । रियासतों की ख़बरें सुनेंगे तो दंग रह जायेंगे ।

दूसरा – कुछ बताइये तो सही ? हम दिल्ली वालों को क्या खबर, बाहर रियासतों में क्या हो रहा है ।

मुंशी जी – एक-एक रियासत का ख़ात्मा करके आहिस्ता-आहिस्ता सारे मुल्क को निगल रहे हैं ये, नागपुर और सितारा में जो कुछ हुआ वो कोई भूल सकता है ?

एक – नागपुर और सितारा में ?

मुंशी जी – महलों को लूटा, रानियों की बेइज्ज़ती की, एक-एक को कौड़ी-कौड़ी का मुहताज किया । अब अच्छे-अच्छे राजे महाराजे दर-बदर की ठोकरें खा रहे हैं ।

दूसरा – अवध में भी तो इन फ़िरंगियों ने धांधली और सीनाज़ोरी से काम लिया ।

एक शहरी – कम्पनी बहादुर ने ज़बरदस्ती लखनऊ पर क़ब्ज़ा कर लिया । नवाब वाजिदअली शाह को कैद कर लिया ।

मुंशी जी – लखनऊ के रहने वाले अपने शाह को याद करते हैं और रोते हैं । तहज़ीब मिटती जा रही है, रय्यत परेशान हो रही है ।

दूसरा – मगर चुप हैं बेचारे, उफ़ तक ज़बां पर नहीं ला सकते ।

मुंशी जी – कोई कब तक चुप बैठ सकता है चुन्नी लाल ! आज नहीं तो कल और कल नहीं तो परसों । इन सब ज़ुल्मों का बदला लिया जायेगा । आज़ादी के परवानों की कोई कमी नहीं, फ़िरंगी को मालूम नहीं, वह एक ज्वाला मुखी पहाड़ पर बैठा है ।

दूसरा – मगर हम निहत्थे ग़रीब दिल्ली वाले कर भी क्या सकते हैं, जब तक फ़ौजें उनका मुक़ाबला ना करें ।

एक – फ़ौजें कैसे मुक़ाबला कर,सकती हैं ? सिपाही तो अंग्रेज़ के नौकर ठहरे उनके वफ़ादार.... इन देसी सिपाहियों ही ने तो १४०० कोस में फ़िरंगी की हकूमत क़ायम करा दी है ।

मुन्शी जी – मगर आपको क्या मालूम ? इन फौज़ों के साथ कैसा सलूक हो रहा है, ये सिपाही, ये हमारे भाई—यह जवां मर्द जिन्होंने अपना सर कटवाया, जाने दीं, कलकत्ते से काबुल तक हकूमत क़ायम कराई अब आग में झोंके जा रहे हैं ।

दूसरा – आग में झोंके जा रहे हैं ? वो क्यों ?

मुन्शी जी – तोपों से उड़ाये जा रहे हैं . . . . . और तो और हमारे धर्म पर भी हमला हो रहा है ।

एक – धर्म पर हमला ?

मुन्शी जी – फ़िरंगी चाहते हैं हम इसाई बन जायें. अपना मज़हब छोड़ दें, क़ुरान और पुराण भूल जायें ।

एक — यह क्यों ?

मुन्शी जी — सितारा की गद्दी, महाराज शिवाजी की गद्दी छीन ली, झांसी के राज को मिटानेवाले यह अंग्रेज़ नहीं, तो कौन है। लड़का गोद भी ना लेने दिया।

दूसरा — यह तो वाक़ई हमारे शास्त्रों की तोहीन है !

(मीर साहब बाहर से आवाज़ देते है, कन्हैया मसनद से उतरकर बाहर जाता है) जनाब मुन्शी जी साहब ! यह तो ज़ुल्म है ज़ुल्म। कुछ मशवरा तो दीजिये। हमें क्या करना चाहिये।

मुंशी जी — वक़्त आ रहा है, ज़माना तेज़ी से बदल रहा है, ग़म और ग़ुस्से की लहर दौड़ रही है, इन्क़लाब के शोले दहक रहे हैं, दिल्ली वाले क्यों कर चुप रह सकते हैं।

एक शहरी — हम इन फ़िरंगियों से बदला लेकर छोड़ेंगे।

दूसरा — इनको मज़ा चखा देंगे।

मुंशी जी — हर मौहल्ले में तैयारी होनी चाहिये, जितने भी हथियार जमा हो सकें जमा कीजिये। आज़ादी की जंग में दिल्ली वालों की मदद ज़रूरी है।

(मीर साहब अन्दर आते हैं। सब गुलाल लगाते हैं)

मीर साहब — बस, बस, बस, ज़रा डाढ़ी-मूंछ बचाकर ... (मसनद पर बैठते हुए) वाह ! वाह !! आज तो पूरी चौकड़ी जमा है अरे भाई चपड़गट्टू, गले में ढोल और हाथ में मंजीरे लिये क्यों फिर रहे हो, हो जाये ऐसे में एक होली।

(सब चिल्लाकर) होली ! होली ! ! होली ! ! ! आज हमारे होली है वे।

(सब मिलकर होली गाते हैं)

होली

कन्हैया ने घेर लई माधो बन में
आज सखियां नहीं मोरे संग में
कन्हैया ने घेर लई–

आया फाग उमंग सब सखियां
श्याम बसे मोरे मन में
नई रे नवेली कैसे बचेंगी
क्यों निकली फागुन में
कन्हैया ने घेर लई—

(लाला जी बाहर से)
जनाब मुन्शी जी साहेब।

मुंशी जी — मालूम होता है लाला जी आये हैं।

कन्हैया — हां ! हां ! ! उन्हीं की आवाज़ है। चाचा आये हैं।

(कन्हैया बाहर जाता है)

दूसरा — आओ भई आओ, लाला जी को घेर लें, जाने न पायें।

(सब शोर मचाते है, होली के नारे लगाते बाहर जाते हैं, सिर्फ़ मीर साहब और मुशी जी रह जाते हैं।)

मुंशीजी — जनाब मीर साहेब, आप जानते हैं, शहर वाले काफ़ी जोश में हैं, ना जाने क्या कर बैठें।

मीर साहब – काम ख़ामोशी से होना चाहिये, ज़माना बहुत नाज़ुक है, क्या मालूम कौन ग़द्दार है ग्रौर कौन वतनपरस्त । राज़ की बात राज़ ही में रहे तो ग्रच्छा है ।

मुंशी जी – ग्राज का ग्रख़बार कहां है पर्चा ग्राज ही से तो निकलना था ।

(मीर साहब चारों तरफ़ देखते हैं । ग्रौर ग्रख़बार की एक कापी मुंशी जी को देते हैं । मुंशी जी पर्चा उलट-पलट कर देखते हैं)

यह परचा तो ख़ूब है, दिल्ली में ग्राग लगा देगा । इसके बाँटने का भी कोई इन्तज़ाम किया ?

मीर साहब – यह काम गुलशन को सौंप दिया गया है, शहर के चौकीदार उसके साथ हो गये हैं । रात की तारीकी में हर दिल्ली वाले की ड्योढ़ी पर यह परचा डाल दिया जायेगा ।

मुंशी जी – गुलशन ने कमाल कर दिया, ख़ूब तरकीब निकाली ।

मीर साहब – रास्ते में मिली थी मौलवी साहेब का एक रुक्का मुझे दिया, चोटी में उरस रखा था । (लाला जी ग्राते हैं, रुमाल से चेहरा साफ़ करते हैं ।)

लाला जी – वाहियात ! वाहियात !! बिल्कुल वाहियात !!! याने चलना दूभर कर दिया ।

मीर साहब – ग्ररे भाई । किस पर लाल पीले हो रहे हो ।

लाला जी – देखा ग्रापने नये का नया ग्रगरखा नास कर दिया इन कम्बख़्तों ने ।

मीर साहब – त्योहार के दिन भी बचकर निकलना चाहते हैं ।

लाला जी – (जेब से एक फ़ैहरिस्त निकाल कर) हां साहब तो यह रही फ़ैहरिस्त न्योते सबको देने हैं ग्रापका साथ चलना ज़रूरी है ।

मीर साहब – काहे की फ़ैहरिस्त है भाई ?

लाला ज़ी – बन्दा परवर ! होली की गोट है गरीबख़ान पर ।

मीर साहब – ग्रो हो महफ़िल के इन्तज़ाम हो रहे हैं ।

लाला जी – मोती जान से कहलवा दिया है ग्रौर पानीपत की मुश्तरी से । ख़ूब नाचती है ।

मीर साहब – गाने वाली एक ही है ।

लाला जी – ग्रजी मोती जान ही काफ़ी हैं, सबेरा कर देगी ग्राप थक जायेंगे वह नहीं थकेगी, ऐसी पाटदार ग्रौर लोचदार ग्रावाज़ ग्राप तो जानते ही हैं शहर में किसी दूसरी की नहीं . . . हां ! तो फिर क्या इरादा है? चलिये ।

मुंशी जी – (लाला जी) ग्रापने देखा ये ग्रख़बार । (मुंशी जी लाला जी को ग्रख़बार देते हैं)

लाला जी – (ग्रख़बार देखकर) यह ग्रख़बार कहां से ग्राया ? किसने शाया किया ?

मीर साहब – क्या ख़्याल है ग्रापका ?

मुंशी जी – ईरान, रूस, तुर्की, फ़ास ग्रौर काबुल की फ़ौजें ग्रा गईं तो फिर देखिये ।

लाला जी – हाँ फिर तो कुछ हो भी सकता है, ग्रौर ग्रगर ग्राप ये चाहें कि दिल्ली वाले इन

अंग्रेज़ों का तख़्ता उलट दें तो नामुमकिन। ये इनके बस का नहीं।

मुन्शी जी – दिल्ली वाले चाहें तो बहुत कुछ कर सकते हैं।

लाला जी – अजी राम का नाम लीजिये।

मीर साहब – हिम्मत और इत्तहाद की ज़रूरत है।

लाला जी – (ताज़े से) हिम्मत . . . इत्तहाद . . . जी, हां ! हिम्मत तो शायद कर बैठें, मगर इत्तहाद, एकता नामुमकिन। मक्खियों और चीटियों में इत्तफ़ाक और इत्तहाद हो सकता है, मगर हिन्दुस्तानियों में . . . नामुमकिन . . . कतई नामुमकिन !

मुंशी जी – दुनियां में कौन सी ऐसी बात है जो हो नहीं सकती, हमारी कमज़ोरी और बुज़दिली ही ने तो हमें ग़ुलामी की ज़ंज़ीरों में जकड़ लिया है, आप जानते हैं इस वक़्त...।

लाला जी – (बात काट कर) माफ कीजिएगा मुंशी जी। आपने कभी यह भी ग़ौर किया कि फ़िरंगी की यह हिम्मत कैसे हुई। कैसे उसने यह जाल बिछाया, किस तरह से हमें फांसा, मुट्ठीभर हैं और हकूमत कर रहे हैं।

मीर साहब – यह काठ की हंडिया बहुत दिन तक नहीं चढ़ सकती, लाला जी साहब ज़ुल्म की इन्तहा हो चुकी है, बादशाह और रय्यत सब चीख उठे हैं। अभी सब को इतना बुज़दिल और कमज़ोर ना समझे।

मुंशी जी – यह अंग्रेज हमारे बादशाह को ज़लील कर रहे हैं, बात बात में जवाब तलबी होती है, उनके हर जाती मामले में दख़ल देते हैं।

मीर साहब – कौन यह तौहीन बरदाश्त कर सकता है। हर मामले में शरारत। वलीअहदी के झगड़े कराना इन फ़िरंगियों का ही काम है।

लाला जी – साफ़ बात तो यह है कि यह सब झगड़े टंटे कराना इन शहज़ादों का ही काम है। जितने शहज़ादे हैं सबके सब निकम्में दुनियां के सारे ऐब इनमें मौजूद हैं। कर्ज़ में डूबे हैं। धेला पल्ले नहीं, दिल्ली के तख़्त के ख़्वाब देख रहे हैं।

मुंशी जी – शहज़ादों की बात नहीं हम हज़ूर जहांपनाह की बात कर रहे हैं। हम उनकी बेइज़्ज़ती नहीं होने देंगे। उनके साथ नाइन्साफ़ी और बदसलूकी की हद हो गयी है।

मीर साहब – हज़ूर जहापनाह हमारे बाप हैं। रय्यत के दुख दर्द के साथी।

मुंशी जी – हिन्दू और मुसलमान उनकी दो आंखे।

मीर साहब – वह सारे ऐबों से पाक हैं। सारे जहां की ख़ूबियों के मालिक। वह फ़नकार हैं, शायर हैं, कवि हैं, ख़ुशनवीस हैं . . .

मुंशी जी – बूढ़े तो बेशक हैं पर हौसला बुलन्द है, सीना उमंगों से भरपूर है, आने वाला वक़्त ही बतायेगा कि उनके मनसूबे क्या हैं।

मीर साहब – दिल्ली के नौ जवानों को चाहिये, बादशाह सलामत की पलटन में शामिल हो जायें।

(नत्थू आता है।)

मुंशी जी – नत्थू !

नत्थू – जी सरकार।

मुंशी जी – माधो कहां है ?

नत्थू – आज सुबह ही किसी के साथ बाहर चले गये . . . शायद गामी खां . . .

लाला जी – हैं ! क्या कहां ? गामी खां के साथ . . .

मुंशी जी – गामी खां कौन है ?

लाला जी – गामी खां को आप नहीं जानते ? दिल्ली का नामी बदमाश हैं। अपनी सारी दौलत गवां कर अब औरों को बरबाद करने पर तुला है। मेरा नावां भी जीमना चाहता था लेकिन दाल नहीं गली मैंने उसको वो फटकारा कि याद करेगा।

मुंशी जी – माघो का उससे क्या वास्ता ?

लाला जी – माघो भोला है कहीं उसके फंदे में न फंस जाये।

मीर साहब – गामी खां से होशियार रहने की ज़रूरत है, खतरनाक आदमी है, शहजादों को अय्याशी के जाल में फंसा रखा है, खूब रुपया एंठता है और बेवकूफ बना कर क़िले की तमाम ख़बरे फ़िरंगियों तक पहुंचाता है, भोला तो बहुत बनता है, लेकिन है निहायत मक्कार और खोटा आदमी। गुलशन का घर उजाड़ने में इसी का हाथ था। बेचारी गुलशन।

मुंशी जी – मैं ऐसे आदमी के साथ अपने लड़के की दोस्ती बरदाश्त नहीं कर सकता आने दो साहबज़ादे को आज।

लाला जी – गामी खां शैतान है ! माघो का क्या क़सूर !

मुन्शी जी – माघो का क़सूर क्यों नहीं ! वो क्यूं ऐसे आदमी के साथ उठता-बैठता है . . . .

लाला जी – अच्छा ! अच्छा !! समझा देंगे साबह समझा देंगे। ऐसे नाराज होने की क्या ज़रूरत ?

मुन्शी जी – बस लाला जी साहब ! आप रहने दीजिये ! आप ही ने लाड-प्यार करके इसको सर पर चढ़ा रक्खा है।

लाला जी – वाह साहब ! यह एक ही रही। आप तो हम पर ही बरस पड़े। अजी हज़रत चलिये गुस्सा न कीजिये। तेवर सवारिये ! लोगों को न्योते देने हैं।

मीर साहब – चलिये मुन्शी जी साहब !

मुन्शी जी – नत्थू।

नत्थू – जी सरकार ?

मुन्शी जी – हम बहार जा रहे हैं, पहलवान से कहना ज़रा आज हम से मिलले !

(मुन्शी जी, मीर साहब और लाला जी बाहर जाते हैं, बाहर डोली वालों की आवाज़ सुनाई देती हैं। डोली उतरवालो।)

नत्थू – (ज़नानखाने के करीब जाकर) लाला जी की बहू आई हैं।

छोटी बन्नो – (बाहर आकर) चाची जी आ गई, चाची आ गई !!

(लाला जी की बहू आती हैं, बहूजी ज़नानखाने से बाहर आती हैं।)

बहूजी – अरी बहू ! तुमने बहुत राह दिखाई, मैंने सोचा अब आती होगी, अब आती होगी

लेकिन तुम्हें तो फ़ुरसत कहाँ, तीसरे पहर आई हो ।

लाला जी की बहू – अय भाभी आज तो किसी काम में मन नहीं लगा, सब की बातें सुन सुन कर कलेजा दहले हैं ।

बहू जी – क्या हो गया मेरी रानी ।

लाला जी की बहू – अय तुमने सुना नहीं ? बड़ा झगड़ा होने वाला है, शोर सा मच जायेगा ।

बड़ी बन्नो – अशरफी, इमरती कहां हैं, चाची ?

लाल की बहू – अये क्या बताऊं, इन लड़कियों को क्या हो गया ! डोली से उतरती ही नहीं, डोली में बैठी बैठी कहारों की बातें सुन रही हैं ।

बड़ी बन्नो – कहारों की बातें ?

लाला की बहू – पता नहीं । सारे के सारे कहार मरने मारने पर तुले हैं कहते हैं कि हम एक एक फिरंगी का खून पियेंगे ।

बहू जी – इनको पकड़ कर न लेजाये दिल्ली का कोतवाल । उसने सुन लिया तो बस ग़ज़ब हो जायेगा ।

(लाला जी की लड़कियां, अशरफ़ी और इमरती अन्दर आती हैं )

एलो वो आ गई, क्यों री लड़कियो ! तुम्हारा गप्पों में बहुत मन लगे है ?

अशरफ़ी – अरी बन्नों, आज बड़ा मजा आया इन कहारों की बातें सुनने में सब के सब मिल कर चुपके चुपके लड़ाई की तैयारियाँ कर रहे हैं ।

इमरती – कोई बादशाह के गुन गाता है, कोई फ़िरंगी को कोसता है ।

लाला की बहू – मैंने तो कह दिया । झगड़ा हुआ और मैं यहां से रफूचक्कर ! इस झगड़े में औरतों का क्या काम, मैंने तो गोरधन मईस से कह दिया, अपने गाँव में हमारा इन्तज़ाम कर दे ।

इमरती – बड़ा मज़ा आयेगा बाजरे की रोटी और गुड़ खूब खाने को मिलेगा ।

अशरफी – हरे हरे खेतों में नाचूंगी पेड़ों पर झूला डालकर झूलूंगी । तू चलेगी ना बन्नो हमारे साथ . . . ?

बड़ी बन्नो – हां ! हां !! जरूर !!

छोटी बन्नो – में तो जाऊंगी नहीं, में तो यहां ही रहूंगी, मैं तो सैर देखूंगी ।

लाला जी की बहू – अब छोड़ो भी ये लड़ाई झगड़े की बातें ।

बहू जी – क्यों बहू मुकटलाल जी के यहां मव अच्छे हैं ? जच्चा बच्चा . . .

लाला जी की बहू – अय वहीं से तो आ रही हूं ।
(छोटी बन्नों, बड़ी बन्नो, अशरफ़ी, और इमरती नाचने लगती हैं, स्टेज पर ऊधम सा मच जाता है । )

बहू जी – अरी लडकियों यह क्या ऊधम मचा रखा है। कान पड़ी आवाज़ नहीं सुनाई दे।
(लड़कियां रुक जातीं हैं, कोई अन्दर जाती है कोई ऊपर)

लाला जी की बहू – मैं कह रही थी कि १५ दिन से ज़च्चा खाट पर पड़ी है, अभी तक मेरी बात मानती तो घर का काम धंधा करने लग जाती पगी हुई मेवा बताई वह नहीं खाई, दूध बादाम का निशास्ता बताया वह हलक से नीचे नहीं उतरा।

छोटी बन्नो – (लाला की बहू के आगे ढोल रखकर) लो चाची एक गीत सुनाओ।

लाला जी की बहू – अये देखो तो सई उन लड़कियों के लच्छन।

बड़ी बन्नो – हां! चाची! हाँ! एक गीत।

बहू जी – एक होली गा दो।

अशरफी – अम्मा को होलियाँ बहुत याद हैं।

इमरती – हां अम्मां वो वाली।

लाला जी की बहू – सभी पंजे झाड़कर मेरे पीछे पड़ गई। अच्छा तो सुनो . . .

रंग में कैसे होली खेलू या सांवरिया के संग
कोरे कोरे माट भराये उसमें घोला रंग
भर पिचकारी संमुख भारी लगी श्याम के अंग
रंग में कैसे होली...

होली खेलन घर से निकलीं उसन पी लई भंग
सास नन्द की एक न मानी लगी श्याम के अंग
रंग में कैसे होली . .

बहू जी – अये देखो तो सही लड़कियों, यह बाहर कौन रेंक रहा है।

(बड़ी बन्नो जाती है, और फिर तेज़ी से वापिस आती है)

बड़ी बन्नो – अम्मा! अम्मा! ग़ज़ब हो गया गज़ब!! माधो भइया शराब के नशे में अन्दर आ रहे हैं। भागो! भागो।

(सब लड़कियां और लाला जी की बहू अन्दर जाती हैं, बहू जी रह जाती हैं।)

बहू जी – माधो शराब के नशे में? (माथा पीटकर) हाय री क़िस्मत।
(माधो और गामी खाँ की हंसी सुनाई देती है)

यह तो कोई और भी है माधो के साथ।
(बहू जी अन्दर चली जाती हैं, माधो आगे आगे और गामी खां पीछे-पीछे आता है)

गामी खाँ – (हंस रहा है और गा रहा है) ही! ही! मोरे भोले ने पी ली भंग कौन जतन होली खेलूं।

(माधो माथे पर हाथ रखें लड़खड़ाता मसनद की तरफ़ जाता है)

वाह सरकार वाह क्या दुलकी चल रहे हैं (पास जाकर) हज़ूर का मिज़ाज कुछ मुकद्दर पाता हूँ)

माधो – (मसनद पर बैठते हुए) गामी खाँ! सर चकरा रहा है! बोलो नहीं!

गामी खां – ऐ हज़ूर! ये क्या फरमा रहे हैं आप।

माधो – मालूम होता है नशा हो गया है।

गामी खां – ही, ही, ही, ही, नशा नहीं, इसे मेरे आका सुरूर कहते हैं सरूर ।

माधो – आओ हमारे पास बैठ जाओ, गामी खां ।

गामी खां – बन्दा तो हज़ूर के क़दमों में ही ठीक हैं।

माधो – आज का दिन भी खूब गुज़रा । आज भी हमारी ही जीत रही । मुर्ग और तीतर की सब पालियां मारी ।

गामी खां – आपके जानवर की नोंक और दुम भी तो दुरुस्त थी सरकार ।

माधो – और कनकौए के पेंच ! हैं ! देखा तुमने गामी खां कन्ने मारकर गोता दिया और फिर जो घिस्सा दिया तो वो काटा। देखी उस्तादी हमारी ।

गामी खां – क्या बात है क्या बात है ! कसम से जवाब नहीं ।

माधो – आदाब अर्ज़ करता हूं ।

गामीं खां – सरकार किसी दिन हमारे नवाब की कुश्ती भी तो देखिये ।

माधो – नवाब कौन ?

गामी खां – मेंहदी लगाये, गजरा पहने, सजा सजाया, दुल्हा बना खड़ा होगा इन्तज़ार में ।

माधो – मगर है कौन वो ?

गामी खाँ – नवाबो का नवाब, मेरा मेंडा, उसका उठान, तेवर और तय्यारी देखें, हाय ! हाय ! छक्के छुड़ा देता है छक्के । शेर है शेर ।

माधो – शेर ! क्या कहा शेर ! भई गामी खां एक बात सुनो यार ।

गामी खां – फ़रमाइये ! फ़रमाइये !!

माधो – मियां ! हमारा दिल शेर का शिकार खेलने को चाहता है ।

गामी – शेर का शिकार हज़ूर ! आप शेर मारेंगे, वाह ! वाह ! वाह !!! आपकी क्या बात है, आप तो शेर बबर मार सकते हैं । तो फिर आपके लिये बन्दूक़ का इन्तज़ाम किया जाय ।

माधो – हमको बन्दूक़ नहीं चाहिये ! हमारे यहां कोठे के कोठे बन्दूक़ों से भरे हैं ।

गामी खां – ओ हो ! यह बात है ! आप रईस जो ठहरे ।

माधो – आज कल बहुत तय्यारियां हो रही हैं, घर घर हथियार जमा किये जा रहे हैं ।

गामी खां – अच्छा यह बात है । आपके घर में भी हैं हथियार सरकार . . .

माधो – एक लम्बी डाढ़ी वाला मौलवी यहां रोज रात को आता है पिता जी से चुपके चुपके बातें करता है। पता नहीं क्या खुसर फुसर . . . .

गामी खां – कौन है ये मौलवी ?

माधो – मियां तुम से क्या पर्दा । तुम तो अपने जिगरी ठहरे ! इधर आओ ।

माधो – (गामी खां क़रीब आता है । माधो उसके कान में कुछ कहता है)

गामी खां – अच्छा समझ गया ! हूं तो यह बात है !

माधो – यह बात किसी को बताना नहीं ।

गामी खां – मजाल है ! लेकिन मुझे क्या छोड़िये इस मौलवी की बातें ! बताइये फिर शिकार पर कब चलना है, मेरा ख्याल है, आप हाथी पर चढ़ कर शेर का शिकार खेलें तो बेहतर होगा ।

माधो – तुम हमारे लिये हाथी का इन्तज़ाम कर सकते हो गामी खां ।

गामी खाँ – अजी साहब ! यह भी कोई मुश्किल बात है ! बड़े साहब से अपना याराना है चुटकी बजाते ही इन्तज़ाम हो जावेगा ।

माधो – ना भई ना । इन गोरों से हमें बहुत डर लगता है, इन लाल मुंह वालों को हमारा दूर से ही सलाम ।

गामी खां – हऊवा थोड़ी है जो खा जायेंगे ? आप डरते क्यों हैं ।

माधो – गामी खां ! एक रोज़ एक लाल मुंह का । घोड़ा दौड़ाते चांदनी चोंक में आ रहा था हमने तो क़सम से उसे दूर से भाप लिया । सर पर पैर रखकर भागे और अन्दर ज़नानख़ाने में जाकर छिप गये ।

गामी खाँ – आप मेरे साथ चलिये ! बड़े साहब के पास किसी दिन ! आप से मिलकर बहुत खुश होंगे हो सकता है आपको जागीर ही बक्श दें ।

माधो – अच्छा मियां ! ऐसे शरीफ़ हैं बड़े साहब ! हमको जागीर दे देंगे ।

गामी खां – आप चलिये तो सही मेरे साथ ।

माधो – लेकिन जागीर तो बादशाह सलामत ही दे सकते हैं ।

गामी खां – बादशाह ! बादशाह ! यह कोई बादशाह हैं । कठपुतली का दूसरा नाम बादशाह है। एक चिराग सा टिमटिमा रहा है, हवा का झोंका आया और बुझा ।

(पहलवान एक दम अन्दर आ जाता है ।

पहलवान – (कड़ककर) हजूर जहांपनाह की शान में यह गुस्ताख़ी ।

माघो – भौचक्का होकर ! उस्ताद आप ? (माघो जनानखाने की तरफ़ भागता है ।

पहलवान – (माधो से) ठहरो तुम कहाँ भागते हो ? (माधो ठहर जाता है)

पहलवान – (गुस्से में) माधो !!

माधो – जी उस्ताद ।

पहलवान – शरीफ़ों की औलाद होकर गुण्डों से दोस्ती?

माधो – उस्ताद मा-माफ़...

(माधो अन्दर जाता है)

पहलवान – (गामी खाँ के क़रीब जाकर) मुझे, मालूम है कि तुम क्या चाहते हो यहां क्यूं आये हो, मुन्शी जी के मकान में घुसते शर्म नहीं आती ? गुलशन को सताते हो, डूब मरना चाहिए तुम्हें । मैं तुम्हारे इरादों से ख़ूब वाकिफ़ हूं ?

(गामी खां ख़ंजर निकालता है पहलवान बढ़ कर ख़ंजर छीन लेता है)

चंद चाँदी के ठिकरों की ख़ातिर ? शराब की एक बोतल के बदले भेद लेना चाहता है ख़बरदार जो आइन्दा इधर क़दम रक्खा टांगें तोड़ दूंगा-जासूसी की तो।

(गामी ख़ां बाहर जाता है नत्थू अन्दर आता है)

नत्थू – गामी ख़ाँ भाग गया पहलवान।

पहलवान – लातों के भूत बातों से नहीं मानते नत्थूराम! यह अपनी आदत से बाज़ नहीं आ सकता, यह दिल्ली वालों को मरवा कर छोड़ेगा।

नत्थू – उस्ताद ! माधो भय्या के बारे में मुन्शी जी से कुछ न कहना नहीं तो चमड़ी उधेड़ देंगे।

पहलवान – मैं चुगलख़ोर नहीं इलाज करना मुझे भी आता है।

नत्थू – माधो भइया रोज़ रात को देर से आते हैं, तमाशबीनी का चस्का लग गया है इनको गामीं ख़ां के चक्कर से बचालो पहलवान।

पहलवान – माधो सुस्त, काहिल। डरपोक और बुज़-दिल हो गया है।

(लाला जी बाहर से मुन्शी जी को आवाज़ देते हैं)

लाला जी आये हैं शायद।

नत्थू – आवाज़ तो उन्हीं की सी है।

बहू जी – (ज़नानख़ाने से) नत्थू अरे ओ नत्थू !

नत्थू – पहलवान ज़रा परदा कर लेना लाला जी की बहू और लड़कियां अपने घर जाना चाहती हैं।

नत्थू बाहर जाता है और पहलवान ऊपर। लाला जी की बहू और उनकी लड़कियां चादरें ओढ़कर बाहर जाती हैं मीर सा० और लाला जी अन्दर आते हैं, नत्थू पीछे पीछे है पहलवान ऊपर की मंजिल से नीचे जाते हैं)

लाला जी – कहो पहलवान क्या ज़ोर शोर हैं। दंगल हो रहे हैं क्या ?

पहलवान – जी हां शामियाने लग रहे हैं। सजावट हो रही है। बैठने का इन्तज़ाम भी नफ़ीस है। आखड़ों में गेरू मेहन्दी मिट्टी में मिला कर डाला जा रहा है। कई-कई जोड़ियां साथ छूटेंगी।

मीर साहब – जनाब लाला जी साहब ! सिद्दीक़ को कल चितली क़ब्र के अखाड़े में देखा भई यक़ीन जानना मन मन भर के दण्ड रखे हैं।

लाला जी – क्यों भई उस्ताद आज हमारी और मीर साहब की भी जोट करा दो।

मीर साहब – अरे जाओ पतली दाल के खाने वालो तुम क्या लड़ोगे।

लाला जी – देखो उस्ताद देखो तुम गवाह हो, पिछले जुम्मे को अधर मारा था या नहीं मीर साहब को।

पहलवान – हज़ूर यह तो सच है कि लाला जी कुछ ही खायें-पीयें मगर हड्डे पसले बड़े कड़े हैं। (लाला जी अकड़ जाते ह और मीर साहब को इशारे मे पंजा लड़ाने की दावत देते हैं)

लाला जी – हो जाय ।

(मीर साहब और लाला जी पंजा कशी करते हैं और ज़ोर आज़माते हैं पहलवान दोनों के पंजे देखते हैं )

पहलवान – वाह ! वाह ! क्या बात है, लाला जी ।

लाला जी – (अपनी उंगलियां दबा कर) मीर पंजा कश का शागिर्द हूं, क्या समझा है ।

पहलवान – साहब, अबके फिरंगियों से जंग छिड़ी तो लाला जी—हमारे सिपहसालार . . .

लाला जी – क्या बात है पहलवान । तुम भी बातों में आ गये, जंग पर आमादा हो गये ?

पहलवान – भला ग़ौर फ़रमाइये, ये धर्म और दीन पर हमला कौन बरदाश्त कर सकता है, यह अंग्रेज हमारे देसी सिपाहियों का दीन व धर्म नहीं बिगाड़ रहे हैं, तो क्या कर रहे हैं, कभी कहते हैं, माथे पर तिलक न लगाओ कानों मे मुरकी न पहनो, डाढ़ी मूंछ . . .

मीर साहब – अजी पहलवान तुमने कुछ और भी सुना ?

पहलवान – क्या हजूर !

मीर साहब – कारतूस में चर्बी !

लाला जी – कारतूस में चर्बी ?

मीर साहब – जी हां कारतूस गाय और सूअर की चर्बी से चिकने किये जा रहे हैं और देसी सिपाहियों से कहा जाता है कि दाँतों से काटो इन्हें ।

लाला जी – राम राम राम राम यह नहीं मालूम था मुझे ।

पहलवान – जभी तो सब तरफ़ से इन्क़लाब के शोले बुलन्द हो रहे हैं ।

मीर साहब – लाला जी साहब हमें आप से बहुत उम्मीद है, वक़्त पड़ने पर रसद का सारा इन्तज़ाम आप ही को करना होगा ।

लाला जी – अच्छा साहब ! आपका हुक्म सर आंखों पर, क्यूं मीर साहब दीवान जी के यहां चलियेगा ! हो जाये एक बाज़ी शतरंज की ।

मीर साहब – जी नहीं ! इस वक़्त तो मुमकिन नहीं, मुन्शी जी से ज़रूरी मशवरा करना है ।

लाला जी – पंडित जी कहते थे, चौपड़ खेल लो ।

मीर साहब – बस साहब ! यह तीन काने और पौ बाराह आप को ही मुबारिक ।

लाला जी – अच्छा मैं चलता हूं मीर साहब आदाबअर्ज़ ।

(लाला जी जाते हैं)

मीर साहब – पहलवान ।

पहलवान – जी सरकार !

मीर साहब – मौलवी साहब तशरीफ़ ला रहे हैं क्या ?

पहलवान – जी हां । आते ही होंगे ।

मीर साहब – काम ठीक हो रहा है ?

पहलवान – घर घर में तय्यारियां हो रही हैं सरकार !

मीर साहब – ज़रा ध्यान रखना, मौलवी साहब के यहां आने की निसबत किसी को पता न चले ।

पहलवान – इन्तज़ाम पूरा है, चौकीदार गली में गश्त लगा रहा है, अपने पठ्ठे भी पहरा दे रहे हैं ।

मीर साहब – मुहम्मद यूसुफ़ लाहौरी सर्राफ़ भी आ रहे हैं क्या ?

पहलवान – जी हां। मौहम्मद यूसुफ़ से बात चीत हो गई है वो आते ही होंगे।

मीर साहब – उन्होंने यहां आने में आना कानी तो नहीं की ?

पहलवान – जी हां ! पूछते तो थे कि इतनी रात में क्यों बुलाया है, मगर गुलशन बहुत होशियार है उसने बहुत बातें बनाई कहा कि मुन्शी जी को सुबह से पहले पहले ज़ेवरात चाहिये। माधो बेटे की सागई है कल ?

मीर साहब – मोहम्मद यूसुफ़ क़ाबू में आ जाये तो अच्छा है।

पहलवान – मोहम्मद यूसुफ़ को साथ में लाना ज़रूरी है सरकार। रहीम बख़्श मैगज़ीन का दरवान उसका साथी है।

मीर साहब – अख़बार की कापियां बांट दीं ?

पहलवान – जी हां ! गली मोहल्ले के चौकीदारों ने यह काम अपने ज़िम्में ले लिया है। अख़बार की २०० कापियां सब मकानों की ड्योढ़ियों में डाल दी हैं।

(मुन्शी जी आते हैं)

मुन्शी जी – तुम आ गये पहलवान ? मीर साहब ! एक काम तो हो गया। (मुन्शी जी कपड़े में बंधा एक नक्शा मीर साहब को देते हैं) शहरपनाह का नक़्शा तय्यार है।

(मीर साहब नक़्शा खोलते हैं)

(मुन्शी जी जेब से रूमाल निकालते है और एक चपाती हथेली पर रख कर पहलवान को दिखाते हैं)

मुन्शी जी – जानते हो यह क्या है ?

पहलवान – चपाती हज़ूर !

मुन्शी जी – नहीं पहलवान यह चपाती नहीं है इन्क़लाब की निशानी है। आज़ादी की निशानी। देश के तमाम रहने वालों के नाम एक पैग़ाम। (मुन्शी जी पहलवान को चपाती देते हैं पहलवान उसे आंखों से लगाते हैं) यह चपातियां गांव गांव बांटनी हैं हिन्दुओं के गावों में भी और मुसलमानों के गांवों में भी, ऐसे की किसी को ख़बर न हो, गुलशन यह काम बख़ूबी कर सकती है, चूड़ियों के टोकरे में किसी को पता न चलेगा।

पहलवान – समझ गया।

मुन्शी जी – साये की तरह उसके साथ रहना। उस पर आंच न आने पाये।

पहलवान – मजाल है सरकार ! अच्छा हज़ूर ! मैं बाहर इन्तज़ार करता हूं। मौलवी साहब आते होंगे।

( पहलवान बाहर जाते हैं )

मुन्शी जी – मुलाहिज़ा किया ? यह नक़्शा आपने !

मीर साहब – (नक़्शा देखते हुए) जी हां ! ठीक है !

मुन्शी जी – यह है फ़सील और यह है राजघाट दरवाज़ा।

(दरवाज़े पर दस्तक)

आइये।

मौलवी साहब – (ड्योढ़ी में दाखिल होकर) मुन्शी जी साहब।

मुन्शी जी – जनाब मौलवी साहब ! ( मौलवी साहब आते हैं।

मौलवी साहब – (अन्दर आकर) आदाबअर्ज़ . . . . ! फ़ैसला हो गया . . . मुलाक़ात कामयाब रही ।

मुन्शी जी – फैसला हो गया मौलवी साहब ।

मौलवी साहब – बिठूर के नाना साहब और मौलवी अज़ीम उल्ला क़िले तशरीफ़ लाये और हुज़ूर जहाँ पनाह की ख़िदमत में अर्ज़ की कि गुलामी की जज़ीरों को तोड़ देने के लिये हिन्दुस्तान का एक-एक आदमी तड़प रहा है । हिन्दुस्तान की निगाहें दिल्ली के तख़्त पर लगी है ।

मीर साहब – हज़ूर जहांपनाह ने क्या इर्शाद फ़रमाया ?

मौलवी – ज़िल्ले सुभानी ने हिन्दुस्तान की क़िस्मत का फैसला मलकए आलिया नवाब ज़ीनत महल पर छोड़ा ।

मुन्शी जी – मलकयआलिया पर ?

मौलवी – पीरों मुर्शिद ने फ़रमाया मलकये आलम ज़ीनत महल का हुक्म शहन्शाह हिन्दुस्तान के सर आंखों पर होगा ।

मुन्शी जी – नवाब ज़ीनत महल का हुक्म ।

मौववी – मलका आलिया ने फ़ैसला दिया कि या तो फ़िरगी शहन्शाह आलम के क़दमों में पनाह मागें या फिर मैदाने जंग में हमारे सामने आये । मुगलों का ख़ून गुलामों की मौत नहीं मरेगा......नाना साहब से कह दीजिये, हम इस आज़ादी की जंग में उनके साथ हैं ।

मीर साहब – ज़िन्दावाद ! मलकये आलम नवाब ज़ीनत महल ज़िन्दाबाद !!

(दरवाज़े पर दस्तक)

मुन्शी जी – (बुलन्द आवाज़ में) कौन है ?

पहलवान – (अन्दर आकर) गरीब परवर ।

मुन्शी जी – क्या बात है पहलवान ?

पहलवान – वो इधर ही आ रहा है ।

मुन्शी जी – आने दो......आप लोग जरा...(हाथ के इशारे से सब को छिप जाने के लिए कहते हैं ।)

(पहलवान गली के दरवाज़े पर जा कर अपने पट्ठो को इशारा करके अन्दर बुला लेते हैं । सब के हाथों में नंगी तलवारें हैं, वो आड़ में हो जाते हैं)

(दरवाज़े पर दस्तक)

मुन्शी जी – कौन साहब हैं ! अन्दर तशरीफ ले आइये ।

(मोहम्मद यूसुफ़ अन्दर आता है बग़ल में बुगचा है)

यूसुफ – (दूर से) इज़ाज़त है ? बन्दा हाज़िर हो सकता है ? (क़रीब) आकर आदाब अर्ज़ ।

मुन्शी जी – जीते रहो मियां साहब ज़ादे, मैंने पहिचाना नहीं ।

यूसुफ़ – ख़ाकसार को मोहम्मद यूसुफ़ कहते हैं ।

मुन्शी जी – जी

यूसुफ़ – मेरे अब्बा लाहौर वाले सर्राफ़ हैं ।

मुन्शी जी – और खानम के बाज़ार में रहते हैं।

यूसुफ़ – जी हां।

मुन्शी जी – मगर तुम्हारे अब्बा कहां हैं!

यूसुफ़ – बीमार हैं, मुझे ही आपकी खि़दमत में भेजा है।

(बुगचा खोलता है)

मुन्शी जी – यह क्या ?........ जैवरात . . . . ? अच्छा समझा माधो बेटे की शादी के जेवर।

यूसुफ़ – हजूर सतलड़ा तो तैयार है . . . बाकी ज़ेवरात भी . . .

मुन्शी जी – हमें अफ़सोस है कि आपको इस वक़्त तकलीफ़ दी।

यूसुफ – ग़लती हमारी है सरकार काम में देर हुई। हम तो हजूर के नमकख्वार हैं। आधी रात को भी हाज़िर।

मुन्शी जी – हमने सुना है, कि तुम हथियार साज़ी के फ़न में माहिर हो।

यूसुफ़ – जी क्या फ़रमाया ?

मुन्शी जी – और दिल्ली के मैगज़ीन में तुम्हारा आना जाना है।

यूसुफ़ – जी में समझा नहीं में आपका मतलब ?

(मौलवी साहब सामने आ जाते हैं)

मौलली साहब – तुम मुसलमान हो ?

यूसुफ – जी !

मोलवी – तुम्हें अपने दीन से मौहब्बत है।

यूसुफ – हर साहिबे इमान को होनी चाहिये।

मौलवी – यह कुरान शरीफ़ तुम्हारे सामने है। (कलामे पाक दिखाकर) इस पर हाथ रख कर क़सम खाओ कि जो काम दीन और ईमान का है उसमें हमारी मदद करोगे, जो काम तुम्हें सोंपा जायेगा उसे पूरा करोगे।

यसुफ़ – मगर बगैर सोचे बिना समझे में कैसे क़सम खा सकता हूं।

मौलवी – मुसलमान हो कर डरते हो ? साहिबे ईमान हो कर घबराते हो ? मुझे देखो इस उम्र में भी दीन के दुश्मनों से ज़ंग पर आमादा हूं। और तुम तो मांशा अल्ला जवान हो।

यूसुफ – लेकिन आप मुझ से काम क्या लेना चाहते हैं ?

मौलवी – पहले क़ुरान पाक पर हाथ रक्खो कि. . . !

यूसुफ – जी, ये मुझसे नहीं हो सकता।

(चलने लगता है)

मौलवी – (रास्ता रोक कर) हाथ रक्खो . . . वरना (ज़ोर से) कोई है ?

(पहलवान और उसके पट्ठे निकल आते हैं, तलवारें सूत लेते हैं)

यसुफ – आप समझते हैं, आप मुझे निहत्था पाकर कत्ल कर देंगे, अकेला समझ कर मार डालेंगे लेकिन आप यह नहीं जानते कि आप ऐसा करके भेद नहीं पा सकते आज

दिल्ली में सिर्फ़ मोहम्मद यूसुफ़ ही नहीं सैकड़ों मेरे साथी ऐसे हैं जो इस काम में लगे हैं आप किस किस को मार सकते हैं। आज़ादी के परवानों की कमी नहीं।

(मीर साहब बाहर निकल आते हैं)

मीर साहब – ठहरिये—मौलवी साहब ! बच्चा समझदार है इसने ग़ौर नहीं किया कि हम भी दीन और मज़हब के तरफ़दार हैं, दुश्मन नहीं, हम भी इसके साथी हैं, जासूस नहीं—मियां यूसुफ। तुम बहादुर हो ! हिम्मत वाले इन्सान। हम तुम्हारी तारीफ़ सुन चुके हैं—हम वतन की भलाई चाहते हैं।

यूसुफ – माफ़ कीजिये—मैं ग़लत समझा।

मौलवी – मियां यूसुफ़ ! तुम होनहार हो . . .अल्ला तुम्हारे हर काम में बरकत देगा।

मुन्शी जी – हम यह चाहते हैं कि...

युसुफ – इरशाद ?

मुन्शी जी – हमको मैगज़ीन के पौशीदा काग़ज़ात चाहिये।

मौलवी – हाँ। वो काग़ज़ात जिनमें फ़िरंगियों ने हिन्दुस्तानी सिपाहियों के मज़हब ख़राब करने की तजवीज़ तहरीर की है। फ़िरंगियों ने सुअर और गाय की चर्बी से कारतूस चिकने किये हैं, ताकि जब सिपाही उन्हें दातों से काटे तो ईमान जाता रहे।

मुन्शी जी – बस इसका सबूत चाहिये।

यूसुफ – मैगज़ीन का दरबान रहीम बख़्श मेरा साथी है। मैं कोशिश करूंगा, अल्ला ने चाहा तो...

मौलवी – अल्ला तुम्हें इस कारे सवाब के बदले जन्नत दे।

यूसुफ़ – अब इजाज़त चाहता हूं।

(मोहम्द यूसुफ जाता है, पहलवान और उनके पट्ठे भी बाहर जाते हैं)

मुन्शी जी – मालूम होता है कि दिल्ली के हर घर में ख़ुफ़िया तौर से तय्यारियाँ हो रही हैं। मैगज़ीन पर कब्ज़ा होना मुश्किल नहीं।

मौलवी – मैगज़ीन पर कब्ज़ा होना ही चाहिये।

मीर साहब – होगा और ज़रूर होगा।

मौलवी – हर तरफ़ कामयाबी ही कामयाबी नज़र आती है। दीन की लड़ाई में अल्ला ताला मददगार है।

मुन्शी जी – जब आप जैसे उलमाये दीन, फ़कीर, साधू सन्त, हमारे रहनुमा हों। फ़तह यक़ीनी है।

मौलवी – जिस फ़कीर की ज़िन्दगी मुल्क और दीन के काम ना आये वो फ़कीर नहीं मतलब परस्त है, मुझे ख़ुशी है कि फ़ौज़ों में जितने मौलवी और पंडित हैं, दीन की लड़ाई में सबसे आगे हैं—इन्क़लाब की आग तेज़ी से फैल रही है, आन की आन में इन फ़िरंगियों को भस्म कर डालेगी।

मुन्शी जी – आज़ादी की जंग शुरू करने के लिये एक तारीख़ मुक़र्रर हो जाये तो अच्छा है।

मौलवी – तारीख़ मुक़र्रर हो चुकी हैं, पलटनों में आदमी धूम रहे हैं, हिन्दुस्तान के एक कोने से दूसरे कोने तक पैग़ाम भेजे जा रहे हैं, हमारे सिपाही ख़ामोशी से वक्त का इन्तज़ार कर रहे हैं।

मीर साहब – तारीख मुक़र्रर हो चुकी––यानी ?

मौलवी – ३१ मई, इतवार का दिन, हिन्दुस्तान की तारीख़ में एक मुबारक दिन होगा ।

मुन्शी जी – ३१ मई, इतवार का दिन––मुनासिब तजवीज़ है ।

मौलवी – फ़िरंगी गिरजाघर में होंगे, काम आसानी से हो जायेगा ।

मुन्शी जी – हिन्दुस्तान आज़ाद होगा फ़िरंगी पायमाल होगा ।

मौलवी – इन्शा अल्ला ।

(पास की मस्जिद से आज़ान सुनाई देती है)

मौलवी – फ़ाल नेक है ।

(पर्दा गिरता है)

## दूसरी मजलिस

(पर्दा उठता है स्टेज पर अंधेरा है, गली का चौकीदार हाथ में लालटेन लिये अन्दर आता है, पीछे-पीछे पहलवान है, पहलवान ड्योढ़ी के दरवाज़े के पास रुक जाता है, चौकीदार दीवानख़ाने के पास आता है और अहिस्ता से दस्तक देता है)

चौकीदार – (अहिस्ता से) मुन्शी जी साहब...। मुन्शी जी साहब . . . ।

(मुन्शी जी बाहर आते हैं)

मुन्शी जी – कौन ? चौकीदार तुम . . .?

चौकीदार – हज़ूर . . . . .

मुन्शी जी – क्या बात है चौकीदार ?

चौकीदार – पहलवान आये हैं सरकार ।

(पहलवान अन्दर आते हैं)

मुन्शी जी – पहलवान ! तुम ? इतनी रात गये ?

पहलवान – हज़ूर ! मेरठ से इत्तला आई है कि फ़िसाद हो गया, अंग्रेज़ मारे गये, पलटनों ने फ़िरंगियों को भून डाला ।

मुन्शी जी – क्या कहा ? फ़िसाद हो गया ? फ़िरंगियों को भून डाला . . . ।

पहलवान – जी हां ! सच कह रहा हूं सरकार . . .

मुन्शी जी – ऐसा कैसे हो सकता है पहलवान । यह ख़बर सही नहीं ।

पहलवान – आप मेरी बात माने हज़ूर । मेरठ से सवार आया है ख़बर लाया है ।

मुन्शी जी – सवार ख़बर लाया है ! कहां है वह सवार ?

पहलवान – मौलवी साहब के मकान पर है, मौलवी साहब ने जब सुना तो परेशान हो गये, उन्होंने मुझे आपकी ख़िदमत में भेजा है, वो ख़ुद भी इधर आते ही होंगे ।

(चौकीदार लालटेन रखकर ड्योढ़ी के दरवाज़े पर खड़ा हो जाता है, बाहर देखता है)

मुन्शी जी – मुझे तो इसमें चाल नज़र आती है, यह कभी नहीं हो सकता, मैं मानने को तैय्यार नहीं ।

पहलवान – अब मैं क्या अर्ज़ करूं ।

मुन्शी जी – पहलवान तुम नहीं जानते शायद तुम्हें नहीं मालूम, तारीख़ का फ़ैसला हो चुका है, एक दिन, एक वक़्त सारे हिन्दुस्तान में जंग शुरू होगी, अभी वह वक़्त नहीं आया।

पहलवान – तारीख़? कौन सी तारीख़ . . . .?

मुन्शी जी – ३१ मई, इतवार का दिन।

पहलवान – (सोचकर) मगर आज तो सिर्फ़ ११ हैं।

मुन्शी जी – जभी तो कहता हूं, यह बात सच नहीं, हो सकता है कि दुश्मन हमें धोखा देना चाहता हो।

पहलवान – शायद आपका ख्याल ठीक हो मगर सवार भरोसे का आदमी है, दुश्मन नहीं।

चौकीदार – (अन्दर आकर) मौलवी साहब आ रहे हैं।

(चौकीदार जाता है)

मुन्शी जी – फ़ैसला तोड़ना ना मुमकिन है, हजूर जहांपनाह का फैसला सारे हिन्दुस्तान को मालूम है।

मौलवी – जनाब मुन्शी जी साहब।...सुना आपने... ?

मुन्शी जी – क्या वाक़ई ? मुझे तो...

मौलवी – कुछ समझ में नहीं आता (इधर उधर तेज़ी से टहलने लगते हैं) ये कैसे हुआ ?

मुन्शी जी – यक़ीन नहीं आता।

मौलवी – ख़बर पक्की है शक कि ज़रा गुंजायश नहीं।

मौलवी – हिन्दुस्तानी रेजीमेण्टों ने अफ़सरों को मार दिया, बंगलों में आग लगा दी, अब यह बहादुर दिल्ली की तरफ़ यलगार कर रहे हैं।

मुन्शी जी – हैं! दिल्ली की तरफ ?

पहलवान – जी हां! दिल्ली आ रहे हैं।

मौलवी – दिल्ली चलो! दिल्ली चलो!! के नारे लगाते हुए ये मेरठ के सिपाही अब पहुंचने वाले ही होंगे।

मुन्शी जी – अब क्या करना होगा ?

मौलवी – हमें मदद करनी होगी।

मुन्शी जी – लेकिन शहरपनाह के सब दरवाज़े बन्द हैं इनका शहर में दाख़िल होना मुश्किल होगा।

मौलवी – क्यों पहलवान।

पहलवान – मैं जाता हूं, इन्तज़ाम करता हूं, राजघाट के दरवाज़े का चौकीदार हमारा साथी है।

(पहलवान जाता है)

मुन्शी जी – आग वक़्त से पहले ही भड़क उठी।

मौलवी – आग बुझ नहीं सकती, दिल्ली वालों को इन बहादुरों का साथ देना ही होगा।

(स्टेज पर हलकी सी रोशनी हो जाती है, गुलशन और मोहम्मद यूसुफ आते हैं। मोहम्मद यूसुफ़ के हाथ में तलवार है)

मुन्शी जी – यूसुफ़ मियां।

मौलवी – कहो गुलशन क्या ख़बर लाई . . . ?

गुलशन – मेरठ के सवार दम के दम में पहुंचनेवाले होंगे।

यूसुफ़ – हमें फ्रेज़र साहब के बबर्ची ने सब बता दिया?

मुन्शी जी – हैं! क्या कहा? कमिश्नर को पता लग गया।

यूसुफ़ – आप फ़िक्र न कीजिये, इत्तला आई है, मगर कमिश्नर ने परवाह नहीं की।

गुलशन – शराब के नशे में धुत पड़ा है। खा खा कर दुम्बा हो रहा है।

मौलवी – दिल्ली की फ़ौजों को ख़बर मिल गई तो लड़ाई घमसान की होगी।

गुलशन – दिल्ली की पलटनें हमारा साथ देंगी।

यूसुफ़ – हम फ़ौजों में बराबर घूम रहे हैं, फ़ौज़ी भाई हमारे साथ हैं।

मौलवी – मेरठ के सिपाहियों की हर तरह मदद करनी चाहिये। मियां यूसुफ़ तुम जाओ और हकीम अहसन-उल्ला खां को इत्तला दे दो, किले में सब इन्तज़ाम ठीक कर दें, इन फ़ौजों का किले में घुसना ज़रूरी है।

यूसुफ़ – किले में घुसना मुश्किल नहीं, क़िले के लाहौरी दरवाज़े पर गारद के सब आदमी हमारे साथ हैं।

मुन्शी जी – मैगज़ीन में क्या हाल हैं।

यूसुफ़ – रहीम बख़्श दरवान ने सब बन्दोबस्त कर लिया है, उसका इशारा पाते ही हम हल्ला बोल देंगे, मैगज़ीन पर क़ब्ज़ा हो जावेगा। मैगज़ीन में कुल पांच अंग्रेज हैं।

मुन्शी जी – शाबाश! यूसुफ़ मियां शाबाश!!

मौलवी – देखना एक फ़िरंगी भी बच कर न निकल जाये, सब नाकों पर अपने साथी बैठा दो . . .।

यूसुफ – (तलवार उठा कर) अल्ला ने चाहा तो एक फ़िरंगी बच कर नहीं जा सकता।

(गुलशन और मोहम्मद यूसुफ़ बाहर जाने लगते हैं, चौकीदार आता है)

चौकीदार – सरकार . . . सरकार . . . ! फ़ौजें आ गईं, सवार आन पहुंचे, वहां! वहां, जमना के उस पार, बंगले जला डाले।

मुन्शी जी – क्या कहा? फ़ौजें आ गईं?

यूसुफ – (जोश में) अल्ला हो अकबर, अल्ला हो अकबर!!

चौकीदार – हर हर महादेव, हर हर महादेव!!

(सब बाहर चले जाते हैं सिर्फ़ चौकीदार रह जाता है)

चौकीदार – (ऊपर की मंजिल की तरफ़ देख कर) नत्थू अरे ओ नत्थू। हर हर महादेव . . . हर हर महादेव (नाच कर आल्हा ऊदल गाने लगता है)

नत्थू – (ऊपर की मंजिल से क्या है क्यूं गुल मचा रक्खा है।

(नत्थू नीचे आता है, चौकीदार जोश में नाच रहा है)

चौकीदार – (नत्थू से) फ़ौजें, फ़ौजें, सवार! सवार!! . . . जमुना मय्या की जय . . . जमुना मय्या की जय!! . . .

(चौकीदार नत्थू को खींचता हुआ बहार ले जाता है)

बहू जी – (ज़नान ख़ाने की चिक से झांक कर) नत्थू ! अरे ओ नत्थू यह कैसा शोर है ? (बाहर आकर) यह कौन गुल मचा रहा था, हैं । अभी अभी तो कोई चिल्ला रहा था, (मरदाने की तरफ़ जाकर) यह घर है या कबाड़ख़ाना ? अभी तक सफ़ाई नहीं हुई । (सहन में लालटेन रक्खी देख कर) और चौकीदार को देखो यहां बीच सहन में ही लालटेन रखी छोड़ गया । (ऊपर की मंज़िल की तरफ़ देख कर) नत्थू ! अरे ओ नत्थू ! (छोटी बन्नों माधो की दुलहिन को लेकर बाहर आती है और सहन में बिछे पीढ़े पर बैठाती है, दुलहिन घूंघट काढ़ कर बैठ जाती है, छोटी बन्नो उसका बनाव सिंगार करती है । )

(छोटी बन्नों के करीब जाकर) अरे बस अब रहने भी दे हो चुका भाभी का सिंगार ! जा ज़रा दहेज के कपड़े और ज़ेवर तो ले जा !

(छोटी बन्नो भाभी से चिपट जाती है)

जा बेटी जा ले आ ।

(बड़ी बन्नो हार पिरोती बाहर जाती है)

(दुलहन का घूंघट उठा कर) चांद सा मुखड़ा है पारो का मेरे कलेजे का टुकड़ा ।

(छोटी बन्नो भाभी को फ़िर देखना चाहती है, बहू जी उसे धकेलती हैं । छोटी बन्नो अन्दर जाती है । माधो आता है, पंखा झल्ल रहा है )

माधो – उफ़ उफ़ किस बला की गर्मी है कि जिगर कबाब हुआ जाता है ।

(दुलहिन के क़रीब आकर) अम्मां !! देखो हम भी आ गये । हमें नहीं देखोगी ? क्यों ? हमारी शक्ल अच्छी नहीं ?

बहू जी – माधो बेटा ! अब तो तू इस तरह बोलना छोड़ दे, अब तू बड़ा हो गया है । सब क्या कहेंगे ।

(माधो दुलहिन की शक्ल देखने के लिये आगे आता है, बड़ी बन्नो तेज़ी से सामने आ कर खड़ी हो जाती है)

बड़ी बन्नो – ख़बरदार भय्या ! जो इधर आये ! शर्म नहीं आती ।

माधो – तू कौन है ? जा ! जा !! हार गूंध मालिन कहीं की ! हम कहते हैं, हमारे सामने से हट जाओ । हमारा गुस्सा ख़राब है ।

(गामी ख़ां बाहर से माधो को आवाज़ देता है )

माधो – आया भाई ! गामी ख़ां ! आया ।

(दुलहिन की शक्ल देखना चाहता है लेकिन बड़ी बन्नों नहीं देखने देती, माधो बड़ी बन्नों की चोटी खींचता है )

बड़ी बन्नो – (चीख़ कर) हाय मैं मरी !

(माधो बाहर भाग जाता है, बड़ी बन्नो दुपट्टे के आंचल से आंसू पोंछती है)

बहू जी – ठहर तो सही जाहिल कहीं का (ड्यौढ़ी की तरफ़ जा कर) फिर उस गुण्डे के साथ ? (वापिस आकर) चुप हो जा बेटी !

(लाला जी की बहू--अशरफ़ी–इमरती

चादरें ग्रोढ़े ग्रन्दर ग्राती है पंखे झल रही है )

लाला जी की बहू – (चादर उतारते हुए) ऐ भाभी सुना है तुमने, शहर में क्या हो रहा है, सारे ग्रादमी जमुना जी की तरफ़ भागे जा रहे हैं, डोली वालों का इन्तज़ार करके हार झक मार कर बैठ गई ग्राज सुबह से पता नहीं मरे कहां चले गए ।

बहू जी – ग्ररे यहां ! सुबह सुबह यहां भी कोई ग्राया था । बड़ा शोर मचाया, जमुना मय्या की जय, जमुना मय्या की जय ! ग्राज काहे के जय कारे, ग्राज तो कोई तीज़ त्यौहार भी नहीं है ।

(नत्थू घबराया हुग्रा दाखिल होता है)

नत्थू – दीन की लड़ाई । धर्म की लड़ाई——पांच सवार . . . दीन . . . दीन . . . दीन !!

(सब नत्थू की तरफ़ देखते हैं, वह इधर उधर भागता है)

बहू जी – ग्ररे क्या बक रहा है ।

नत्थू – दरवाज़ा बन्दकर लो . . . फाटक . . . किवाड़ . . . लड़ाई लड़ाई . . . ! दीन की लड़ाई !!

लाला जी की बहू – पगला तो नहीं हो गया ?

नत्थू – फ़ौजें ग्रागयीं । घौड़ों . . . सवार ! सवार । पांच सवार !!

(बाहर दूर ग्रल्ला हो ग्रकबर ग्रौर हरहर महादेव के नारे लग रहे हैं)

(सब कान लगाकर सुनते हैं)

लाला जी की बहू – हाय राम ! बैठे बैठाये क्या मुसीबत ग्रा गई है ?

नत्थू – दरवाज़ा बन्द कर लो ! ग्रन्दर जाग्रो . . . . ग्रन्दर . . . . भागो ! !

(ग्रल्ला हो ग्रकबर ग्रौर हरहर महादेव के नारे ग्रब साफ़ सुनाई देते हैं ग्रौरतें घबरा जाती हैं, स्टेज पर कोहराम मच जाता है, लड़कियां ऊपर जाती हैं । लाला जी की बहू—बहू जी, दुलहिन को ले कर ज़नान-खाने में जाना चाहती हैं । इस भगदड़ में बहू जी के पैर में मोच ग्रा जाती है, वह लंगड़ाती हुई ग्रन्दर जाती है ।)

लाला जी की बहू – ऐ नत्थू ! जा कहीं से डोली ले ग्रा, पीनस, मझोली कुछ भी मिले ले ग्रा ।

नत्थू – ग्राज कोई सवारी नहीं मिलेगी, ग्रन्दर चली जाग्रो, इस वक्त, बाहर जाना ठीक नहीं ।

लाला जी की बहू – हाय रे क्या करूं, कहा जाऊं ?

(लाला जी की बहू, दुलहिन के साथ ग्रन्दर ग्राती हैं)

(बाहर गली में शोर हो रहा है, मारो, मारो, पकड़ो, पकड़ो ! दौड़ो की ग्रावाज़ें सुनाई देती हैं । नत्थू दरवाज़ा बन्द कर देता है)

बहू जी – ग्ररी लड़कियों, नीचे उतर ग्राग्रो ग्रन्दर ग्रा जाग्रो ।

छोटी बन्नो – (ऊपर की मंजिल से) वो देखो ! वो ! आग लग रही है। मकान जल रहे हैं।

बहू जी – आ जाओ ! नीचे आ जाओ....जल्दी उतर आओ (लड़कियां नीचे आकर अन्दर चली जाती हैं, बहू जी भी अन्दर जाती है, दरवाज़े पर दस्तक होती है)

एक शहरी – मैं हूं बाकें लाल दरवाज़ा खोल दो। दरवाज़ा खोल दो।

(नत्थू दरवाज़ा खोलता है, बाकें लाल आता है) जमुना जी का पुल तोड़ दिया। किश्तियां खींचली, सवार राजघाट दरवाज़े से अन्दर आ गये हैं और दरियागंज के सारे बंगले जला डाले नत्थू ! शहर में ग़जब हो रहा है। अब क्या होगा...?

नत्थू – क्या बताऊं क्या होगा ! गली का चौकीदार भी सवारों के साथ हो लिया।

एक शहरी – ख़ास बाज़ार और ख़ानम के बाज़ार के लाहौरी सराफ़ हथियार लेले कर निकल पड़े। मोहम्मद यूसुफ़ उनका सरदार है वो भी सवारों से मिल गये।

नत्थू – इसी तरह फ़िरंगियों को मारते रहे तो शाम तक एक फ़िरंगी भी न बचेगा।

(बहू जी, ज़नानख़ाने से आवाज़ देती हैं, नत्थू ज़नानख़ाने की ड्योढ़ी तक जाता है)

बहू जी – (अन्दर से) अरे नत्थू ! ज़रा जाकर डोली पालकी ले आ। लाला जी की बहू बहुत घबरा रही है, अपने घर जाना चाहती है।

नत्थू – (एक शहरी से) क्यूं भई बांके लाल जी कोई डोली मिल जायेगी इस वक़्त ?

एक शहरी – राम का नाम लो, इस वक़्त डोली पालकी क्या ? एक कहार भी नहीं मिलेगा सब मारने मरने में लगे हैं।

(दूसरा शहरी घबराया हुआ अन्दर आता है)

दूसरा शहरी– मार दिया ! मार दिया ! बस मार दिया!!

एक शहरी – क्या हो गया चुन्नी लाल ! किसको मार दिया ?

दूसरा शहरी– मार दिया ! बस मार दिया !

नत्थू – किसको मार दिया ? किसने मार दिया ? कुछ बतायेगा भी ?

दूसरा शहरी – पांच सवारों में से एक सवार मारा गया, एक सवार मारा गया।

एक शहरी – हैं ! क्या कहा ? मेरठ के सवार को मार दिया ?

दूसरा शहरी – हाँ हां ! फ्रेज़र साहब ने—फ्रेज़र साहब ने मारा ! उन्होंने एक सवार को निशाना बनाया जो अपने घोड़े समेत वहां ढेर हो गया लेकिन सवारों ने भी ऐसी ताक कर गोलियां मारीं कि एक गोली कप्तान डगलस के पांव में लगी।

एक शहरी – फिर क्या हुआ ?

दूसरा शहरी – सवार बराबर उनका पीछा करते रहे, फ्रेज़र साहब ने क़िले के लाहौरी दरवाज़े के दरबान को हुक्म दिया, दरवाज़े बन्द कर लो, मगर पहरे के सूबेदार ने हुक्म न माना, दरवाज़ा खोल दिया। सवार अन्दर दाख़िल हो गये।

एक शहरी – पहरे का सूबेदार सवारों से मिला हुआ होगा। सब इन सवारों से मिल गये हैं, नवाब झज्झर की पलटनों ने और क़िले के सिपाहियों ने भी अंग्रेज़ों का हुक्म मानने से इन्कार कर दिया।

नत्थू – और सुना है, एक फ़रिश्ता आसमान से उतरा और राजघाट का दरवाज़ा खोल दिया।

एक शहरी – हां ! राजघाट का चौकीदार भी इन सवारों के साथ था। (गली में फिर शोर होता है। चन्द शहरी अन्दर आते हैं किसी के हाथ में बर्छी किसी के भाला है, कोई लठ लिये है तो कोई मुगदर उठाये हैं। अल्ला हो अकबर और दीन पुकारते हैं)

तीसरा शहरी – अरे तुम कहां छिपे बैठे हो, बाकें और चुन्नी . . . ?

चौथा शहरी – फ्रेज़र और डगलस दोनों का सफ़ाया (ज़ोर ज़ोर से हंसता है) सारे अंग्रेज़ों का सफ़ाया (फिर हंसता है)

तीसरा शहरी – राजा किशनगढ़ की कोठी में जितने अंग्रेज़। मेंम और बच्चे छिपे थे सबको भून डाला, सांप और सपोलियों सब का ख़ातमा।

नत्थू – हाय ! हाय ! नन्हें नन्हें बच्चों को मार डाला ! चच...चच !! यह अच्छा नहीं हुआ।

तीसरा शहरी – (ख़ौफ़नाक हंसी हंसते हुए) पागल कहीं का, तेरा ख़्याल है, इन फ़िरंगियों की औलाद को अपनी छाती पर मूंग दलने के लिए जिन्दा रखेंगे।

(दूर तोपों की आवाज़ें सुनाई देती हैं)

एक शहरी – सलामी की तोपें चलीं, शायद।

दूसरा शहरी – फिर कहां धावा बोला।

तीसरा शहरी – बस शाम तक दिल्ली हमारी।

चौथा शहरी – धर्म और दीन का बोल बाला।

तीसरा शहरी – अल्लाहो अकबर ! अल्लाहो अकबर !!

एक शहरी – हर हर महादेव ! हर हर महादेव !! नत्थू जनानख़ाने की ड्योढ़ी के करीब जाता है। (नारे लगाते सब बाहर जाते हैं, अशरफ़ी तेजी से बाहर जाती है, बड़ी बन्नो ने कसकर हाथ पकड़ा है, अशरफ़ी हाथ छुड़ाना चाहती है)

अशरफी – मैं जाऊंगी, ज़रूर जाऊंगी ! छोड़ दे जाने दे मुझे बन्नो।

बड़ी बन्नो – अरी पगली हो गई है क्या ? कैसी बातें कर रही है, ऐसे लड़ाई दंगे में बाहर जायेगी ?

अशरफी – नहीं, नहीं, नहीं, मैं अपने भाई जी के पास जाऊंगी, ज़रूर जाऊंगी, लालाजी इन्तज़ार कर रहे होंगे, वह मेरे बग़ैर खाना नहीं खा सकते।

(बहू जी और लाला जी की बहू बाहर आती हैं)

बहू जी – आजा बेटी, आजा, आ मेरी रानी आ। (अशरफ़ी, बहू जी से चिपट जाती है और रोने लगती है) न रो बेटी ना रो ना! अभी थोड़ी देर में चली जाइयो, सवारी मंगा दूंगी।

लाला जी की बहू – हाये! क्या करूं भाभी?

बहू जी – (बड़ी बन्नो से) अरी बन्नो बेटी तुम दुलहिन के पास रहो, बहू घबरा जायेगी बेचारी (लाला जी की बहू से) घबराओ नहीं।

(कन्हैया बाहर आता है)

कन्हैया – अम्मा! क्या हो गया अशरफ़ी को, मैं बुला लाऊं डोली वाले को?

बहू जी – ना बेटा! ना तू बाहर ना जाइयो! तेरी तबियत अच्छी नहीं जा, जा अन्दर लेट जा।

(छोटी बन्नो बाहर जाती है)

छोटी बन्नो – वाह! री मेरी अशरफ़ी इतनी सी देर में घबरा गई, याद नहीं उस बंजारन ने पहले ही कहा था, आंधियां चलेंगी। तूफ़ान आयेंगे डरने की क्या बात है, गुलशन ने भी कह दिया था थोड़े दिनों में हमारा राज होगा।

कन्हैया – अम्मा! अम्मा! अभी अभी सलामी की तोपें चली थीं, अब तो बाजे बजेंगे, बादशाह की सवारी निकलेगी।

बहू जी – हां हाँ ठीक बात है। अब तो हमारा राज होगा। आ अन्दर आजा। घबरा नहीं।

(छोटी बन्नो, अशरफ़ी को लेकर अन्दर जाती है)

(मीर साहब बाहर से आवाज़ देते हैं, कन्हैया ड्योढ़ी तक जाता है लाला जी भी आते हैं)

कन्हैया – मीर साहब, आदाब, चाचा आदाब।

मीर साहब– क्यूं लाला जी साहब? ठीक कहां था ना हमने? दिल्ली पर क़ब्ज़ा होना मुश्किल नहीं, अंग्रेज़ बुरी तरह भाग रहे हैं।

लाला जी – ताज्जुब है साहब! लेकिन ख़्याल रहे ये अंग्रेज़ मानने वाले नहीं फ़ौजें जमा करके फिर आयेंगे।

मीर साहब– देसी सिपाही तो इनका साथ देंगे नहीं, वो तो आपस में मिल गये हैं।

लाला जी – क्यूं बेटा कन्हैया, मुंशी जी कहां हैं?

कन्हैया – क़िले में होंगे अभी आये नहीं।

मीर साहब– पता नहीं, क़िले में अन्दर क्या हाल होगा, मुन्शी जी आयें तो पता चले। शहर में तो...

लाला जी – बैंक तोड़ फोड़ डाला, गिरजाघर भी साफ कर दिया और प्रेस में भी आग लगा दी।

मीर साहब– बस दिल्ली तो अंग्रेज़ों के हाथ से गयी समझो।

कन्हैया – चाचा। अभी थोड़ी देर हुई बड़ा शोर मचा, गली मोहल्ले के आदमी निकल निकलकर भागे सबके हाथ में तलवारें बर्छी भाले थे। यह कहाँ जा रहे थे?

लाला जी – मैगज़ीन पर धावा बोलने, कशमीरी दरवाज़े की तरफ।

कन्हैया – जहां बहुत सा बारूद है? तलवार बन्दूकें रक्खी होती हैं?

मीर साहब– मोहम्मद यूसुफ़ के क्या कहने! चार हज़ार आदमियों को साथ लेकर मैगज़ीन पर धावा बोल दिया।

लाला जी – रहीम बख़्श दरबान उसका साथी था, इशारा पाते ही यूसुफ़ मियाँ रवाना हो गये।

मीर साहब– मैगज़ीन पर कब्ज़ा हो गया तो बहुत सा समान हाथ आ जायगा। हथियारों की कमी नहीं रहेगी।

कन्हैया – चचा, थोड़ी देर हुई तोपें चली थी न, यह सलामी की तोपें थीं।

मीर साहब– हां बेटा दिल्ली और मेरठ के सिपाहियों ने मिल कर बादशाह सलामत को सलामी दी।

कन्हैया – (हंसकर) तोपें सुन कर अशरफ़ी की जान निकल गई भागी घर से बाहर, रो कर कहने लगी मैं अपने भाई जी के पास जाऊंगी। वह मेरे बग़ैर खाना नहीं खा सकते।

(लाला जी हंसते हैं)

मीर साहब– कहां है अशरफ़ी? बुलाकर लाओ, बिटिया को यहां।

कन्हैया – (अकड़ कर) उसे तो मैं यहां बैठे बैठे बुला दूं।

मीर साहब– वो कैसे?

कन्हैया – (लाला जी के कान में कुछ कहता है) क्यूं ठीक है न चाचा?

लाला जी – हां, मीर साहब! कन्हैया को अशरफ़ी की सब बातें मालूम हैं।

मीर साहब – अच्छा तो फिर दिखाओ, इसी बात पर अपनी जादूगरी।

कन्हैया – एक शर्त पर।

मीर साहब – वह क्या?

कन्हैया – मुंह मांगा इनाम मिले तो।

लाला जी – अच्छी बात है। देखें तुम्हारी बानगी।

(कन्हैया सौदे वाले की आवाज़ लगाता है)

मीर साहब – रेशम के जाल में हिलाया, कन्द का बना है जलेबा खालो।

अशरफ़ी – (अन्दर से) अरे ओ जलेबे वाले?
(अशरफी और छोटी बन्नो बाहर जाती हैं)
(अपने बाप को देख कर) भाई जी? (बाप से चिपट जाती हैं)

मीर साहब – (छेड़ कर) जाओ बिटिया जाओ, पहले जलेबा तो ले आओ।

(अशरफ़ी और छोटी बन्नो बाहर ड्योढ़ी तक जाती हैं, गली में इधर उधर झांक कर वापिस लौटती हैं)

छोटी बन्नो – अच्छा! अब समझी। यह कन्हैया की शरारत है।

मीर साहब – क्यूं साहब! यह चुपके चुपके झोली में छिपाये क्या ले जा रही हैं।

(सब हंस पड़ते हैं)

अशरफ़ी – देखिये मीर साहब। यह कन्हैया बहुत ख़राब है।

कन्हैया – क्यूं मीर साहब, हो गया इनाम, बस लाइये एक जोड़ा कबूतर का हमारे लिये ।

मीर साहब – वाह मियां वाह ! ऐसी लड़ाई झगड़ों में तुम्हें कबूतर खूब याद आये ।

छोटी बन्नो – वाह मीर साहब आप के पास बहुत कबूतर हैं ।

मीर साहब – हां ! हां ! कई सौ ।

छोटी बन्नो – आप हमारे लिए एक लक्का लाइये ।

मीर साहब – लक्का, लक्का कबूतर वोह वोह जो यूं मुंह फुला कर (मुंह फुलाते हैं) नाचता है ।

(अशरफ़ी, छोटी बन्नो और कन्हैया हंस पड़ते हैं)

लाला जी – (अशरफ़ी के गाल पर हल्की सी चपत लगाते हुये) पगली कहीं की ! थोड़ी देर हुई रोती थी ।

(अशरफ़ी झेंप जाती है)

मीर साहब – अच्छा लाला जी, हम चल दिये ।

लाला जी – क्यूं ? मुंशी जी का इन्तज़ार ना कीजियेगा ?

मीर साहब – इन बच्चों में भी अच्छा कबूतरों का जिक्र छेड़ दिया । लड़ाई झगड़े में फ़ुरसत नहीं मिली काबुक देखने की ।

(मीर साहब चलते हैं मुन्शी जी आते हैं)

मुन्शी जी – आदाब अर्ज़ मीर साहब, कहां तशरीफ़ ले जा रहे हैं, आल्लाह लाला जी भी तशरीफ़ फ़रमाते हैं ।

लाला जी – क्यूं साहब ? क़िले से तशरीफ़ ला रहे हैं क्या ? क़िले में क्या हाल है ?

मुन्शी जी – ना पूछिये साहब ! पत्ता पत्ता झूम रहा है, ज़र्रा ज़र्रा नाच उठा है । शादीयाने बज रहे हैं, मुबारिकबादियां गाई जा रही हैं, जश्न और जलूस की तैयारियां हो रही हैं ।

मीर साहब – हज़ूर जहांपनाह तो बहुत खुश होंगे, सिपाहियों की ख़िदमत से ?

मुन्शी जी – देसी सिपाही क़िले और दरवाज़े की निगरानी कर रहे हैं, यह बहादुर अपना सर हज़ूर के क़दमों पर निसार करने के लिये तैयार है ।

मीर साहब – या अल्लाह ! तेरी शान मुग़लिया सल्तनत जिन्दा बाद ! शाहे ज़फ़र जिन्दाबाद !!

(एक ज़ोर का धमाका सुनाई देता है)

मुन्शी जी – हैं ! यह कैसा धमाका ?

लाला जी – कैसी ख़ौफ़नाक आवाज़ थी ।

मीर साहब – ख़ुदा ख़ैर करे ।

लाला जी – लड़ाई फिर से शुरू हो गई क्या ?

मुन्शी जी – मेरा ख़्याल है बारूद में आग लगी ।

मीर साहब – ठीक सोचा आपने, मैगज़ीन ही पर कब्ज़ा करने गये थे, सब लोग ।

(गली में शोर बुलन्द होता है)

लाला जी – यह कैसा शोर है ? जाकर देखो क्या बात है ।

(लाला जी बाहर गली में जाते हैं)

मुन्शी जी – मोहम्मद यूसुफ़ और रहीम बक्श के साथ हज़ारों आदमी हैं, वो मैगज़ीन तो ज़रूरी ले लेंगे ।

मीर साहब – शहर कोतवाली में पहुंच कर इन हज़ारों आदमियों ने क़ैदियों को आज़ाद किया और अपने साथ ले लिया। शहर कोतवाल मान गया।

(लाला जी घबराये हुए वापिस आते हैं)

लाला जी – लोग घबराये हुए कशमीरी दरवाज़े की तरफ़ भाग रहे हैं, कहते हैं मैगज़ीन में आग लग गई।

मुन्शी जी – मैगज़ीन में आग लगा दी, जोश में लोग होश खो बैठे, ये यूसुफ़ मियां ने क्या किया ?

मीर साहब – मैगज़ीन में आग लगाना अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना है।

मुन्शी जी – आइये देखिये क्या माजरा है।

मीर साहब – आप ठहरिये। मैं घोड़े पर जाकर अभी खबर लाता हूं।

(मीर साहब बाहर जाते हैं)

मुन्शी जी – जनाब लाला जी साहब।

लाला जी – जी मुन्शी जी।

मुन्शी जी – शाही ख़ज़ाना ख़ाली है, रसद का इन्तज़ाम करान ज़रूरी है। आप शहर के साहूकारों को इकट्ठा कीजिये और रुपया जमा, कीजिये वरना हमारे सिपाही बाग़ी हो जावेंगे।

(मीर साहब वापिस आते हैं। मोहम्मद यूसुफ़ साथ है। बुरी तरह सर पर पट्टी बन्धी है। हांफ रहा है। कपड़ों पर ख़ून के धब्बे हैं)

मुन्शी जी – यूसुफ़ मियां ?

यूसुफ – मैगज़ीन उड़ गया। मैगज़ीन उड़ गया। मुन्शी जी साहब। मैगज़ीन उड़ गया !!

मुन्शी जी – हैं यूसुफ़ मियां......क्या कह रहे हो, मैगज़ीन उड़ गया ? क्यों ? किस तरह ? कैसे ?

यूसुफ – ग़ज़ब हो गया। सितम हो गया। हज़ारों मारे गये। रहीम बख्श हाय रहीम बख्श...।

मुन्शी जी – क्या कहा ? हज़ारों मर गये...रहीम बख्श को क्या हुआ ?

यूसुफ – रहीम बख्श मारा गया। हज़ारों दिल्ली वाले मर गये।

लाला जी – भई क्या हुआ ? बेटा बताओ तो सही।

यूसुफ – जब सिपाहियों और दिल्ली वालों ने मैगज़ीन पर हल्ला बोला और उसे घेर लिया तो जो अंग्रेज़ अन्दर थे उन्होंने बारूद में आग लगा दी।

मीर साहब – बारूद में आग लगा दी और खुद को मार दिया ?

यूसुफ – जी हां। सिर्फ़ पांच अंग्रेज मैगज़ीन में थे, उन्होंने हमारी भारी तादाद देखी तो बारूद में आग लगा दी, हमारे साथी...हाय ! हाय ! अब क्या होगा।

(स्टेज पर हल्का सा अंधेरा हो जाता है, बाहर गली में लोगों के कराहने की आवाज़ें सुनाई देती हैं, लाला जी ड्योढ़ी से बाहर जाते हैं)

मुन्शी जी – यह कैसी दर्दनाक आवाज़ें हैं ?

मीर साहब – या इलाही ! यह क्या माजरा है ?

लाला जी – (ड्योढ़ी से) शहर के कहार ज़ख्मीयों को डोलियों में भरभर कर ला रहे हैं।

यूसुफ – हाय ! सोचा था क्या और क्या हो गया।

मुन्शी जी – बस इतनी सी बात से घबरा गये यूसुफ़ मियां ? बहादुर हो कर घबराते हो ये जंग है हिम्मत रक्खो । जख्मीयों की इमदाद के लिए शहर के तमाम शफ़ाख़ाने और दवाख़ाने खुल जाने चाहियें । हम बल्लीमारान जाते हैं हमारे साथ चलिये ।

मीर साहब – जी हां ।

पहलवान – (बाहर से) जनाब मुन्शी जी साहब ।

मुन्शी जी – अन्दर आ जाओ पहलवान ।

(पहलवान अन्दर आता है)
क्या ख़बर लाये ?

पहलवान – हुज़ूर शहर में लूट मार हो रही है, रात के अन्धेरे में शहर के लुच्चे लफ़ंगे और बदमाश दुकानों और मकानों के ताले तोड़ रहे हैं । दिल्ली वाले ख़ौफ़ के मारे घरों में भाग गये, बाज़ार खुलने का अब कोई इमकान नहीं ।

मुन्शी जी – इधर जख़्मियों की चीख पुकार, उधर लूटमार इस गुण्डागर्दी और बदअमनी को रोकना चाहिये ।

पहलवान – शहर कोतवाल भाग गया, बदमाशों को अब किसी का ख़ौफ़ नहीं ।

मुन्शी जी – गुण्डों और बदमाशों के साथ सख़्त कार्रवाही की जायेगी । कौन है इनका सरदार ?

पहलवान – गामी ख़ां ।

मुन्शी जी – गामी ख़ां...शहर का गुण्डा । उसे उसके साथियों समेत गिरफ़्तार कर लो । जाने न पावे ।

(गुलशन दाख़िल होती है)

गुलशन – दवाख़ाने और शफ़ाख़ाने खुल गये है, दिल्ली के हकीम और वैद्य जी जान से ज़ख़्मियों की मरहम पट्टी कर रहे हैं, लेकिन पट्टियों के लिए कपड़ा नहीं मिल रहा है, दुकानें बन्द पड़ी हैं ।

मुन्शी जी – कपड़े की कमी गुलशन ! जितना कपड़ा घर में मौजूद है ले जाओ (गुलशन ज़नानख़ाने की ड्यौढ़ी तक जाती है, चिक के बाहर कपड़े के थान थाम लेती है ।)

गुलशन – आपकी इनायत का शुक्रिया ।

मुन्शी जी – ये कपड़ा शहर के बीमारों और ज़ख़्मियों के काम न आयेगा तो किसके आयेगा...आइये साहब चलिये ।

(सब बाहर जाते हैं । स्टेज पर हल्की सी रोशनी है, माधो दबे पांव अन्दर आता है, इधर उधर देखता है, फिर वापस ड्योढ़ी पर जाता है)

माधो – आजा यार गामी ! आजा ! मैदान साफ़ है...कोई नहीं है

(गामी आता है कन्धे पर पोटली है)

गामी खां – आज मेरे दिल की मुराद पूरी हुई, लाला को वो मज़ा चखाया कि याद करेगा । अपनी दौलत पर फूला न समाता था, हमको भिखारी समझता था, पैसा मांगा तो घर से निकाल दिया ।

माधो – बिन मागे मोती मिले, मांगे मिले न भीख ।

गामी खां – अब सारे माल से हाथ धो बैठा ।

माधो – हमारे पीछे हाथ धो कर पड़ा था, कहता था कि माधो शराबी-कबाबी हो गया है । जानता नहीं कि हम दिल्ली के तख़्त पर बैठनेवाले हैं, क्यों गामी खां ।

गामी खां – जी हां ! हज़ूर सही फ़रमाते हैं ।

माधो – श्रौर गामी ख़ां तुम हमारे वज़ीर, श्रच्छा तो श्रब दिखाश्रो तुम्हारे ख़ज़ांने में क्या है।

गामी खां – श्रापको क्या चाहिये सरकार ?

माधो – हम को हार चाहिए श्रपनी दुल्हन के लिये, हम उसे श्रपनी मलिका को पहनायेंगे ।

गामी खां – हार कौन सा ? . . . हार ।

माधो – वो जो लाला जी के मकान से उचकाया था ।

(गामी ख़ां पोटली खोल कर देखता है)

गामी खां – हज़ूर श्राप के ख़ज़ाने में हार कहां है ?

माधो – देखो मियां तुम हमारे बज़ीर हो हमें ग़च्चा न दो । सूली पर चढ़ा देंगे हम ।

गामी खां – (पोटली माधो की तरफ़ बढ़ा कर) यह लो यह सारा माल श्रापका, श्राप भी क्या कहेंगे किस रईस से पाला पड़ा है ।

(माधो पोटली ख़ून्द मारता है)

माधो – बायें हाथ से दे दो उस्ताद । हम से श्राना-कानी न करो हमारा गुस्सा ख़राब है इस पोटली में ना श्रशरफ़ियां हैं ना ज़ेवर

गामी खां – श्रापको तो वहम हो गया है हज़ूर ।

(माधो ख़ंजर निकाल लेता है, गामी जाने लगता है)

माधो – (गामी ख़ां का रास्ता रोक कर) मैं जाने नहीं दूंगा गामी ख़ां ख़ून ख़च्चर हो जायेगा । श्रकेले श्रकेले माल हज़म करना चाहते हो ।

गामी खां – (ज़ोर ज़ोर से हंसता है) बस बिगड़ गये ? इतनी सी देर में, यह लो हार !

(हार ज़मीन पर फेंकता है, माघो हार उठाने के लिये झुकता है, गामी ख़ां ख़ंजर छीन लेता है)

श्रब बोल क्या कहता है, हार प्यारा है या जान प्यारी है ? मांग क्या मांगता है . . . ? हमारी बिल्ली हमीं से म्याऊं ?

(पहलवान श्रौर उसके पट्ठे नंगी तलवारें लिये श्रा जाते हैं । माधो मौका पा कर गामी ख़ाँ की ज़द से बाहर हो जाता है)

गामी खां – कौन ? तुम ?

पहलवान – गिरफ़्तार कर लो इन दोनों को । श्रौर ले चलो क़िले में । (माधो श्रन्दर भाग जाता है, गामी ख़ां को पकड़ कर सब बाहर ले जाते हैं । नत्थू बाहर श्राता है पीछे-पीछे बाहर जाता है । लाला जी श्राते हैं)

लाला जी – कहां है माधो ? माधो ! सुनता है या नहीं । (ज़नानख़ाने की ड्योढ़ी के क़रीब जाकर) माधो बाहर श्रा ।

(कन्हैया श्राता है)

कन्हैया – चाचा श्राप . . . (लाला जी के क़रीब श्राता है) लाला जी कन्हैया को धक्का देते हैं । (कन्हैया डर कर भागता है)

लाला जी – कहां है तेरा भाई ? लुच्चा कहीं का ! चोर ! बदमाश !!

(श्रशरफ़ी बाहर श्राती है)

श्रशरफी – भाई जी !

लाला जी – श्रशरफ़ी, बुला लाश्रो श्रपनी बहन श्रौर मां को, श्रौर चलो मेरे साथ ।

श्रशरफी – श्राप तो नाराज़ हो रहे हैं ।

लाला जी – सुना नहीं मैंने क्या कहा। चलो मेरे साथ घर। अब मैं इस घर में एक पल नहीं ठहर सकता।

(लाला जी की बहू आती है, स्टेज के एक तरफ घूंघट निकाल कर खड़ी हो जाती है)

लाला जी की बहू – क्या हो गया ? आप किस पर ख़फ़ा हो रहे हैं।

लाला जी – मैं लुट गया ! बरबाद हो गया !! हमारी दुकान, हमारा मकान इन बदमाशों ने लूट लिया।

अशरफी – हैं ! हमारा मकान लूट लिया।

लाला जी की बहू – क्या कहा, दुकान लूट ली।

लाला जी – मैं इस मुन्शी की बात में आ गया। मैंने आंख मींच कर इसकी मदद की और इसकी औलाद ने मुझे सांप बन कर डस लिया।

लाला जी की बहू – आप क्या कह रहे हैं? कुछ समझ में ही नहीं आता ?

लाला जी – आज मैं इस माधो के बच्चे को बन्दूक़ से मार डालूंगा। मैं इसकी हड्डी पसली तोड़ दूंगा।

(छोटी बन्नो, बड़ी बन्नो, इमरती भी बाहर आती है) मेरा घर उजाड़ डाला। मेरी एक एक चीज़ लूट ली।

लाला जी की बहू – माधो ने ?

लाला जी – हां ! हां ! इस लुच्चे ने ! गामी खां के शागिर्द ने। बड़ा शरीफ का बच्चा बना फिरता है अब मैं यहां नहीं ठहर सकता। यह माधो ज़हरी हैं।

छोटी बन्नो – हैं भय्या ?

लाला जी – मैं कहता हूं आप खड़ी खड़ी क्या सोच रही हैं, फ़ौरन यहां से निकल चलो। यह मकान मुझे काट रहा है।

लाला जी की बहू – जा बेटी ! मेरी चादर ले आ, अन्दर से।

लाला जी – नहीं हमें कुछ नहीं चाहिये ! पड़ी रहने दो चादर ! आयेगी इन्हीं के कफ़न के काम।

लाला जी की बहू – हाय रे हमारा सब कुछ लुट गया हम बरबाद हो गये।

(इमरती अशरफ़ी लाला जी की बहू से चिपट जाती हैं)

बहू जी – (ज़नानख़ाने से) ऐ बहू क्या हो गया ?

लाला जी की बहू – सुनली अपने बेटे की ? अपने लाडले की करतूत ? लूट का माल घर में भर लिया ? अब तो कलेजे को ठंडक मिल गई ?

बहू जी – ऐ बहू यह क्या कह रही हो ? तुम तो यहां सुबह से बैठी हो हमें तो पता भी नहीं।

लाला जी की बहू – अभी पता नहीं तो थोड़ी देर में पता चल जायेगा, जब तुम्हारा लाडला झोलियां भर-भर कर अशर्फ़ियां तुम्हारे क़दमों में डालेगा।

बहू जी – ना करे भगवान्, हम किसी का माल चुरायें। ना करे परमात्मा, हमारे ऐसे दिन आयें, हम कोई चोर डाकू थोड़ा ही हैं।

लाला जी की बहू – पूछ लो ना अपनी औलाद से, माधो अन्दर

ही तो हैं। हमें हमारा माल मिल जाना चाहिये......चलो बेटी चलो......ये कहां दिवाल ।

बहू जी – ऐ बहू ठहरो तो मैं तुम्हारा सब कुछ दिलवा दूंगी ऐसे मत जाओ यूं ख़फ़ा मत हो।

(लाला जी, लाला जी की बहू, अशरफ़ी, इमरती बाहर जाती हैं)

बहू जी – (बाहर आकर)

(हाय राम अब क्या होगा इस माधो ने तो हमारी नाक कटवा दी। हमारे माथे पर कलंक का टीका लग गया)

कन्हैया – अम्मा माधो भैय्या ने चोरी कर ली।

छोटी बन्नो – और चाचा को लूट लिया।

बड़ी बन्नो – अब अशरफ़ी, इमरती हम से कभी नहीं बोलेंगी वो हम से कुट्टी कर देंगी।

(नत्थू जाता है, कंधे पर बोरी है ऊपर की मंज़िल में जाता है)

बहू जी – अरे नत्थू ए नत्थू ! (नत्थू सीढ़ी पर चढ़ता है) देखो बेटा कन्हैया यह नत्थू क्या ले जा रहा है। यह क्या है उस के पास ?

कन्हैया – (ज़ोर से) क्यों रे नत्थू क्या है तेरे पास।

छोटी बन्नो – अम्मा नन्थू भी किसी को लूट लाया।

बड़ी बन्नो – क्यूं रे तू ने भी चोरी की है क्या ?

बहू – हाय रे यह क्या हो गया यह कैसे दिन आ गये। किस्मत फूट गई हमारी।

(कन्हैया तेज़ी से नत्थू के पीछे जाता है)

कन्हैया – दिखा दिखा क्या है इस बोरी में।

(कन्हैया भाग कर वापिस आता है)

अम्मा ! अम्मा ! देखो देखो (बच्चे का जूता दिखाता है) देखो यह क्या ?

बहू जी – हैं यह तो किसी बच्चे का जूता है। जूते चुरा लाया किसी के।

कन्हैया – नहीं अम्मा नहीं....नत्थू बच्चे चुरा लाया है।

बहू जी – हैं क्या कहा। बच्चे......?

(ऊपर की मंज़िल से बच्चे के रोने की आवज़ आती है छोटी बड़ी बन्नो भाग कर सीढ़ियो की तरफ जाती हैं क्यों बे नत्थू ! ये किस के बच्चे हैं, नीचे तो आ कम्बख़्त ! ये क्या ले आया ?)

(छोटी बन्नो नत्थू के पीछे जाती है)

छोटी बन्नो – (ऊपर की मंजिल से) अम्मा, अम्मा ! दो नन्हें नन्हें बच्चे....फ़िरंगियों के बच्चे।

(माधो दीवान ख़ाने से बाहर आता है)

माधो – जो फ़िरंगियों को घर में छिपायेगा उसका सिर क़लम कर देंगे। कहां हैं फ़िरंगी बच्चे ? किसने छिपाये हैं बताओ ?

बहू जी – माधो बेटा ! माधो।

छोटी बन्नो – माधो भय्या लाला जी रूठ गये हम से।

बड़ी बन्नो – और चाची बहुत गुस्से में थी।

छोटी बन्नो – अशरफ़ी इमरती फिर कभी नहीं आयेंगी।

माधो – तो फिर मैं क्या करूं, मारो गोली सबके।

बहू जी – बेटा ! यह तूने क्या किया । लाला जी की दुकान लूट ली । मकान का ताला......

माधो – (बात काटकर) कौन कहता है । झूठा कहीं का हम कोई चोर डाकू हैं क्या ?

बहू जी – हां ! बेटा हां तू कोई चोर डाकू थोड़े ही है । तो फिर किसने लूटा लाला जी को ?

माधो – हमें क्या मालूम ? हमने क्या ज़माने भर का ठेका लिया है ।

बहू जी – यह गामी ख़ां कौन है । तेरा दोस्त है ?

माधो – हम कुछ नहीं जानते, होगा कोई ?

बहू जी – बतादे बेटा बतादे । देख तू तो मेरा चांद है आंखों का तारा ।

(मुन्शी जी गुस्से में आते हैं)

मुन्शी जी – यह ऐसे नहीं बतायेगा, जब तक हंटरों से सूड़ा नहीं जायेगा । बताओ माल कहां है ? आवारागर्द । चोर ! उचक्का !! शर्म नहीं आती । दुकानों के ताले तोड़ते हुए । मकानों में डाके डालते ।

माधो – पिता जी... ..

मुन्शी जी – पिता जी का बच्चा ! मैं तेरी नस-नस से वाक़िफ़ हूं । मुझे तेरी हर बात का पता है । आध घण्टे के अन्दर अन्दर यहां सब माल लाकर रख दो वरना...

माधो – जी, जी मैंने किसी का माल नहीं चुराया ।

मुन्शी जी – चोरी और सीना ज़ोरी...! कन्हैया ! जाओ अन्दर से मेरा हंटर उठा लाओ ।

(कन्हैया दीवान खाने में जाता है)

बहू जी – बतादे बेटा ! बतादे ।

मुन्शी जी – तुम मत बोलो । बीच में से हट जाओ । मैं आज इसकी खाल उधेड़ दूंगा । बताओ लाला जी के ज़ेवर और अशरफ़ियां कहां हैं ?

छोटी बन्नो – हैं ज़ेवर ?

बड़ी बन्नो – अशरफ़ियाँ...।

मुन्शी जी – इस चोर डाकू ने पांच हज़ार अशरफ़ियां चुराई हैं और लाला जी का तमाम ज़ेवर मार लिया ।

बहू जी – हैं ! यह क्या किया तूने बेटा ?

(कन्हैया हंटर लेकर आता है । मुन्शी जी हंटर ले लेते हैं)

मुन्शी जी – (हंटर को ज़मीन पर पटक कर) बोल ।

बहू जी – (रोकर) ऐ बेटा कन्हैया जा जल्दी से जा मीर साहब को बुला ला । ये मार डालेंगे मेरे बेटे को । लाला जी से कह दे हम तुम्हारी पाई पाई चुका देंगे । जा बेटा जल्दी जा भाग कर जा ।

(कन्हैया जाता है)

मुन्शी जी – (माधो के क़रीब आकर जवाब दो ।

माधो – गामी ख़ां ने शहर से दूर जंगल में छिपा दिया है ।

मुन्शी जी – अच्छा तुम्हारा फ़ैसला अभी हुए जाता है । (ज़ोर से आवाज़ देकर) पहलवान अन्दर आ जाओ । गामी ख़ाँ को बाहर पहलवान ने पकड़ रक्खा है अन्दर बुलाता हूं झूठ सच का पता चल जायेगा ।

बहू जी – आप माधो को माफ़ कर दीजिये । वह बच्चा है अब ऐसा नहीं करेगा ।

मुन्शी जी – (डाटकर) मैं कह चुका हूं तुम इसमें दखल न दो। इसका फ़ैसला तुम्हारे और मेरे हाथ में नहीं है। शहर वाले ही इसका फ़ैसला कर सकते हैं।

तुम सब अन्दर चली जाओ।

(बहू जी और लड़कियां जाती हैं। पहलवान गामी खां की मुश्के कसे अन्दर आते हैं। चन्द शहरी भी साथ हैं)

एक शहरी – यही है हज़ूर वो बदमाश जिसने मेरी बच्ची की कानों की बालियां उतारी हैं।

दूसरा शहरी – और हज़ूर–यह मेरे तमाम बर्तन भाँडे उठा कर ले गया।

एक शहरी – इसी के इशारे पर तमाम गुण्डों ने मेरा ग़ल्ला लूट लिया।

दूसरा शहरी – हाय! अब मैं क्या करूं। मेरे पास तो जो कुछ था सब लुट गया। मैं दाने दाने को मौहताज हो गया।

एक – गामी ख़ाँ को मौत की सज़ा मिलनी चाहिये।

दूसरा – इसे दरख़्त से उलटा लटका दिया जाये।

तीसरा – इसे तोप के मुंह से बाँध के उड़ाया जाये।

मुन्शी जी – गामी ख़ाँ। बताओ यह सब माल कहां है।

गामी ख़ाँ – हज़ूर मैं बेक़सूर हूं। माधो को सब कुछ मालूम है।

माधो – मुझे क्या मालूम।

एक – झूठ बोलता है।

दूसरा – यही सब का सरदाना है।

एक – लूट का माल इसके ही पास है।

मुन्शी जी – गामी ख़ाँ! तुम जानते हो इसका नतीज़ा अच्छा नहीं। इन सब का माल दे दो। वरना...

गामी ख़ां – हज़ूर! माल मेरे पास नहीं। मैं सच कह रहा हूं। माल तो माधो ने औने पौने दामों पर बेच दिया। इन्हीं से पूछिये।

माधो – गामी ख़ां। इतना झूठ?

मुन्शी जी – चुप रहो माधो। डाकू तुम भी हो। जो सजा गामी ख़ाँ को मिलेगी वही तुम्हें भी दी जायेगी। (सबसे मुख़ातिब होकर) मैं हज़ूर जहाँपनाह की ख़िदमत में हाज़िर होकर आप सब की तकलीफ़ात ब्यान करूंगा और सिफ़ारिश करूंगा कि इन सब बदमाशों को तोप से उड़ा दिया जाय।

जनानेख़ाने से बहू जी की चीख़ सुनाई देती है (जनानख़ाने की ड्योढ़ी के क़रीब जाकर) ख़बरदार। जो किसी ने मुंह से आवाज़ निकाली।... पहलवान। देखते क्या हो इस बेईमान की भी मुश्के कसलो और ले चलो।

(पट्ठे और पहलवान, माधो की मुश्कें कस लेते हैं और तलाशी लेते हैं। मीर साहब आते हैं पीछे-पीछे कन्हैया)

मीर साहब – अरे भई। यह क्या तमाशा है। यह कैसी कचहरी लगी है। (शहरियों की तरफ़ देख कर) क्यों जनाब आप का कुछ नुक़सान हो गया क्या?

मुन्शी जी – गामी ख़ाँ और माधो ने मिल कर शहर को लूट लिया।

तीसरा
शहरी — मेरी दुकान लूट ली। सारा ग़ल्ला ले गये।

दूसरा
शहरी — मेरे पास खाने को भी नहीं रहा।

मीर साहब — आप फ़िक्र न कीजिये। आप की पाई पाई चुका दी जायेगी हम हज़ूर जहाँपनाह से आप का सब कुछ दिलवा देंगे।

दूसरा
शहरी — मीर साहब ! आपका शुक्रिया। अब हम चलें आपके साथ।

मुन्शी जी — गामी खां और माधो को क़िले के मैदान में ले चलो पहलवान। चीज़ें ये चुरायें और सबका माल बादशाह सलामत भरें। ये नहीं हो सकता। माल इन्हीं को वापिस देना होगा। वरना इनकी खैर नहीं।

पहलवान — (मुन्शी जी को हार दिखाता है) माधो भय्या के पास तो सिर्फ़ यह हार ही था वोह मैं लाला जी के पास पहुंचा दूंगा

मुन्शी जी — (हार लेकर) बस तो साबित हो गया कि माधो ने भी चोरी की।

(लाला जी आते हैं)

लाला जी — जनाब मुन्शी जी साहब ! हमने रसद का इंतजाम कर लिया है। हम अभी अभी क़िले से आ रहे हैं। हज़ूर जहांपनाह शहर तशरीफ़ ला रहे हैं। उनकी सवारी निकलेगी। वो सबकी दुकानें खुलवाने आ रहे हैं। (शहरियों से) आप इतमीनान रक्खें आपका सब माल मिल जायेगा।

मीर साहब — क्या हज़ूर वाल्लाह शहर के इन्तज़ाम के लिये खुद तशरीफ ला रहे हैं।

लाला जी — बस सवारी निकलने वाली है (शहरियों से) आप लोग अपने घर जांय आप के माल का मैं ज़िम्मेदार।

एक शहरी — आपका शुक्रिया।

(सब शहरी जाते हैं)

मुन्शी जी — लाला जी साहब ! मैं नादिम हूं जो सज़ा आप चाहें, इन्हें दे सकते हैं। मुलज़िम हाज़िर हैं।

लाला जी — इंसान से भूल हो जाती है, माधो अभी बच्चा है। गामी खां के चक्कर में फंस गया। पहलवान माधो की मुश्कें खोल दो। आइन्दा ऐसा नहीं करेगा।

मुन्शी जी — लाला जी साहब ये आप क्या फ़रमा रहे हैं। यह इंसाफ़ नहीं है। माधो और गामी खां दोनों मुलज़िम हैं।

मीर साहब — माधो ने हार दे दिया गामी खां चाहे तो वो भी छूट सकता है। लाला जी का माल दे दे।

मुन्शी जी — (गामी खां के पास जाकर) देखो गामी खाँ ! मेरी इज़्ज़त तुम्हारे हाथ है मैं तुम से इलतिजा करता हूं लाला जी का माल वापिस कर दो।

(गामी खां हां कर देता है)

शाबाश तुमने मेरी इज़्ज़त रखली। गामी खां की मुश्कें खोल दो। (पहलवान गामी खां और माधो की मुश्कें खोलते हैं। गामी खां बाहर, माधो अन्दर भागता है। ढंढोरी पिटती है)

ढंढोरची — (बाहर सड़क पर) खलकत खुदा की, मुल्क बादशाह का, हुक्म बादशाह का।

लाला जी — हज़ूर जहांपनाह की सवारी आ रही है।

(पहलवान के पट्ठे बाहर जाते हैं)

मीर साहब – मुन्शी जी साहब क्या सोच में पड़ गये आइये। आइये सवारी में शरीक हो जाइये चलिये—चलिये।

(मीर साहब, लाला जी, मुन्शी जी बाहर जाते हैं। नत्थू पहलवान को रोक लेता है)

पहलवान – (नत्थू से) मुन्शी जी ने गामी ख़ां को छुड़ा कर अच्छा नहीं किया वो क़ौम और मुल्क का दुश्मन है। इसको आज़ाद रखना ख़तरे से ख़ाली नहीं।

नत्थू – अगर गामी ख़ाँ आज़ाद ना होता तो माधो भय्या भी तोप से उड़ा दिये जाते।

पहलवान – माधो और गामी ख़ां की दोस्ती अच्छी नहीं। गामी ख़ां पर कड़ी नज़र रखने की जरूरत है। काला नाग है इसका काटा पानी नहीं माँगता।

नत्थू – भई पहलवान एक बात है।

पहलवान – क्या बात है नत्थू?

नत्थू – तुम्हें तो बच्चों से बहुत प्यार है ना, तुम अगर चाहते तो इन बच्चों को बचा सकते हो।

पहलवान – किन बच्चों को... किसके बच्चों को....

नत्थू – पहलवान तुम मेरी मदद कर सकते हो। तुम इन दोनों बच्चों को छुपा लो।

पहलवान – कौन से बच्चे। कैसे बच्चे.... यह क्या कह रहे हो नत्थू?

नत्थू – मैं दो फ़िरंगी बच्चों को उठा लाया हूं। उन्हें बचा लो।

पहलवान – कहाँ हैं वो।

नत्थू – ऊपर मेरी कोठरी में।

पहलवान – किसी ने देखा तो नहीं।

नत्थू – माधो भय्या जानते हैं मुझे डर है गामी ख़ां से न कह दें।

पहलवान – मुन्शी जी के मकान की तलाशी हो गयी तो ये बच्चे बेमौत मारे जायेंगे।

नत्थू – जभी तो चाहता हूं कि बच्चों को कहीं और छिपा दूं।

पहलवान – कहां छिपाना चाहते हो?

नत्थू – पहलवान! इन्हें अखाड़े में छिपा दूं?

पहलवान – वहाँ तो खुले मैदान की रेवड़ियां हैं। वहां कहां छुपाओगे। वह जगह ठीक नहीं।

नत्थू – तुम्हारे मकान में तो तहख़ाना भी है?

पहलवान – है तो सही मगर...

नत्थू – पहलवान! तुम्हारा कोई क्या बिगाड़ सकता है तुम्हें किसका डर।

पहलवान – (चारों तरफ़ देखकर) कहां हैं बच्चे?

नत्थू – अभी लाया।

(नत्थू ऊपर जाता है और कन्हैया आता है)

कन्हैया – उस्ताद!

पहलवान – कन्हैया बेटा।

कन्हैया – भय्या बच गये। भय्या बच गये।

पहलवान – हां! कन्हैया लाला जी ने बचा लिया वरना...

कन्हैया – और मीर साहब ने भी तो...

(गुलशन का बेटा शेखू कन्हैया को बाहर से आवाज़ देता है)

पहलवान – कौन आया है ?

कन्हैया – गुलशन का बेटा शेखू। मेरा साथी। बछेरा पलटन का सिपाही।

(कन्हैया बाहर जाता है। नत्थू बोरी लिये नीचे आता है।)

(पहलवान को बोरी दे कर)

नत्थू – मैं तुम्हारा ज़िन्दगी भर एहसान नहीं भूलूंगा पहलवान।

पहलवान – नत्थू यह क्या कह रहे हो तुम ? मजाल है जो किसी को पता चल जाये। जान भी चली जाये लेकिन इसका भेद किसी को न दूंगा।

(पहलवान जाता है। गुलशन आती है)

गुलशन – नत्थू अरे ओ नत्थू। सुना तूने। हज़ूर जहांपनाह की सवारी आ रही है।

नत्थू – ढंढोरी तो पिटी थी।

गुलशन – ढंढोरी नहीं...सवारी क़िले से चल दी। आती ही होगी।

(शेखू और कन्हैया अन्दर आते हैं)

नत्थू – वाह ! क्या जोड़ी है।

गुलशन – बछेरा पलटन के सिपाही हैं। आज बहुत खुश हैं दोनों।

(नौबत, नफ़ीरी बज रही हैं। बादशाह की सवारी आ रही है। )

कन्हैया – हम भी अब रोज़ जश्न मनायेंगे।

गुलशन – हां क्यूं नहीं अब तो हंसी ख़ुशी के दिन फिर आ गये।

कन्हैया – क़िले में मुशायरा होता है और हमें कोई नहीं बुलाता।

गुलशन – (समझते भी हो) शेर किस चिड़िया का नाम होता है।

कन्हैया – हमारे घर में भी मुशायरा होगा।

गुलशन – शायर आ रहे हैं क्या ?

शेखू – अजी हम क्या किसी से कम हैं।

गुलशन – शायर ना शायर की दुम।

शेखू – जनाब ! सब दौर के शायर इकट्ठे होंगे। जो इस दुनियां में हैं और जो नहीं भी हैं।

गुलशन – क्या मतलब।

शेखू – मीर तक़ी मीर और इंशा भी होंगे। हज़रते ज़ौक़, मिर्ज़ा ग़ालिब और जनाबे दाग़।

गुलशन – यह तो ख़ूब तज़वीज़ है।

कन्हैया – उधर क़िले में असली मुशायरा होगा और यहां...

गुलशन नक़ली।

(शहनाई और बाजों की आवाज़ें साफ़ सुनाई देती हैं)

कन्हैया – (चिक के क़रीब जा कर) बन्नो बाहर आजाओ। सवारी आ रही है।

(छोटी बन्नो, बड़ी बन्नो, दुलहिन और बहू जी बाहर आती हैं। कन्हैया और शेखू मुंह फेर कर खड़े हो जाते हैं। लड़कियां

और दुलहिन ऊपर की मंज़िल पर चली जाती हैं)

बहू जी – (लंगड़ाती हुई पीढ़े तक जाती हैं) अरे नत्थू ओ नत्थू ! गर्म पानी का पतीला ले आ ।

गुलशन – क्या हो गया बहू जी ।

बहू जी – पैर में मोच आ गई गुलशन ! एं गुलशन यह शेख़ू है तुम्हारा बेटा ? (शेख़ू क़रीब आता है)

शेख़ू – आदाब अर्ज़ ।

बहू जी – जीते रहो बेटा

कन्हैया – चल भई शेख़ू चल सवारी में शामिल हो जायें ।

(नत्थू गर्म पानी का पतीला लाकर रखता है बहू जी पैर पानी में रखती हैं)

गुलशन – ज़रा सा नमक डाल लो पानी में ठीक हो जाओगी ।

छोटी बन्नो – (ऊपर की मंज़िल से) अम्मा ! अम्मा ! निशान का हाथी आ रहा है ।

बड़ी बन्नो – हज़ूर बादशाह । मौला बख़्श हाथी पर सवार हैं ।

गुलशन – क्या बात है । मौला बख़्श हाथी की भी ।

बहू जी – हाथी क्या है इंसान की अक़्ल रखता है ।

छोटी बन्नो – एक बहुत बड़ा चांदी का हुक्का हाथी के सर पर रक्खा है ।

बड़ी बन्नो – और महावत के कन्धे पर पेचवान की सटक रक्खी है ।

गुलशन – फ़ौजदार खां ठाट से बैठे होंगे । पुराने महावत जो ठहरे ।

छोटी बन्नो – बादशाह हुक्का पी रहे हैं ।

बहू जी – कैसा मज़ा आ रहा है इन लड़कियों को ।

गुलशन – कितने अरसे बाद यह मंज़र देखने को नसीब हुआ ।

बड़ी बन्नो – अम्मा ! अम्मा ! वह देखो । वह देखो । पलटनें भी आ रही हैं । बाजे बज रहे हैं,

गुलशन – सब शहज़ादे पल्टनों के सरदार हैं । सुना है नवाब ज़ीनत महल साहिबा ने भी बल्लम टियर पल्टन को अपनी मातहती में ले लिया है ।

छोटी बन्नो – सब दूकानें खोल रहे हैं । अहा हा हा... हा हा हा (ख़ुशी से तालियां बजाती हैं)

बड़ी बन्नो – ख़ूब चहल पहल है बड़ा मज़ा आ रहा है ।

गुलशन – (दुआइयां अन्दाज़ में) या परवर दिगार तेरा लाख लाख शुक्र है ।

पर्दा गिरता है
तीसरी मजलिस से
पहला सीन

(पर्दा उठता है, चन्द छोटे छोटे लड़के शायरों के लिबास में अन्दर आते हैं इधर उधर देखते हैं और मसनद पर बैठ जाते हैं ।)

शेख़ू – (ड्योढ़ी से झांक कर) क्यों भाई कन्हैया आ जायें ।

कन्हैया – आ जाओ शेख़ू आ जाओ मतला माफ़ है ।

शेख़ू – फिर क्या देर है । हो जाये मुशायरा शुरू ......बुलाओ मियां नक़ीब को कहां है ।

नकीब – (ऊंची आवाज़ में) लीजिये शपे महफ़िल बुलबुले हिन्दुस्तान जनाब मिर्ज़ा ख़ां दाग़ देहलवी के रुबरु पेश की जाती है।

(नक़ीब शमा को उठाकर उस लड़के के सामने जो दाग़ के लिबास में होता है रख देता है और पीछे जाकर खड़ा हो जाता है।)

दाग़ – इजाज़त है बन्दा परवर यहां उस्तादाने फ़न जमा हैं इजाज़त चाहता हूँ।

सब शोरा – बिसमिल्ला......बिसमिल्ला......

दाग़ – अर्ज़ किया है

फिरे राह से वो यहां आते आते
अजल मर रही तू कहां आते आते
तुझे याद करने से ये मुद्दा था
निकल जाये दम हिचकियां आते आते
मेरे आशियां के तो थे चार तिनके
चमन उड़ गया आधियां आते आते
नहीं सहल ऐ दाग़ यारों से कह दो
कि आती है उर्दू ज़बां आते आते

सब शोरा – वाह ! वाह

सुभान अल्ला
क्या बात है, क्या बात है।

दाग़ – आदाब अर्ज़ तसलीमात।

नकीब – अब शमा महफ़िल उस्ताद उस्सुलतान मलिक उश्शोरा ख़ाकाने हिन्द शेख़ मोहम्मद इब्राहीम ज़ौक़ के आगे पेश की जाती है।

(नक़ीब शमा को उस लड़के के सामने जो ज़ौक़ के लिबास में है रखता है और पीछे जाकर खड़ा हो जाता है।)

ज़ौक़ – लाई हयात आई क़ज़ा ले चली चले

अपनी ख़ुशी ना आये ना अपनी ख़ुशी चले
बेहतर तो है ये ही कि ना दुनिया से दिल लगे
पर क्या करें जो काम ना बेदिल्लगी चले
दुनिया ने किसका राहे फ़ना में दिया है साथ
तुम भी चले चलो यूं ही जब तक चली चले

शोरा – सुभान अल्ला...सुभान अल्ला !

नकीब – अब शमे महफ़िल सैय्यद इन्शा अल्ला ख़ां इंशा के रुबरु आती है।

(नक़ीब शमा को उस लड़के के सामने जो इंशा के लिबास में है रख देता है और पीछे जा कर खड़ा हो जाता है।)

इंशा – कमर बांधे हुए चलने को यां सब यार बैठे हैं
बहुत आगे गये बाक़ी जो हैं तैयार बैठे हैं
ना छेड़ ए निकहते बादे बहारी राह अलग अपनी

तुझे अठखेलियां सूझी हैं हम बेज़ार बैठे हैं

नकीब – अब शमा महफ़िल नज़मुद्दौला दबीर उल मुल्क नवाब मिर्ज़ा असद उल्ला ख़ां ग़ालिब देहलवी के सामने पेश की जाती है।

(नक़ीब शमा को उस लड़के के सामने जो ग़ालिब के लिबास में है रखता है और पीछे जा कर खड़ा हो जाता है।)

गालिब – आह

आह को चाहिये एक उम्र असर होने तक
कौन जीता है तेरी ज़ुल्फ़ के सर होने तक
हमने माना के तग़ाफ़ुल न करोगे लेकिन
ख़ाक हो जायेगें हम तुम को ख़बर होने तक
ग़मे हस्ती का असद किस से हो जुज़ मर्गइला ज
शमा हर रंग में जलती है सहर होने तक

एक शायर – (दबी ज़बान से) सुभान अल्ला

नकीब – अब शमा ख़ुदाये सुख़ुन मीर मौहम्मद तक़ी मीर देहलवी की जनाब में जलवारेज़ है। (नक़ीब शमा को उस लड़के के सामने जो मीर के लिबास में है रखता है और पीछे जाकर खड़ा हो जाता है।)

मीर – भई हम क्या और हमारा कलाम क्या। मगर ख़ैर अर्ज़ किया है

मुंह तका ही करें है जिस तिस का
हैरती है ये आइना किस का
शाम ही से बुझा सा रहता है
दिल है गोया चिराग़ है मुफ़लिस का

ताब किसको जो हाले मीर सुने
हाल कुछ और ही है मजलिस का

शोरा – क्या ज़बान है! क्या अन्दाज़े ब्यान है। क्या सोज़ो गुदाज़ है क्या दर्द है। क्या ख़ूब फ़रमाया है।

मीर – ये ज़र्रानवाज़ी है वरना मन आनम के मन दानम

गामी खां – (बाहर से) माधो . . . माधो . . .

नकीब – (ड्यौढ़ी से झांक कर) अरे भागो बाहर गामी खां खड़ा है।)

(सब लड़के बाहर भाग जाते हैं।

गामी खां – (हंसता हुआ अन्दर आता है) भाग गये... डर गये . . . शायरी कर रहे थे।

(माधो आता है।)

माधो – फिर आ गये यार तुम।

गामी खां – हम गये कहां थे। जो आते, हम तो तुम्हारे क़दमों में ही हैं।

माधो – दोस्ती हो तो ऐसी हो।

गामी खां – भई इस पहलवान ने नाक में दम कर रक्खा है। जी में आता है इसके सीने में ख़ंजर भौंक दूं। कमबख़्त कुछ करने नहीं देता।

माधो – मियां हमको भी ऐसे ज़ोर से जकड़ा उस रोज़ अधमुंआ कर दिया इस बेईमान ने।

गामी खां – जिधर जाता हूं पीछा करता है।

माधो – पहलवान की जान मेरी मुट्ठी में है। जो हम चाहे कर सकते हैं।

गामी खां – सच कह रहे हैं सरकार, कुछ हमें भी तो बताइये।

माधो – हम भी क़यामत की नज़र रखते हैं।

गामी खां – कुछ बताइयेगा भी या यूं ही तरसाइयेगा।

माधो – बस एक न एक दिन उसके मकान पर धावा बोलना पड़ेगा। सब इसकी बोटियाँ ना नोच लें तो बात है ....

गामी – भई हम आपको सलाम झुकाते हैं मान जाओ बता दो बात।

माधो – आप कुछ अशरफ़ियां इनायत फ़रमायें तो बताया जाये आप पर भरोसा कम है।

गामी खां – हम तो आपके खादिम हैं, मान जाओ कहना (ठोड़ी पकड़ कर) भाई मेरे अच्छे भाई....

माधो – भाई ना भैय्या सबसे बड़ा रुपैय्या...नक़द नारायण...

गामी खां – सच कहता हूं, बहुत दिन से कोई शिकार नहीं मिला।

माधो – हमको चराते हो, ख़ज़ाने के ख़ज़ाने हड़प कर गये कहां हैं अशरफ़ियां।

गामी खां – अशरफ़ियां कहां लाला जी की तो पाई पाई चुकानी पड़ी।

माधो – हम सिर्फ़ लाला जी का माल ही थोड़ा लूटा था, दिल्ली में और भी तो अमीर रहते हैं।

(गामी ख़ां जेब से थैली निकालता है।)

माधो – शाबाश ! बात हुई ना ऐसे ही मिल बांट कर खाते रहे तो फिर कभी बदहज़मी नहीं होगी।

गामी खां – (थैली देने से पहले) बात बताओ।

माधो – क्या ख़ूब सौदा नक़द है, इस हाथ दे उस हाथ ले।

गामी खां – (थैली पकड़ा कर) बताओ भी, बता भी चुको।

माधो – (गामी ख़ां के कान में कुछ कहता है) समझे... कहना नहीं किसी से।

गामी खाँ – क्या कहा...फ़िरंगी पहलवान के घर में।

माधो – आहिस्ता बोलो मियाँ आहिस्ता अपनी आखों से देखा है हमने।

मुन्शी जी – (बाहर से) नत्थू।

(माधो अन्दर झांकता है गामी खां सटपटा जाता है। मुन्शी जी आते हैं)

(कड़क कर) गामी खाँ तुम ! मेरे मकान में तुम्हारी ये हिम्मत।

गामी ख़ां – हज़ूर...हज़ूर...

मुन्शी जी – मेरे मकान का भी ताला तोड़ना चाहते थे।

गामी ख़ां – नहीं...नहीं सरकार ये बात नहीं।

मुन्शी जी – फिर यहां क्यूं आये।

गामी खाँ – हज़ूर का शुक्रिया अदा करने।

मुन्शी जी – क्या मतलब।

गामी ख़ां – आपने उस रोज़ मेरी जान बचा ली।

मुन्शी जी – बातें न बनाओ। साफ़ साफ़ बताओ यहां क्यूं आये।

गामी ख़ाँ – मैं सच कह रहा हूं हज़ूर।

मुन्शी जी – अच्छा अब तुम जा सकते हो।

गामी ख़ां – हज़ूर मैंने क़सम खा ली है अब कोई बुरा काम न करूंगा।

मुन्शी जी – नौ सौ चूहे खा के बिल्ली हज को चली।

गामी ख़ाँ – आपके सर की कसम मैंने तो बा कर ली है।

मुन्शी जी – अच्छा किया।

गामी ख़ाँ – मैं आपका ख़ादिम हूं कुछ मेरे लायक़ काम बताइये।

मुन्शी जी – तुम दिल्ली वालों पर बहुत बड़ा एहसान कर सकते हो।

गामी ख़ां – वो कैसे ! बताइये... बताइये।

मुन्शी जी – लूट मार छोड़ दो, जासूसी न करो।

गामी ख़ाँ – जासूसी, मैं जासूस हूं, नहीं सरकार यह आपकी भूल है।

मुन्शी जी – जो अंग्रेज़ों से साज़ बाज़ करेगा। शहर की ख़बरें बाओटे की पहाड़ी पर पहुंचायेगा तो हम उसकी चमड़ी उधेड़ देंगे। खाल में भुस भरवा देंगे।

गामी खां – अगर मैं आपको उनके नाम बता दूं तो . . .

मुन्शी जी – तुम जासूसों को जानते हो क्या ?

गामी खां – खूब अच्छी तरह और यह भी जानता हूं शहर में किस किस ने फ़िरंगियों को अपने घर में छिपा रक्खा है ।

मुन्शी जी – कौन हैं वो लोग जो ऐसा कर रहे हैं ।

गामी खां – आप उन्हें जानते हैं हज़ूर ।

मुन्शी जी – ख़बरदार, मुंह संभाल कर बात करो । तुम्हारा मतलब है, हम भी जासूसों से मिले हैं ।

गामी खां – नहीं सरकार । आप मेरी बात नहीं समझे ।

मुन्शी जी – फिर क्या कहना चाहते हो ?

गामी खां – नाम बता दूंगा सरकार, लेकिन आप नाराज़ तो ना होंगे ।

मुन्शी जी – नाराज़ ? नाराज़ क्यूं हूंगा, मगर हाँ, अगर तुमने झूठ बोला तो देख लेना । इसका नतीजा बुरा होगा ।

गामी खां – हज़ूर । ग़द्दारों को पकड़वाना मेरा काम है ।

मुन्शी जी – कौन है जो मुल्क से ग़द्दारी कर रहा है ?

हम उसे सख़्त से सख़्त सज़ा देंगे ।

गामी खां – सरकार ।

मुन्शी जी – बोलते क्यूं नहीं ।

गामी खाँ – पहलवान बहुत टेढ़े आदमी हैं...

मुन्शी जी – पहलवान ! पहलवान... पहलवान—क्या कहा ?

गामी खां – पहलवान जो कुछ कर रहे हैं आप सुन कर दंग रह जायेंगे ।

मुन्शी जी – यह क्या कह रहे हो । गामी खां । ज़बान सम्भाल कर बात करो...पहलवान के ख़िलाफ़ अगर एक लब्ज़ भी मुंह से निकाला ... तो...

गामी खां – माफ़ कीजियेगा ? मैं जानता था ? आप पहलवान के ख़िलाफ़ कुछ सुनना पसन्द नहीं करेंगे... अच्छा इजाज़त दीजिये । (गामी खाँ जाने लगता है ।)

मुन्शी जी – (सोच कर) गामी खां ठहरो !

(गामी खां ठहर जाता है)

बताओ, पहलवान ने क्या किया ? मगर सोच लो... जान की बाज़ी लगाई है तुमने ?

गामी खां -- जान हाज़िर है हज़ूर मुल्क और बादशाह के लिये मेरा सर भी क़लम हो जाये तो परवाह नहीं ।

मुन्शी जी – फिरंगी कहां कहां छिपे हैं ।

गामी खां – पहलवान के मकान में भी है हज़ूर !

मुन्शी जी – पहलवान के कान में ! सुनी सुनाई कहते हो या अपनी आँखों से देखा है ?

गामी खां – सरकार ! अपनी आंखों से देखा है । यही नहीं बल्कि वो पहाड़ी पर ख़बरें भी भेज रहे हैं ।

(मुन्शी जी तैश में आ जाते हैं और गामी खां का गेरवान पकड़ लेते हैं)

मुन्शी जी – (ज़ोर से) यह क्या बक रहे हो ? पागल तो नहीं हो गये, पहलवान और भेदी ?

गामी ख़ाँ – साँच को आंच क्या !

मुन्शी जी – हम समझ गये। तुम पहलवान से बदला लेना चाहते हो झूठी शिकायत करते हो क्यूं।

गामी ख़ां – सरकार ! अल्लाह गवाह है !

लाला जी – (बाहर से) जनाब मुन्शी जी साहब !

मुन्शी जी – लाला जी आये हैं, शायद !

गामी ख़ां – सरकार ! मैं जाऊं ?

मुन्शी जी – नहीं, तुम नहीं जा सकते।

गामी ख़ां – जैसे आपकी मर्ज़ी।

मुन्शी जी – अच्छा तुम अन्दर दीवान ख़ाने के उस तरफ़ चले जाओ और जब हम आवाज़ दें आ जाना, समझे !

गामी ख़ाँ – बहुत बेहतर हज़ूर !

(गामी ख़ां जाता है।)

मुन्शी जी – (ड्योढ़ी के क़रीब जाकर) आ जाइये लाला जी साहब ! अन्दर तशरीफ़ ले आइये।
(लाला जी और मीर साहब बातें करते दाख़िल होते हैं।)

लाला जी – २३ जून की लड़ाई में, हम हार गये और प्लासी का बदला न ले सके मगर अब हम ज़रूर जीत जायेंगे।

मीर साहब – जी हां ! बख़्त ख़ाँ ने पासा पलट दिया, अंग्रेज़ उस से डरते हैं, अंग्रेज़ों को दिन में तारे नज़र आने लगे हैं।

लाला जी – बड़ा होशियार और अक़्लमन्द सिपहसालार है !

मीर साहब – हज़ूर जहांपनाह भी बहुत ख़ुश हैं। हज़ूरवाला जानते हैं बख़्त ख़ाँ बहादुर है, दिलेर और हौसलेवाला है, वो अंग्रेज़ों को मुल्क से निकाल सकता है।

मुन्शी जी – मीर साहब ! यह तो सही है लेकिन शहज़ादे बख़्त ख़ां से जलते हैं। उसके काम में रोड़े अटकाते हैं, उसके ख़िलाफ़ सिपाहियों को भड़काते हैं।

लाला जी – शहज़ादों की बात जाने दीजिये। निकम्मे हैं निकम्मे, मिर्ज़ा मुग़ल को ही लीजिये, हर वक़्त उस क़ाबिल सिपहसालार की हज़ूर जहांपनाह से शिकायत करता है।

मीर साहब – एक म्यान में दो तलवार कैसे रह सकती है ! मिर्ज़ा मुग़ल की बजाय अगर बख़्त ख़ां ही सारी कमान अपने हाथ में ले ले तो अच्छा हो।

लाला जी – मैं तो रसद का सब सामान बख़्त ख़ां के पास ही भेज रहा हूं।

मीर साहब – जभी तो मिर्ज़ा मुग़ल आपकी जान के दुश्मन हो गये हैं, कहते थे बख़्त ख़ां रसद का सामान ख़ुद खा जाते हैं, हमारे सिपाहियों को कुछ नहीं देता।

मुन्शी जी – हमे बख़्त ख़ाँ का ही साथ देना चाहिये।

मीर साहब– अब अपने साथियों को भी समझा लीजिये ना।

मुन्शी जी – कौन से साथी ?

मीर साहब – वो जो हर वक़्त मिर्ज़ा मुग़ल के साथ रहते हैं, उन पर जान छिड़कते हैं।

लाला जी – यूसुफ़ मियां।

मुन्शी जी – हैं ! मोहम्मद यूसुफ़ ! वो तो समझदार है, उसे तो बख़्त ख़ां का ही साथ देना चाहिये।

मीर साहब – मौहम्मद यूसुफ़ किसी की नहीं सुनता। उसको किसी ने बहका दिया ! बख़्त ख़ां हज़ूर जहांपनाह की जगह गद्दी पर बैठना चाहता है।

मुन्शी जी – यह बिल्कुल झूठ है, ऐसा नहीं हो सकता ! बादशाह सलामत इन बातों में नहीं ग्रायेंगे।

लाला जी -- जी हां ! यह सिर्फ़ ख़्याली पुलाव है ! किसी के दिमाग की खराबी।

मीर साहब – भई लाला जी ! जिस काम के लिये ग्राये थे वो तो भूल ही गये !

लाला जी – वो तो बहुत ज़रूरी काम है, ग्राप बताइये ना, मुन्शी जी को !

मीर साहब – साहब ! हमको पता चला है, शहर में बहुत से लोगों ने ग्रंग्रेज़ों को ग्रपने मकानों में छिपा रक्खा है, ग्रौर ये जासूसी कर रहे हैं।

मुन्शी जी – जी हां। सुना तो मैंने भी है।

लाला जी – ग्रंग्रेज़ों को बाग्रोटे की पहाड़ी पर ख़बरें भेज रहे हैं।

मुन्शी जी – मैं पहलवान को बुलवाता हूं। इस बात का पता लगाये। (ग्रावाज़ देकर) नत्थू, ग्ररे ग्रो नत्थू . . .।

(नत्थू ग्राता है।)

नत्थू – जी सरकार।

मुन्शी जी – जाग्रो, ज़रा पहलवान को बुलाना . . . हां ! ग्रौर देखना, जल्दी ग्राना।
(नत्थू जाता है।)

मीर साहब – जासूसों को पकड़ कर बख़्त ख़ां के हवाले कर दीजिये तो ग्रच्छा है।

लाला जी – ग्रब कोई लूट मार नहीं कर सकता ! नाक, कान कटवा देते हैं गुण्डों के !

मुन्शी जी – शहर कोतवाल के पास भी हुक्म भेज दिया है कि शहर में लूट मार हुई तो कोतवाल को फांसी दे दी जावेगी।

लाला जी – ढंढोरा पिट गया है कि सारे दुकानदार ग्रपने पास हथियार रक्खें जिसके पास हथियार न हो वो हथियार मुफ़्त ले सकता है।

मीर साहब – ग्ररे हां ! याद ग्राया मुझे तो क़िले पहुंचना है, सब याद कर रहे होंगे। क्यूं लाला जी चलियेगा !

लाला – जी हां ! चलिये।

(लाला जी ग्रौर मीर साहब बाहर जाते हैं, पहलवान ग्रावाज़ देता है।)

मुन्शी जी – ग्रा जाग्रो, पहलवान ग्रन्दर ग्रा जाग्रो ! ग्रच्छा हुग्रा तुम ग्रा गये, मैंने तो नत्थू को भजा है तुम्हें बुलाने के लिये।

पहलवान – (चारों तरफ़ देख कर) हज़ूर !

मुन्शी जी – चारों तरफ़ क्या देख रहे हो, कोई नहीं है !

पहलवान – ग्रंग्रेज़ों को कुमक पर कुमक मिल रही हैं, रियास्तों के लश्कर करनाल की सड़क से बाग्रोटे की पहाड़ी पर पहुंच गये हैं।

मुन्शी जी – तुम्हें कैसे मालूम ?

पहलवान – हमारे साथी बराबर खबरें ला रहे हैं।

मुन्शी जी – हूं।

पहलवान – हमारे सिपाहियों में भी ग्रापस में फूट पड़ गई है, कोई किसी का हुक्म नहीं मानता, जो जी में ग्राता है करते हैं।

मुन्शी जी – देसी सिपाहियों के बारे में ऐसा कहना ठीक नहीं, ये वो बहादुर हैं जिन्होंने देश आज़ाद कराया, हमारा झण्डा गाढ़ दिया !

पहलवान – हज़ूर ! आप ठीक कह रहे हैं, लेकिन इन नींद के मातों ने दिल्ली को फिर खो दिया तो क्या होगा ।

मुन्शी जी – हमारे सिपाही बहुत होशियारी से लड़ रहे हैं: उन्होंने अंग्रेज़ों के छक्के छुड़ा दिये ।

पहलवान – सबज़ी मण्डी की लड़ाई में भी हम हार गये । हमारे एक हज़ार साथी मारे गये । ज्योतिषियों की बात ग़लत हो गयी, प्लासी के सौ बरस बाद भी लड़ाई हो रही हैं !

मुन्शी जी – मौत से ना डरो पहलवान ! लड़ाई में कभी किसी का पलड़ा भारी होता है कभी किसी का, आख़िर में जीत हमारी होगी ।

पहलवान – शहर में लूट मार बन्द है लेकिन....

मुन्शी जी – लेकिन क्या ?

पहलवान – सिपाही जिस मकान में चाहते हैं, घुस जाते हैं ।

मुन्शी जी – वह क्यों ?

पहलवान – फ़िरंगियों को ढूढने का बहाना करते हैं !

मुन्शी जी – इसमें तुम्हें क्या एतराज़ है ? फ़िरंगियों को घर में छिपाना जुर्म है, उन से साज़ बाज़ रखना मुल्क से ग़द्दारी है ।

पहलवान – ख़ाम ख्वाह किसी को तंग करना भी तो ठीक नहीं सरकार !

मुन्शी जी – हमने कह दिया जो अपने घर में फ़िरंगियों को छिपायेगा या उनसे मेल मिलाप रक्खेगा, हम उसको सख्त सज़ा दिलवायेंगे ! जाओ मालूम करो कि कौन लोग ऐसा कर रहे हैं ।

पहलवान – मैं इस बात का पता लगाऊंगा ।

मुन्शी जी – हमने सुना है, तुम्हें इन बातों का पहले ही पता है ।

पहलवान – यह आप से किसने कहा सरकार ?

मुन्शी जी – कोई भी कहे, काला चोर सही ! तुम्हें इससे क्या मतलब ?

पहलवान – आज तो आप बहुत नाराज़ मालूम होते हैं ।

(नत्थू आता है)

मुन्शी जी – क्या ये सच है कि तुम्हारे घर में भी फ़िरंगी छिपे हैं ?

पहलवान – मेरे घर में.... !

मुन्शी जी – हां, हां, तुम्हारे घर में । मैं जो कुछ पूछ रहा हूं । जवाब दो !!

(नत्थू हाथ के ईशारे से पहलवान को जवाब देने से रोकता है ।)

पहलवान – मैं इस वक़्त कुछ नही कह सकता ।

मुन्शी जी – क्यों ?

पहलवान – मैं मजबूर हूं ।

नत्थू – बात यह है सरकार......

मुन्शी जी – ख़बरदार ! जो तुमने बीच में दख़ल दिया, बताते क्यों नहीं पहलवान ।

पहलवान – फिर कभी बता दूंगा ।

मुन्शी जी – नहीं इस बात का जवाब अभी देना होगा । (पहलवान ख़ामोश रहता है ।)

तुम कैसे जवाब दे सकते हो, बात ठीक निकली !

जभी तुम सिपाहियों की बुराई कर रहे थे और मुझे भड़का रहे थे ।

पहलवान – देसी सिपाहियों की बुराई— ?

मुन्शी जी – और फ़िरंगी की तारीफ़—

पहलवान – मैंने तो फ़िरंगी की तारीफ़ नहीं की....मैंने तो आपको......

मुन्शी जी – ख़ैर, ख़ैर जाने दो इन बातों को, तुम मुझे बेवकूफ़ नहीं बना सकते, हम से ग़लती हुई जो तुम पर एतबार किया......जाओ मेरी आंखों से दूर हो जाओ......

पहलवान – यह क्या कह रहे हैं आप, कुछ सोचिये तो सही !

मुन्शी जी – बस, बस रहने दो, अब हम कुछ नहीं सुनना चाहते, तुम जा सकते हो ।

पहलवान – मैं आपकी इज़्ज़त करता हूं......आप

मुन्शी जी – इज़्ज़त, इज़्ज़त ! दो कौड़ी की इज़्ज़त कर दी, हमारी इज़्ज़त आबरु मिट्टी में मिला दी ।

(पहलवान जाता है, मुन्शी जी गुस्से में इधर उधर टहलते हैं । नत्थू पहलवान के पीछे पीछे बाहर जाने लगता है)

ख़बरदार ! नत्थू, जो तुमने पहलवान से बात की, जाने दो इसको !

नत्थू – सरकार ! पहलवान बिल्कुल बेक़सूर है ।

मुन्शी जि – मैं कहता हूं, निकल जाओ यहाँ से, बेक़सूर का बच्चा !

ख़बरदार जो एक लफ़्ज भी ज़बां से निकला, जाओ......

(नत्थू जाता है, मुन्शी जी अफ़सोस करते माथा पकड़े मसनद की तरफ़ जाते हैं, गामी खां दीवान ख़ाने की तरफ़ से बाहर आता है, और दबे पांव ड्योढ़ी की तरफ़ जाता है ।)

ठहरो गामी खां—!

(गामी खां ठहर जाता है ।)

तुम सच कहते थे, गामी खां । हमारी आंखों के आगे पर्दा था, आज तुमने हमारी आंखें खोल दी, हम दोस्त और दुश्मन में तमीज़ न कर सके । पहलवान वाक़ई भेदी हैं, तुमने हमें वक़्त पर जितला दिया, हम तुम्हारे ममनून हैं । तुम एक नेक इन्सान हो ।

गामी खां – आपकी ज़र्रा नवाज़ी है, बन्दा किस लायक़ है, ख़ाकसार तो हुज़ूर का ख़ादिम है । आपके इशारे का मुन्तज़िर हैं ।

मुन्शी जी – पहलवान पर कड़ी नज़र रक्खो, हर वक़्त उसकी ताक में रहो, शहर की ख़बरें देने से रोको ।

गामी खां – जो हुक्म सरकार ।

मुन्शी जी – शाबाश ! तुम वाक़ई बहादुर हो ! ख़्याल रखना, कोई जासूसी ना करने पाये ।

गामी खां – वो कुन्दी करूंगा कि होश ठिकाने आ जायेंगे ।

(एक शहरी बाहर से मुन्शी जी को आवाज़ देता है ।)

मुन्शी जी – यह तो चुन्नी लाल की आवाज़ मालूम होती है !

(गामी खां बाहर की तरफ़ झांकता है)

गामी खां – शहर वाले आये हैं ।

मुन्शी जी – बुला लाओ अन्दर ।

गामी खां – हुज़ूर ! अगर इजाज़त हो तो कुछ अर्ज़ करूं ।

मुन्शी जी – हां ! हां !

गामी खां – इन शहर वालों को हाथ पर हाथ धर कर नहीं बैठना चाहिए, ये सब हट्टे कट्टे जवान हैं, इन सबको लड़ाई में शामिल हो जाना चाहिए ।

मुन्शी जी – तुम ठीक कहते हो—गामी खां ।

गामी खां – और आप हमारे रहनुमा ।

मुन्शी जी – हमारे सिपहसालार बख़्त खां हैं !

गामी खां – बख़्त खां की क्या बात है । वो तो बड़े जरनैल हैं, हुज़ूर बादशाह सलामत ने तो आधा बादशाह बना दिया ।

मुन्शी जी – बख़्त खां माहिरे जंग हैं, और सुलझे हुये सिपाही......!

गामी खां – हमें उन्हीं का हुक्म मानना चाहिये, में अपने साथियों समेत उनकी खिदमत में हाज़िर हूंगा......अच्छा इजाज़त है ।

मुन्शी जी – मैं भी थोड़ी देर में क़िले जाऊंगा ! वहां मिलना !

(गामी खां जाता है, माधो बन्दूक़ की नाली साफ़ करता बाहर आता है ।)
माधो बेटा !

माधो – जी पिता जी ।

मुन्शी जी – शाबाश ! आज हम तुम से बहुत ख़ुश हैं, तुम्हारे हाथ में बन्दूक़ देख कर हमारा खून बढ़ गया ।

माधो – पिता जी ! मैं भी बख़्त खां का सिपाही बनना चाहता हूँ ।

मुन्शी जी – सिर्फ़ सिपाहियों से लड़ाई नहीं जीती जा सकती, अब सब को मैदाने जंग में कूदना होगा । जाओ और गामी खां के साथियों समेत फ़ौज में शामिल हो जाओ ।

माधो – गामी खां के साथ ।

मुन्शी जी – हां हां हम भी क़िले जा रहे हैं, गामी खां, बख़्त खां के पास गये हैं । बाहर शहरवाले खड़े हैं, उन्हें यहां बैठाना, हम तैयार होकर आते हैं । (माधो चलता है, मुन्शी जी दीवान खाने में जाते हैं । शहरी अन्दर आते हैं ।)

एक शहरी – यह शख़्स मानने वाला नहीं ।

दूसरा ,, – चोर चोरी से जाता है, हेराफेरी से नहीं ।

एक शहरी – मुन्शी जी से इसकी शिकायत करनी पड़ेगी ।

दूसरा ,, – मगर मुन्शी जी के मकान में इसे घुसने की हिम्मत हुई कैसे !

एक शहरी – नियत का खोटा है ।

दूसरा ,, – नियत खरी कब थी ?

तीसरा ,, – पक्का जासूस है ।

दूसरा ,, – मुख़बिर है, मुखबिर ।

एक शहरी – पहाड़ी पर अंग्रेज़ों से मेल मिलाप कर लिया है, शहर की तमाम ख़बरें पहुंचा रहा है ।

दूसरा ,, – तुम से घबराता है, देखते ही कैसा भीगी बिल्ली बन गया ।

तीसरा ,, – पूछना तो सही मुन्शी जी से ये यहां क्यों आया ?

– पूछा कर क्या करूंगा । मुन्शी जी इसकी नस नस से वाक़िफ़ हैं ।

एक शहरी – एक दफ़ा तो क़ाबू में आ गया लेकिन बच गया ।

दूसरा ,, – अच्छा होता, अगर तोप से उड़ा दिया जाता ।

एक शहरी – फिर सही ! बकरे की मां कब तक ख़ैर मनायेगी ।

तीसरा ,, – गामी खां का आज़ाद फिरना ख़तरे से ख़ाली नहीं ।

दूसरा ,, – गुण्डा है गुण्डा !

एक शहरी – गुण्डा नहीं शैतान !

(मुन्शी जी तलवार हाथ में लिये बाहर आते हैं )

एक शहरी – हैं ! मुन्शी जी साहब ! आपके हाथ में तलवार ?

मुन्शी जी – उठानी ही पड़ेगी, आपको भी–

दूसरा ,, – हमारे सिपाही बहुत जी दारी से लड़ रहे हैं ।

मुन्शी जी – सिपाही अकेले कुछ नहीं कर सकते, जब तक हम साथ न दें ।

तीसरा ,, – आप ठीक कहते हैं ।

दूसरा ,, – तो फिर क्या देखते हो । चलो हम भी फ़ौज में भरती हो जायें ।

तीसरा ,, – हां भई, सब दिल्ली वालों को लड़ना ही होगा ।

मुन्शी जी – आप लोग अन्दर कोठरी में चले जाइये और जो हथियार पसन्द हों ले लीजिये...... मैं क़िले जा रहा हूं, आप सब वहाँ आ जाइये ।

(मुन्शी जी आते हैं)

एक शहरी – आओ भई चुन्नी लाल हथियार चुन लें । (एक दो शहरी अन्दर कोठरी में जाते हैं । मौ० यूसुफ़ हाथ में तलवार लिये अन्दर आते हैं ।

मौ० यूसुफ – बाकें लाला !

एक शहरी – कौन यूसुफ़ मियां ।

मौ० यूसुफ़ – गुलशन तो नहीं आई इधर ।

एक शहरी – नहीं तो ।

(चन्द शहरी हथियार लिये कोठी से बाहर आते हैं)

मौ० यूसुफ़ – गुलशन लड़ाई की आग में कूद पड़ी है । हाथ में तलवार है कन्धे पर बन्दूक़ है । घोड़े पर सवार है ।

तीसरा शहरी– हैं क्या कहा ? गुलशन घोड़े पर सवार है । फ़िरंगियों से लड़ रही है ।

मौ०यूसुफ़ – वो मरदाना वार लड़ रही है । हज़ारों दिल्लीवाले उसके साथ हैं !

चौथा – फिर तो बेड़ा पार है ।

मौ० यूसुफ़ – गुलशन की जी दारी से हमारे साथियों के हौसले और भी बुलन्द हो गये हैं । वो बिजली की तरह दुश्मन पर टूट पड़ती है ।

चोथा शहरी– या अल्ला...तेरी शान ।

मौ॰ यूसुफ़ – आओ चलें हम भी उसका साथ दें।

एक शहरी – हम सब आपके साथ हैं।

दूसरा – आप हमारे रहनुमा हैं।

मौ॰ यूसुफ़ – मिर्ज़ा मुग़ल हमारे रहनुमा हैं।

एक – हम सब मिर्ज़ा मुग़ल के सिपाही हैं। उनके झण्डे तले जमा हो जाओ। हम उन्हीं का साथ देंगे। किसी और की नहीं सुनेंगे।

दूसरा – वो एक बहादुर जनरैल है अंग्रेज उनसे कांपते हैं।

तीसरा – वो ही मुल्क को आज़ाद करा सकते हैं और अंग्रेज़ों का ख़ात्मा कर सकते हैं।

चौथा – कम्पनी राज मुर्दा बाद।

तीसरा – हिन्दुस्तान जिन्दा बाद।

मौ॰ यूसुफ़ – क़सम खाओ कि अब हम पीछे नहीं हटेंगे। दुश्मन का डट कर मुक़ाबला करेंगे।

(सब शहरी तलवारें सूत लेते हैं।)

एक शहरी – (बहुत जोश में) धावा बोल दो। अंग्रेज़ों को मार भगाओ।

दूसरा शहरी – दुश्मन के छक्के छुड़ा दो।

तीसरा शहरी – हम अंग्रेज़ों से प्लासी का बदला लेकर छोड़ेंगे।

चौथा शहरी – हम इन फ़िरंगियों का नामो निशान मिटा देंगे।

(गली में शोर बुलन्द होता है, अल्ला हो अकबर.... हर हर महादेव के नारे सुनाई देते हैं। गुलशन हाथ में तलवार लिए हुए चन्द शहरियों के साथ दाख़िल होती है।)

गुलशन – (आगे बढ़कर और गर्ज कर) आओ चलो खुदा ने तुम्हें बहिश्त में बुलाया है।

(अल्ला हो अकबर...और हर हर महादेव के नारे फिर बुलन्द होते हैं। सब गुलशन और मौ॰ यूसुफ़ के पीछे पीछे बाहर जाते हैं। स्टेज पर अंधेरा सा हो जाता है।

(माधो सब तरफ़ देखता अन्दर आता है।)

माधो – (हाथ का इशारा करके) अन्दर आ जाओ गामी ख़ां! यहां कोई नहीं है।

(गामी ख़ां आता है)

माधो – मान गये यार तुम को भी!

गामी ख़ां – हाथ ला उस्ताद क्यूं कैसी कही।

माधो – जब फ़िरंगी मर रहे थे तो देसी सिपाहियों के साथ मिल गये और दिल्ली को खूब लूटा। अब फ़िरंगियों का पलड़ा भारी है तो उनके यारग़ार बन गये!

गामी ख़ां – मुर्दा दोज़ख़ में जाये या जन्नत में, हमें क्या मतलब? हमें तो अपने हल्वे माण्डे से काम।

माधो – कप्तान डगलस अगर ज़िन्दा होता तो तुम्हारी ख़ैर न थी।

गामी ख़ां – वो क्यों?

माधो – कप्तान डगलस के दोस्त होकर भी उसके काम न आये।

गामी ख़ां – मैं उसके काम क्या आता, वो तो ख़ुदी काम आ गया।

माधो – बख़्त ख़ां से डरते रहना, तुम्हारी गुद्दी नाप लेगा!

गामी ख़ां – बख़्त ख़ां नहीं यह कमबख़्त ख़ां है।

माधो – वाह प्यारे! वाह! क्या छांट कर नाम रक्खा है, कमबख़्त ख़ां। तो फिर मिर्ज़ा मुग़ल से मिल जाग्रो!

गामी ख़ां – मियां ग्रपने तो दोनों ही दोस्त हैं।

माधो – कभी इधर कभी उधर ख़ूब।

गामी ख़ां – मिर्ज़ा मुग़ल को बख़्त ख़ाँ एक ग्राँख नहीं भाता, मेरा ख़्याल है। दोनों की फ़ौजें ग्रापस में कट कट कर मर जायेंगी, इसलिये इस वक़्त फ़िरंगी को भेद बताना सबसे ग्रच्छी बात है।

माधो – पिता जी कहते हैं बख़्त ख़ां के सिपाही बन जाग्रो, वो बहादुर जनरैल हैं।

गामी ख़ां – घसखुदा है मियां घसखुदा!

माधो – ये क्या फ़रमाया ग्रापने?

गामी ख़ां – सर पर ग्रंगोछा, गले में क्रिच, पीछे से हाल खुला ये सिपहसालार का लिबास है या घसखुदे का।

माधो – मियां! तुम ठीक कहते हो। मरने दो इन सबको, हम क्यों ग्रपनी जान गवायें?

गामी ख़ां – जिसकी ग्राई है टल नहीं सकती?

माधो – लम्बी तान के सो जाग्रो प्यारे।

गामी ख़ां – यह सोने का वक़्त नहीं है सरकार! सोया सो खोया। इस वक़्त तो चौकन्ने रहना चाहिये। थोड़े दिन में देखना ग्रपने यहां दौलत बरसेगी।

माधो – हमारे घर भी हुन बरसेगा।

गामी ख़ां – ग्रल्लाह छप्पर फाड़ कर देता है, ग्रास लगाये बैठे हैं।

माधो – ये सब शहरी हमारे हथियार लेकर कहां गये हैं?

गामी ख़ां – मौ० यूसुफ़ ग्रौर गुलशन के साथ मिर्ज़ा मुग़ल की फौज में भरती होने।

माधो – पिता जी को पता चल गया तो यूसुफ़ मियां की ख़ैर नहीं!

गामी ख़ां – पता न चला तो हम किस काम ग्रायेंगे। खोपड़ी से खोपड़ी ईंट से ईंट बजा दूंगा।

माधो – गुलशन को देखो। हाथ में तलवार लिये कैसी खौफ़नाक मालूम होती थी।

गामी ख़ाँ – चींटी के पर निकल ग्राये हैं।

माधो – ग्राग्रो! चलो! मरने का तमाशा देखें।

(दोनों बाहर जाते हैं।)

## दूसरा सीन

(स्टेज पर उजाला हो जाता है, बहू जी ज़नानख़ाने से बाहर ग्राती है, दीवानख़ाने की तरफ़ जाती हैं। छोटी बड़ी बन्नो ज़नानख़ाने से बाहर ग्राती हैं।)

छोटी बन्नो – ग्रम्मा ग्राज बहुत परेशान है।

बड़ी बन्नो – पिता जी का कुछ पता नहीं चला, कहाँ हैं।

छोटी बन्नो – न जाने ग्रब क्या होगा?

(बहू जी दीवानख़ाने की तरफ़ ग्राकर पीढ़े पर बैठ जाती हैं।)

अम्मा घबराओ मत, सब ठीक हो जायेगा !

बड़ी बन्नो – अम्मा यहां बैठ जाओ, मसनद पर ।

बहू जी – अरी बेटी, कहां बैठूं, कहाँ न बैठूं, आज मेरा दिल बैठा जा रहा है ।

छोटी बन्नो – अम्मा घबराने से क्या फ़ायदा, आखिर में जीत हमारी होगी, हमारी फ़ौज फ़िरंगियों को जरूर मार भगायेंगी ।

बड़ी बन्नो – शायद ईरान का बादशाह आ जाये ।

छोटी बन्नो – और रूस की फ़ौजें भी ।

बहू जी – यह सब मनगढ़न्त हैं, दिल का बहलावा है । कोई आया न आयेगा, ज्योतिषियों की बात भी ग़लत हो गयी । दिल्ली के हज़ारों आदमी मारे गये ।

छोटी बन्नो – भगवान जाने कब आयेंगे, आज कितने ही दिन हो गये, घर से गये ।

(नत्थू घबराया हुआ आता है ।)

नत्थू – ग़ज़ब हो गया ! सितम हो गया ! फ़िरंगी जीत गए ! हमारी फ़ौजें हार गईं ।

बहूं जी – हैं ! क्या कह रहे हो नत्थू ? कौन हार गया, कौन जीत गया ?

नत्थू – फ़िरंगी कशमीरी दरवाज़े से शहर में दाखिल हो गये । हम हार गये ।

बहूं जी – हाय राम अब क्या होगा ।

(छोटी बड़ी बन्नो छत पर चली जाती हैं)

नत्थू – अंग्रेज़ी लश्कर शहर में घुस आया, अब यहाँ ठहरना ठीक नहीं ।

बहूं जी – मैं अपना घर छोड़कर कहीं नहीं जाऊंगी ।

नत्थू – यह क्या कह रही हैं आप ? घर छोड़ना ही पड़ेगा, दिल्ली वाले सब शहर छोड़कर जा रहे हैं । लाला जी और उनके सब बच्चे बहलियों में बैठ कर गांव चले गये ।

बहू जी – नहीं नहीं, नहीं, मैं नहीं जाऊंगी !

छोटी बन्नो – (ऊपर की मंज़िल से) अम्मा ! अम्मा ! वो देखो, वो देखो ! सब तरफ़ धुएं के बादल छाये हैं, मकान जल रहे हैं, शोले उठ रहे हैं ।

बहू जी – मैं उन्हें (मुन्शी जी) छोड़ कर नहीं जाऊंगी ।

नत्थू – इज़्ज़त आबरू का सवाल है, बहू जी आप मेरा कहना मान जायें, (छत की तरफ़ देख कर) ऐ बीबी ! ऐ बन्नो ! आ जाओ, नीचे उतर आओ !

(कन्हैया अन्दर आता है ।)

कन्हैया – अम्मा ! अम्मा ! भाग जाओ ! छुप जाओ, लोग पिता जी की तलाश में फिर रहे हैं । बहुत ग़ुस्से में हैं, उन्हें मारना चाहते हैं ।

बहू जी – हे मेरे भगवान् ! ये बैठे बैठाये क्या मुसीबत आई . . . कहां हैं ये ।

कन्हैया – तुम पिता जी का फ़िक्र मत करो, सबको लेकर भाग जाओ, बहलियाँ बाहर खड़ी हैं !

बहू जी – ऐ मेरी दुलहिन कहां है, बेचारी ने एक दिन भी सुख नहीं देखा, जब से आई हैं, मारपीट, धामक धैय्या हो रही है ।

(बहू जी ज़नानख़ाने में जाती हैं ।)

कन्हैया – ऐ बन्नो, नीचे उतर ग्राम्रो, हम जा रहे है, फ़ौरन ग्रा जाग्रो !

(छोटी बन्नो बड़ी बन्नो नीचे ग्राती हैं ।) जल्दी ग्रा जाग्रो, जल्दी !

छोटी बन्नो – (नीचे ग्राकर) हम कहां जा रहे है ?

कन्हैया – दिल्ली के बाहर एक गांव में . . . जाग्रो . . . जाग्रो. . . जाग्रो, चादरें ग्रोढ़ लो, ग्रौर ग्रा जाग्रो ?

(बहू जी, दुलहिन को लेकर ग्राती हैं।)

बहू जी – लो बेटी, ये लो, चादर ग्रोढ़ लो... चल बेटा कन्हैया ! चल हमारे साथ ! ग्ररे नत्थू, ज़रा घर का ख़्याल रखियो, ग्रौर माधो बेटे का भी ।

कन्हैया – ग्रम्मा ! चलो । चलो ! देर हो रही है । नत्थू मैं इन सबको दिल्ली दरवाज़े के बाहर तक पहुंचा कर ग्रभी ग्राया ।

नत्थू – नहीं, नहीं, ऐसा ना करना, तुम भी गांव चले जाग्रो . . .

(सब बाहर चले जाते हैं, नत्थू ज़नानखाने के दरवाज़े की कुन्डी लगाता है, चन्द शहरी गुल मचाते ग्रन्दर दाखिल होते हैं ।)

एक शहरी – पकड़ लो ।

दूसरा शहरी– लूट लो ।

तीसरा शहरी–ग्राग लगा दो

चौथा शहरी– मार दो !!

दूसरा शहरी– कहां हैं ये मुन्शी ? (नत्थू से) क्यों रे कहां है तेरा मालिक ?

नत्थू – ज़बान संभाल कर बात करो, बेग्रदबी से न बोलो !

ती० शहरी – ग्रदब ग्रादाब सिखाता है, क्यों ? (नत्थू को धक्का देकर) बता कहां है वो मुन्शी का बच्चा ?

(नत्थू ख़ामोश रहता है ! )

ग्रच्छा, नहीं बतायेगा, मुश्कें कस लो इसकी ग्रौर ले चलो फांसी के तख़्ते पर।

एक शहरी – दीवानख़ाने में ना छिपा हो ।

दूसरा – (गुस्से से) हम इस मुन्शी से पहलवान का बदला लेकर छोड़ेंगे । पहलवान को फांसी पर लटकाने वाला ये मुन्शी ही है । इसी के इशारे पर गामी ख़ां ने पहलवान का घर जला डाला, इसके बच्चों को मार डाला ।

तीसरा – पहलवान को जासूस कहने वाला ये शैतान है ।

एक – पहलवान ने वतन की ख़ातिर जान की बाज़ी लगाई । मुश्किल से मुश्किल काम को पूरा किया । ग्रंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ हर मोर्चे पर लड़ा लेकिन . . .

तीसरा – मुन्शी ग़द्दार है, मुल्क ग्रौर क़ौम का दुश्मन, इसे मार डालो पकड़ लो, जाने न पाये ।

(एक शहरी ड्योढ़ी की तरफ़ ग्रौर बाकी दीवानख़ाने ग्रौर ज़नानख़ाने में जाते हैं)

दूसरा शहरी– हैं ! मकान ख़ाली है, सब भाग गये ।

चौथा शहरी– सारा शहर छान डालो ।

ती० शहरी– देखो मुन्शी जी के जितने साथी हैं, उनमें से एक भी बच कर न जाने पाये ।

(ड्योढ़ी पर खड़ा शहरी, बाहर नाली में झांकता है और फिर तेजी से अन्दर आता है ।)

एक शहरी – कोई इधर आ रहा है ।

दूसरा शहरी– कौन है वो ?

ती० शहरी – मुन्शी है क्या ?

एक शहरी – मुन्शी नहीं । मौलवी । लम्बी दाढ़ी वाला मौलवी ।

दूसरा शहरी– ये मौलवी भी मुन्शी के साथ था ।

ती० शहरी – दीवान खाने में चले जाओ, और नत्थू को भी अन्दर बन्द कर दो ।

(शहरी नत्थू को घसीटते हुये दीवानखाने की कोठरी में ले जाते हैं, मोहम्मद यूसुफ़ और मौलवी साहब आते हैं ।)

मौ० यूसफ़– (दबे पांव अन्दर आकर इधर-उधर देखकर) यहां तो कोई नहीं है । मालूम होता है सब भाग गये ! (ज़नानखाने में झांक कर) सब तरफ़ सुन सान है ।

मौलवी साहब–अच्छा किया, घर छोड़ दिया, औरतों और बच्चों का यहां ठहरना ठीक न था ।

मौ० यूसफ़– शहर में ख़ून की नदियां बह रही हैं, तमाम रास्ते लाशों से पटे पड़े हैं, और एक क़यामत बरपा है ।

मौलवी साहब–यह सब आपस की नाइत्तफ़ाक़ी का नतीज़ा है, अंग्रेज़ ठीक कहता है, फूट हिन्दुस्तान का मेवा है ।

मौ० यूसफ़– हमने अपने पांव पर कुल्हाड़ी मार ली, दिल्ली बरबाद हो गयी, क़िला खाली हो गया, हज़ूर ज़िल्लेसुभानी अपने ख़ान्दान के शहज़ादों और शहज़ादियों समेत हुमायूं के मक़बरे रवाना हो गये । मुग़लों का नाम मिट गया, अंग्रेजों ने अपना झंडा गाढ़ दिया ।

(घर के अन्दर छिपे शहरी शोर मचाते बाहर निकल आते हैं ।)

एक शहरी – पकड़ लो, यही है वो मौलवी । जाने न पाय !

मौ० युसफ़– ख़बरदार ! जो किसी ने मौलवी साहब पर हाथ उठाया ।

ती० शहरी– तू कौन होता है, मौलवी साहब का ?

दूसरा शहरी– इसे भी गिरफ़्तार कर लो और मुश्के कस लो ?

चौथा शहरी– और ले चलो फांसी के तख़्ते पर !

दूसरा शहरी– बताओ, मीर और मुन्शी कहाँ हैं ?

एक शहरी – कहां छिपे हैं ?

मौलवी साहब–तुम पागल हो गये हो !

दूसरा शहरी– गाली देता है, अच्छा ठहर ।

चौथा शहरी– देखते क्या हो, बांध लो इसको भी और ले चलो चांदनी चौक !

(दो शहरी मौलवी साहब को बांधने के लिये आगे आते हैं, मौ० यूसुफ़ उनको परे धकेलता है ।)

बोलो यूसुफ़ तुम क्या चाहते हो ? जान की ख़ैर या फांसी का तख़्ता ।

मौ० यूसफ़ – तुम फ़िरंगियों के कुत्ते हो ! मुल्क और कौम के दुश्मन ।

चौथा शहरी – इसके मुंह में कपड़ा ठूस दो । ज़बान दराज़ी करता है ।

एक शहरी – बस अब देर न करो, ले चलो इन्हें, इनका इलाज फांसी के सिवाय और कुछ नहीं !

मौलवी साहब – यूसुफ़ बेटा ! घबराना नहीं, ख़ुदा तुम्हें जजाय खैर देगा, हम शहीदों की मौत मरेंगे ।

(शहरी, मौ० यूसुफ़ और मौलवी साहब को गिरफ़्तार करके ले जाते हैं । नत्थू दीवान खाने से बाहर आता है । हाथों में बन्धी रस्सी खोलना चाहता है, मीर साहब बदहवासी के आलम में दाखिल होते हैं, कन्हैया साथ है, बिल्कुल सहमा हुआ है, बारबार मीर साहब से चिपट जाता है ।)

मीर साहब – बेटा कन्हैया ! तुम ठहरो मैं जाता हूं । तुम्हारा मेरे पास रहना ठीक नहीं । (नत्थू को देख कर) हैं ! ये क्या ! ये तो नत्थू है । (नत्थू के पास जाकर) तुम्हें किसने बांधा?

(मीर साहब नत्थू के हाथों की रस्सीयां खोलते हैं)

नत्थू – बेटा कन्हैया ! तुम माने नहीं ! भाग आये ! मीर साहब आप यहां से फ़ौरन चले जाइये और कन्हैया को ले जाइये ! गामी खां सबको फांसी दिलवा रहा है । अभी अभी सब मौलवी साहब और यूसुफ़ मियां को भी पकड़ कर ले गये ।

मीर साहब – क्या कहा ! मौलवी साहब और यूसुफ़ मियां पकड़े गये ?

नत्थू – ये जासूस और मुखबिर किसी को नहीं छोड़ेंगे, ये सबको चुन चुन कर मरवा डालेंगे ।

कन्हैया – ( रो रोकर ) नत्थू बाबा ! पिता जी कहा हैं ।

नत्थू – मीर साहब ! आप भाग जाइये, नहीं तो ये आपको मार डालेंगे ।

मीर साहब – अब मैं ज़िन्दा रह कर क्या करूंगा, जब सब साथी फांसी पा गये ।

नत्थू – परमात्मा के लिये ऐसा ना कहिये । आप छुप जाइये, ये आपकी तलाश में हैं आपको ज़िन्दा न छोड़ेंगे ।

मीर साहब – तुम क्या डरते हो नत्थू ! मैं मरने से नहीं डरता ! मैं मरना चाहता हूं लेकिन जानते हो किसके हाथों से ?

नत्थू – किसके हाथों से सरकार–?

मीर साहब – माधो के ! अपने बेटे माधो के हाथों से ! वो जिसे इन हाथों ने पाला और बड़ा किया, गोदियों में खिलाया, आज मेरे खून का प्यासा है मेरी जान का लेवा है ।

कन्हैया – माधो भैय्या आपको मारना चाहते हैं मीर साहब ! नहीं, नहीं, नहीं मैं उन्हें ऐसा नहीं करने दूंगा ।

मीर साहब – गली गली कूचे कूचे में मुझे ढूंढ रहा है, वो मेरी तलाश में है, मैं उसे परेशान नहीं करूंगा, मैं खुद ही उसके मकान पर आ गया, वो मुझे शौक़ से मार सकता है ।

नत्थू – नहीं हज़ूर ! ऐसा ना कहिये, माधो आपको नहीं मार सकता, वो आप पर कैसे हाथ उठा सकता है ।

(बाहर गली में शोर होता है, माधो दाख़िल होता है, हाथ में तलवार है, कन्हैया अंदर भाग जाता है)

माधो – (ख़ौफ़नाक हंसी हंसते हुए) हा, हा, हा !! जी हाँ ! मीर साहब किबला को कौन मार सकता है ? इन पर कौन हाथ उठा सकता है ?

नत्थू – कौन ! माधो बेटा ? तुम आ गये– ?

माधो – ओ बूढ़े ! तू मत बोल ! ख़बरदार जो बीच में दख़ल दिया ।

(नत्थू, माधो के क़रीब जाता है, माधो नत्थू को धक्का दे देता है ।)

मीर साहब – वाह ! क्या बात है । माधो । वाह ! वाह ! वाह !

माधो – दाद दे रहे हैं हज़ूर– ?

नत्थू – माधो बेटा तुमने शराब पी रक्खी है, तुम अन्धे हो गये हो, तुम्हें कुछ नहीं दिखाई देता । देखो, मैं . . . मैं नत्थू, तुम्हारा . . . (नत्थू उठने की कोशिश करता है मगर माधो फिर ढकेल देता है)

माधो – आइये बन्दा नवाज़ तशरीफ़ ले चलिये, फांसी का तख़्ता आपका मुंतज़िर है ?

नत्थू – बेटा माधो ! मीर साहब को भूल गये क्या ?

माधो – हम क्या जाने ये कौन है ?

(गामी खाँ अन्दर आता है ।)

गामी खाँ – हम तो सिर्फ़ नावें को पहिचानते हैं, खोलो अन्टी !

नत्थू – भाई गामी ख़ाँ ! मैं हाथ जोड़ता हूं, मीर साहब को छोड़ दो ।

मीर साहब – न नत्थू ! घबराने की कोई बात नहीं, इनके जी में जो आये कर लेने दो ।

गामी खाँ – अच्छा नत्थू ! तुम्हारी सिफ़ारिश मंजूर बोलो मीर साहब से क्या दिलवाते हो ?

नत्थू – शर्म नहीं आती रिश्वत माँगते ? बुरा बोल बोलते ।

गामी खाँ – अच्छा भई नहीं मानते तो ना सही फिर तो हम मजबूर हैं ?

(नत्थू उठ कर गामी ख़ां के क़रीब जाता है, उसके पैरों से लिपट जाता है, माधो उसे परे धकेलता है । नत्थू गामी ख़ाँ की टाँगे मजबूती से पकड़ लेता है, गामी ख़ाँ उसके बाज़ू में खंजर घोप देता है, नत्थू जख़्मी हो जाता है, गामी ख़ाँ और माधो ज़ोर ज़ोर से हंसते हुए, मीर साहब को धकेलते हुए बाहर ले जाते हैं ।

स्टेज पर अधेरा हो जाता है, नत्थू कराहता रहता है, मुन्शी जी लड़खड़ाते दाख़िल होते हैं, पैर में जूती नहीं कुरता फटा है, मैला पाजामा है, ख़ून के धब्बे कपड़ों पर लगे हैं, बाल बिखरे हैं हाथ में तलवार है)

मुन्शी जी – (ड्योढ़ी से) नत्थू ।

नत्थू – आह ! आह ! आह !!! हाय ! हाय !

(मुन्शी जी नत्थू के क़रीब आते हैं)

मुन्शी जी – हैं ! ये क्या ? तुम्हें किसने जख़्मी किया ?

नत्थू – हाय ! हाय ! . . . मुन्शी . . . जी सा . . . हब . . . !

मुन्शी जी – (नत्थू के पास बैठ कर) नत्थू, बोल–बोलो– क्या कहना चाहते हो—?

(कन्हैया ज़नानख़ाने से दौड़ कर बाहर आता है)

कन्हैया – (मुन्शी जी से चिपट कर) पिता जी–! पिता जी—आप आ गये—ये क्या ? आप तो ख़ून में नहा रहे हैं। (रोकर) पिता जी ......पिता जी ! माधो भैय्या, मीर साहब को पकड़ कर ले गये, वो उन्हें फाँसी दे देंगे, वो उन्हें मार डालेंगे . . . चलिये . . . चलिये . . . पिता जी ! मीर साहब को बचा लीजिये . . . मीर साहब को बचा लीजिये–पिता जी–?

(कन्हैया बेअख़्तियार रोने लगता है)

मुन्शी जी – ना रो मेरे बेटे ना रो—तुम यहाँ ठहरो मैं जाता हूं।

कन्हैया – मैं भी आपके साथ चलूंगा।

नत्थू – (मुन्शी जी को जाते देख कर) नहीं, नहीं, नहीं आप...ना... जाइये...वो... आप . . . को मार डालेंगे।

(मुन्शी जी, नत्थू का हाथ थाम लेते हैं, कुछ देर उसकी तरफ़ देखते हैं और फ़िर उठ कर चलने लगते हैं, गुलशन दाख़िल होती है, बाल खुले हैं भयानक शक्ल है हाथ में ख़ंजर है)

गुलशन – आज मैं किसी का ख़ून पीऊंगी ! आज मैं किसी को ज़िन्दा नहीं छोड़ूंगी।

(कन्हैया डर के मारे मुन्शी जी से फिर चिपट जाता है) उन्होंने मुझे समझा क्या है, मैं अब किसी की बात न मानूंगी। गामी ख़ां ग़द्दार वतन का दुश्मन···

मुन्शी जी – गुलशन।

(गुलशन आहिस्ता आहिस्ता मुन्शी जी की तर बढ़ती है) मैं अपने शेख़ू का बदला ले कर रहूंगी . . . शेख़ू, बेटा शेख़ू...(गुलशन, मुन्शी जी के क़रीब पहुंच कर ख़ंजर उठाती है और फिर फूट फूट कर रोने लगती है) मुन्शी जी साहब—! मैं मर गई ! बरबाद हो गयी !! तबाह हो गयी !!! मेरा घर खोद डाला . . . मेरे बच्चे को छीन कर ले गये . . . उन्होंने मेरे बच्चे को मार डाला . . .शेख़ू. . . मेरा चांद.. मेरा लाडला !! (गुलशन की हिचकिय. बंध जाती हैं) हाय ! हाय !! मुन्शी जी साहब–! दिल्ली मिट गयी दिल्ली बरबाद हो गयी . . . मर गयी दिल्ली . . .।

मुन्शी जी – (गुलशन के अलफ़ाज़ दोहरा कर) दिल्ली मिट गयी . . . दिल्ली बरबाद हो गयी . . . मर गई दिल्ली . . . नहीं . . . नहीं... नहीं . . . ऐसा हरगिज़ नहीं हो सकता। (स्टेज पर हल्की सी रोशनी हो जाती है) दिल्ली नहीं मर सकती . . . दिल्ली नहीं मर सकती . . . दिल्ली कभी नहीं मर सकती . . . वो देखो . . . वो देखो . . उजाला हो रहा है . . . शहीदों के ख़ून से धरती लाल हो रही है . . . इस मिट्टी में आज़ादी का बीज उगेगा . . . दिल्ली ज़िन्दा रहेगी . . . दिल्ली हमेशा हमेशा ज़िन्दा रहेगी . . .

(मुन्शी जी निढाल हो जाते है)

हिन्दुस्तान आज़ाद होगा . . .

(मुन्शी जी दम तोड़ देते हैं) (गुलशन कन्हैया को सीने से लगा लेती है।)

पर्दा गिरता है